सुप्रभात
रांची, बुधवार
07.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 290



12 पहला मानवरहित गगनयान मिशन इस साल के अंत तक भरेगा उड़ान

## प्रहार की तैयारी : मोदी-डोभाल ने की बैठक, गृह सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा

# झारखंड समेत देशभर में आज वार मॉक ड्रिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ युद्ध की आहट सुनायी दे रही है। दोनों देशों के बीच संभावित युद्ध को देखते हुए बुधवार को झारखंड समेत देशभर के 244 जिलों में वार मॉक ड्रिल की जानी है। इसकी तैयारी कर ली गयी है। इससे पूर्व 1971 में इस तरह की मॉक ड्रिल करायी गयी थी। जानकारी के अनुसार मॉक ड्रिल के लिए चिन्हित जिलों में ब्लैकआउट रहेगा। सभी घरों, ऑफिसों और सार्वजनिक स्थानों की बत्तियां बुझा दी जायेंगी। तेज आवाज में सायरन बजाया जायेगा। मॉक ड्रिल के तहत नागरिकों को हवाई हमले से बचने की ट्रेनिंग दी जायेगी। मॉक ड्रिल की तैयारियों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने पीएम आवास जा कर अकेले ही करीब 40 मिनट तक बातचीत की।

### क्या-क्या होगा

- चिन्हित जिलों में ब्लैकआउट रहेगा
- तेज आवाज में सायरन बजाया जायेगा
- हवाई हमले से बचने की ट्रेनिंग दी जायेगी

**रांची, बोकारो, गोमिया, जमशेदपुर, साहिबगंज और गोड्डा में माक ड्रिल :** झारखंड की राजधानी रांची, बोकारो, गोमिया, जमशेदपुर, साहिबगंज और गोड्डा समेत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साथ-साथ लखनऊ, श्रीनगर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, पटना और जबलपुर समेत देश के 244 नागरिक सुरक्षा जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को होनेवाले वार मॉक ड्रिल को लेकर दिल्ली समेत तमाम शहरों में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। (शेष पेज 11 पर)



### सीमा पर आज बड़ा युद्धाभ्यास, नोटम जारी

## पाक सीमा पर दो दिन गरजेंगे राफेल, मिराज और सुखोई



**नयी दिल्ली।** पहलगाम हादसे के बाद पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच भारत ने एक और बड़ा कदम उठाया है। भारत ने पाकिस्तान सीमा पर युद्धाभ्यास के लिए नोटम (NOTAM) यानि नोटिस टू एयर मिशन सिस्टम जारी किया है। देशभर के 244 जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल होने जा रही है। इस नोटम को इससे जोड़कर ही देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार भारत-पाकिस्तान सीमा के दक्षिणी भाग पर 7 और 8 मई को होने वाले बड़े पैमाने के हवाई अभ्यास होगा। वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय वायुसेना कल 7 मई से भारत-पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में अभ्यास करेगी जिसमें राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अग्रणी विमान भाग लेंगे। यह अभ्यास 7 मई को रात 9:30 बजे शुरू होगा और 8 मई को सुबह 3:00 बजे तक जारी रहेगा। (शेष पेज 11 पर)

## पहलगाम में सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी ले मोदी सरकार : खड़गे

# सरनाधर्म कोड की खातिर संघर्ष करना होगा

- संविधान बचाओ रैली में बोले खड़गे
- हमले की खुफिया रिपोर्ट पर पीएम ने दौरा रद्द किया
- आतंकवाद से लड़ाई में कांग्रेस का सरकार का पूरा साथ



### सरना धर्मकोड के लिए लड़ें

अपने करीब 40 मिनट के संबोधन में कांग्रेस अध्यक्ष ने सरना धर्मकोड, जाति जनगणना से लेकर एचईसी की माली हालत पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आने वाली जनगणना में कांग्रेस के लोग सरना धर्म कोड के लिए लड़ेंगे। सरना कोड के लिए सीएम हेमंत सोरेन से भी कहूंगा। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि जनगणना में सरना धर्मकोड को शामिल करने के लिए संघर्ष करना होगा। एचईसी की माली हालत के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी की पॉलिसी है, पब्लिक सेक्टर को बंद करो और एससी, एसटी और ओबीसी के पेट पर लात मारो। जहां दो-दो साल से पैसा नहीं मिलेगा, एचइसी के कर्मचारी कैसे काम करेंगे, जब वेतन ही सालों से नहीं मिले। आज सरकारी नौकरी बंद हो गयी है। आंकड़े पेपर में दिखाने से नहीं होता। पब्लिक सेक्टर बंद हो गया है। मोदी की कार्यशैली यही है। 30 लाख वेकेंसी सरकार में है, लेकिन वे लोगों को भूखे मारना चाहते हैं।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संविधान बचाओ रैली के जरिये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। पहलगाम आतंकी हमले में हुई सुरक्षा चूक का बड़ा आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया और केंद्र सरकार से इसकी जिम्मदारी लेने की बात की। सरना धर्मकोड से लेकर एचइसी की माली हालत पर चर्चा करने से नहीं चूके। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे मंगलवार को रांची के पुराने विधानसभा मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली में बोल रहे थे। खड़गे ने कहा कि संविधान को बचाने का काम करना है। अगर इस काम में इंटरेस्ट नहीं लेंगे तो फिर से गुलाम बन जायेंगे। भाजपा गरीबों को कुचलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ रैली 40 दिन तक चलेगा। जिला, प्रखंड और बूथ लेवल पर काम करना होगा। सभा को कांग्रेस की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, झारखंड के प्रदेश प्रभारी के राजू, नेता प्रतिपक्ष प्रदीप यादव और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भी संबोधित किया।

**मंईयां योजना की तारीफ की :** श्री खड़गे ने मंईयां योजना की तारीफ करते हुए कहा कि इस योजना से सभी महिलाएं खुश हैं। कांग्रेस और जेएमएम की सरकार मिलकर काम कर रही है। 56 सीट लाकर मजबूत सरकार झारखंड में है। (शेष पेज 11 पर)

## पहले सरना धर्म कोड तभी जाति जनगणना : झामुमो

**रांची।** झामुमो ने कहा है कि सरना धर्म कोड लागू हुए बिना जातिगत जनगणना नहीं होने देंगे। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों को पत्र लिखा है। झारखंड सरकार द्वारा सरना धर्म कोड/आदिवासी धर्म कोड विधेयक को झारखंड विधानसभा से पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केन्द्र के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया था, परन्तु आज लगभग पांच साल बाद भी उक्त विधेयक पर केन्द्र सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया।

**9 को धरना-प्रदर्शन**

यह आदिवासी समुदाय के प्रति भाजपा की मानसिकता को उजागर करती है। सरना धर्म कोड लागू किये बिना झामुमो झारखंड में जातिगत जनगणना नहीं होने देगी। पार्टी ने यह भी फैसला लिया है कि इस मुद्दे पर 09 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

### न्यूज डायरी

#### अनगड़ा में जंगली हाथी ने एक महिला को मार डाला

**रांची।** अनगड़ा इलाके में झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी तबाही मचा रहा है। हाथी झुंड से बिछड़ कर मतवाला हाथी मंगलवार की सुबह जंगल से निकलकर गेतलसूद डैम पार कर गया और रिहायशी इलाके में प्रवेश कर गया। इस दौरान हाथी ने एक महिला को कुचलकर मार डाला। मृत महिला की पहचान अनगड़ा के लालगढ़ निवासी कुंती देवी (65) के रूप में की गयी।

#### सीएनटी भूमि वापसी के लिए नयी पहल

**रांची।** राज्य सरकार ने सीएनटी के तहत अनुसूचित जनजाति की भूमि वापसी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरूआ को पीठासीन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो सीएनटी से आच्छादित भूमि वापसी के मामलों की सुनवाई और निष्पादन करेंगे।

#### कंदीर एसकेएमयू और सीबी शर्मा विभावि के वीसी

**रांची।** झारखंड के विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति की गई है। इसका आदेश राज्यपाल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने मंगलवार को जारी कर दी है। कुलाधिपति ने कुनुल कंदीर को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका का कुलपति नियुक्त किया है। इसी तरह चंद्र भूषण शर्मा को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग का कुलपति नियुक्त किया है।

#### बोकारो में कारोबारी के घर ईडी की छापेमारी

**रांची।** ईडी ने मंगलवार को बोकारो में दो जगहों पर धापेमारी की। यह कार्रवाई जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर की गई है। ईडी की टीम बोकारो के चास स्थित राणा प्रताप नगर में महेश नागिया के घर पर पहुंची और छापेमारी की। वहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये। महेश के तेतुलिया मौजा के जमीन फजीर्वाड़ा में शामिल अजहर और अख्तर हुसैन से संबंधों के कारण ईडी ने महेश के यहां दबिश दी है।

### कार्टून कोना




## राज्यपाल से भेंट कर सीएम ने दी निवेश प्रयासों की जानकारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाल ही के विदेश भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए किये गये प्रयासों के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी। सीएम की धर्मपत्नी और विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। सीएम ने राज्यपाल से मुलाकात की और अपने विचार साझा किये।

**खड़गे से भी मिले हेमंत :** सीएम हेमंत सोरेन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की। विधायक कल्पना सोरेन भी उनके साथ थीं। सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

## हार्न बजाया नहीं हटा तो किशोरी ने बधिर युवक का गला रेता

**रायपुर।** बार-बार हॉर्न बजाने के बाद भी जब सड़क से एक सायकिल सवार युवक नहीं हटा, तो स्कूटी सवार युवती ने आपा खो दिया। किशोरी ने बीच सड़क पर दिनदहाड़े चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या कर दी। बाद में पता चला कि बाद में पता चला कि सुदामा दलेर नामक युवक जिस युवक की हत्या की गयी, वह बहरा था और उसे कुछ सुनायी नहीं पड़ता था। घटना को अंजाम देने के बाद किशोरी वहां से स्कूटी लेकर फरार हो गयी। यह दिल दहलादेने वाली घटना छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की है।

# आइएसआइ ने संभाली पाक-सेना की कमान

### भारत का खौफ : पीएम, रक्षा मंत्री, सेनाध्यक्ष को बुलाया दफ्तर, पूछताछ

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा लिए गए ताबड़तोड़ एक्शन के बाद पाकिस्तान में इन दिनों हड़कंप मचा हुआ है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री सहित कई बड़े अधिकारी यह दावा कर चुके हैं कि भारत कभी भी पाकिस्तान पर सैन्य हमला कर सकता है। इससे पाकिस्तानी खेमे में खौफ का माहौल है। जंग के हालातों को देखते हुए अब पाक और सेना की कमान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आइएसआइ) संभाल ली है। मंगलवार को आइएसआइ ने पीएम शहबाज शरीफ , डिप्टी पीएम इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर, के साथ साथ दानों सेनाद्यक्षों को अपने दफ्तर बुलाकर तैयारियों का जायजा लिया है। डॉन न्यूज के हवाले से बताया गया है कि शहबाज शरीफ आइएसआइ मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्हें भारत से आगामी खतरे को देखते हुए देश की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गयी।



**भारत का तेवर सख्त :** गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद से भारत ने सीमा पार आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिये हैं। वहीं पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हमले में शामिल आतंकियों और उन्हें शह देने वाले पाकिस्तान को माकूल जवाब देने की बात भी कही है। इससे पाकिस्तानी खेमे का गला सूखा हुआ है। जहां पाक के प्रधानमंत्री दुनिया भर के देशों के आगे गिड़गिड़ाने में लगे हैं, पर उन्हें कहीं से मदद का भरोसा नहीं मिला।

**पाकिस्तान की हालत पतली :** इस मुलाकात के दौरान पाकिस्तान की पुरानी ड्रामेबाजी भी जारी रही। पाक पीएमओ ने एक बयान जारी कर भारत के रुख को आक्रामक बता दिया। (शेष पेज 11 पर)



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले- संविधान बचाओ के नाम पर कांग्रेस पूरे देश में फैला रही भ्रम

# अलजजीरा पढ़ना छोड़ दें कांग्रेस नेता

■ मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान सेना और सुरक्षाबलों का मनोबल गिराने वाला



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आखिरकार संविधान बचाओ की आड़ में कांग्रेस वास्तव में दिग्भ्रमित करना क्या चाहती है। इस मौकापरस्त पार्टी को देश में हुये आतंकी हमले का भी राजनीतिक लाभ उठाना है। सर्वदलीय बैठक के बाद इनके नेता सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि वे केंद्र सरकार के हर फैसले में साथ हैं। उन्होंने कहा कि पीठ पीछे संविधान बचाओ रैली कर पूरे देश में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा जिस समय पूरे देश को एकजुट रहने की जरूरत है। उस समय कांग्रेस झूठ और अफवाह फैलाकर देश के भीतर दरार पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को रांची में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर अनर्गल और आधारहीन आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को तीन दिन पहले से हमले की जानकारी थी, और उन्हें इंटेलिजेंस रिपोर्ट पहले ही मिल गई थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऐसे समय में जब पूरी दुनिया व्यथित है। तब खड़गे जी का गैर जिम्मेदाराना बयान सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल तोड़ने वाला कहा जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अलजजीरा पढ़ना छोड़ दें।

### मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में दिये गये बयान पर भाजपा ने किया हमला, प्रतुल शाहदेव ने कहा

## कांग्रेस का संविधान बचाओ सभा सुपर फ्लॉप रहा

26/11 का मुंबई हमला और इंदिरा गांधी की हत्या देश का सबसे बड़ा इंटेलिजेंस फेलियर



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस का संविधान बचाओ सभा सुपर फ्लॉप रही। श्री शाहदेव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे ने खड़ग भी निकाला तो देश के खिलाफ। लोगों को उम्मीद थी कि पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देंगे, लेकिन, वह तो देश के इंटेलिजेंस एजेंसी और प्रधानमंत्री की मंशा पर ही प्रश्न कर गये। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीयता की राजनीति करती है। इसीलिये, हमने कभी भी इंटेलिजेंस के फेलियर पर प्रश्न नहीं उठाया है। 26/11 का मुंबई हमले और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके आवास में उनके बॉडीगार्ड द्वारा हत्या देश के दो सबसे बड़े इंटेलिजेंस फेलियर हैं, लेकिन भाजपा ने उस समय देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुये प्रश्न नहीं उठाया था। बल्कि भाजपा पूरे तरीके से सरकार के साथ खड़ी रही। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी पुस्तक ए प्रॉमिसड लैंड में यह स्पष्ट लिखा था कि जब उनकी प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से मुलाकात हुई तो उन्होंने बताया कि 26/11 के मुंबई हमलों के बाद इसलिये पाकिस्तान पर हमला नहीं किया कि इससे भाजपा को मुस्लिम विरोधी माहौल के कारण फायदा मिलता।

उन्होंने कहा कि संविधान के हत्या का सबसे बड़ा प्रयास इमरजेंसी के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलगाम आतंकी हमले के बाद रॉबर्ट वाड्रा, कांग्रेस नेता अजय राय, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धमरैया, महाराष्ट्र के एमएलए विजय, इमरान मसूद, सैफुद्दीन सोज के देश विरोधी बयानों के लिये खेद प्रकट करेंगे। लेकिन, उन्होंने ऐसा भी नहीं किया।

उन्होंने कहा कि देश में 1872 से 1931 तक जो जनगणना हुई उसमें जाति का कॉलम भी हुआ करता था। 1951 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस जाति के कॉलम को जनगणना से समाप्त कर दिया। 1980 से 1990 तक कांग्रेस की दो पूर्ण बहुमत की सरकारों ने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने वाले मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबा कर रखा। जब विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने इस रिपोर्ट को पेश किया तो तत्कालीन प्रतिपक्ष के नेता स्वर्गीय राजीव गांधी ने लोकसभा में मंडल कमीशन का प्वाइंट दर पॉइंट विरोध करते हुये इस देश को तोड़ने वाला कानून बताया था। इस अवसर पर तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विवि का गठन, मुख्यमंत्री होंगे चांसलर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वद्यालय अधिनियम 2023 को लागू कर दिया गया है। विधानसभा से इसे पारित कराते हुए राज्यपाल की मंजूरी भी ली गयी है। विधि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इस विशविद्यालय के कुलाधिपति राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। कुलाधिपति जब उपस्थित होगे तो दीक्षांत समारोह, शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्हें यह अधिकार होगा कि विवि के कार्यालयों, कॉलेजों इत्यादि पर अपना निर्देश दे सकें। इसके अलावा भी कई अधिकार होंगे। इसमें कुलपति, रजिस्टार, डीन, परीक्षा नियंत्रक, डीन छात्र क्लयाण, संपदा अधिकारी एफओ सहित कई पद सृजित किए जायेंगे। यूनिवर्सिटीलिंग, वर्ग या पंथ का ध्यान न रखते हुए सभी व्यक्तियों के लिए खुला रहेगा। अधिनियम में यूनिवर्सिटी के अधिकार, प्रशासनिक नियंत्रण, पठन-पाठन, टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टॉफ के बारे में विस्तृत व्याख्या की गयी है।

विज्ञान विवि मुख्य रूप से ज्ञान के विकास तथा प्रचार-प्रसार के लिए व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा देने, उत्क्रमित करने, प्रशिक्षण एवं शोध को विकसित एवं समुन्त करने के लिए प्रावधान करना, पद सृजन सहित, कार्रवाई का भी अधिकार दिया गया है। इसके अलावा आधुनिक विषय और समाज की बदलती आवश्यकताओं की अनुक्रिया में स्वास्थ्य विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में पेशेवर शिक्षा विकसित करना। शिक्षण अनुसंधान और विस्तार को पेशेवर करना, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कराने सहित अन्य कार्य हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विज्ञान के सभी संकायों जिनमें आधुनिक चिकित्सा प्रणाली, दंत चिकित्सा उपचर्याख औषधी विभिन्न आयुवैर्दिक विधाएं, चिकित्सा प्रयोगशाल, यूनानी, हौम्योपैथी चिकित्सा में प्रबंधन, एकरूपता लाने सहित अन्य कार्य किए जायेंगे। इन सारे कॉलेज को इसी विवि के अधीन किया जायेगा। इनमें बेहतर मानव संसाधन, स्वास्थ्य संरचना विकसित करना ळभी मुख्य कार्य होगा। इस विवि का मुख्यालय राज्य सरकार निर्धारित करेगी।

### खबर एक नजर में

## सरयू राय ने राज्यपाल से जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमिटी पर की चर्चा



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को विधायक सरयू राय ने मुलाकात की। इस अवसर पर सरयू राय ने राज्यपाल का ध्यान जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमिटी को जमशेदपुर इंडस्ट्रियल एरिया कमेटी में परिवर्तित करने के निर्णय की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि उक्त निर्णय अत्यंत जल्दबाजी में लिया गया प्रतीत होता है। इसमें तकनीकी एवं वैधानिक पहलुओं की उपेक्षा की गई है। उन्होंने राज्यपाल से इस मुद्दे पर विचार करने का अनुरोध किया।

## राज्यपाल से मिले खड़िया महाडोकलो समाज के प्रतिनिधि, सौंपा ज्ञापन

**रांची।** अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो समाज, सिमडेगा के एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज भवन में भेंट की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्ष 2011 में सिमडेगा जिले में तत्कालीन उप विकास आयुक्त द्वारा भाषा के आधार पर खड़िया समाज का त्रुटिपूर्ण सर्वेक्षण किए जाने के मामले की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

**टीएसी में प्रतिनिधित्व की मांग :** शिष्टमंडल ने राज्यपाल से टीएसी में खड़िया महाडोकलो समाज को यथोचित प्रतिनिधित्व प्रदान किए जाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने शिष्टमंडल की बात सुनी और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी दोषी करार

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के न्यायिक दंडाधिकारी परिधि शर्मा की अदालत ने चेक बाउंस मामले की सुनवाई करते हुए कांके के पतरा टोली निवासी अभियुक्त जैनुल आबेदीन को दोषी करार कर एक साल की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 8.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। उस पर अपने दोस्त कोतवाली थाना क्षेत्र के लाइन टैंक रोड निवासी नैयर हुसैन से 6.50 लाख रुपए का ऋण लेने और नहीं उसका भुगतान नहीं करने का आरोप था। अभियुक्त ने अपनी पत्नी के इलाज के लिए नवंबर 2021 में ऋण लिया था। इसके बदले में चेक सौंपा था। जो बाउंस कर गया।

## जेपीएससी-2 के आरोपियों की बेल पर सुनवाई

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड आरोपी प्रकाश कुमार, हरि शंकर सिंह मुंडा, मौसमी नागेश, शौलेश कुमार श्रीवास्तव, हरिशंकर बड़ाईक और कानु राम नाग की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सीबीआई की विशेष अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान किया गया। साथ ही, अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 19 मई निर्धारित की है। आरोपियों ने जमानत की गुहार लगाते हुये पिछले महीने याचिका दाखिल की है।

## सीबीआई कोर्ट से आरोपी को नहीं मिली बेल

**रांची।** सीबीआई की विशेष अदालत ने रिश्वत मामले में गिरफ्तार इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के गैरिसन इंजीनियर साहिल रातुसरिया को जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 30 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई की एसीबी शाखा ने 19 मार्च को 40 हजार 500 रुपये घूस लेते इंजीनियर को रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। आर्मी के आधारभूत संरचना का निर्माण देखने वाली कंपनी आईडीएसई के इंजीनियर साहिल रातुसरिया ने सिविल वर्क के बाद 27 लाख का बिल संबंधित कंपनी ने आईडीएसई को सौंपा था। बतौर गैरिसन इंजीनियर इसे पास करने के एवज में 54 हजार की मांग की थी। बाद में 40,500 रुपये घूस लेते हुये साहिल को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।

## फायर एनओसी मामले में अस्पतालों को चेतावनी

**रांची।** स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों को अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित कर अनापत्ति प्रमाण पत्र सिविल सर्जन कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश के आलोक में रांची सिविल सर्जन ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश में निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, जांच घर, डायनोस्टिक सेंटर को अग्निशमन की व्यवस्था सुनिश्ति कर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर जमा करने का आदेश दिया है। अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में क्लिनिकल स्टैबलिशमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी है।

## हज यात्रियों के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीधी उड़ान हो : राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

**रांची।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार ने झारखंड के हज यात्रियों के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को इम्बार्केशन देने के लिए सचिव नागरिक उड्डयन मंत्रालय और सचिव अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार को कार्रवाई हेतू पत्र भेजा है। मालूम हो कि आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा को मांग पत्र दिया था। जिसमें झारखंड के हज यात्री पूर्व के भांति अपने राज्य से हज के लिए सीधे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से जेद्दा के लिए उड़ान भर सके। उन्होंने मांग करते हुए बताया था कि झारखंड के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को इम्बार्केशन प्वाइंट 2009 में मिला था और 2019 तक हर वर्ष करीब 3000 से 3200 हज यात्री रांची से जेद्दा फ्लाइट से जाया करते थे।

## बाबूलाल ने जनता से मॉक ड्रिल में सहयोग की अपील की

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देश पर बुधवार को देशभर में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल अभ्यास नहीं, बल्कि आपात स्थितियों से निपटने की एक राष्ट्रव्यापी तैयारी है। इस दौरान हवाई हमलों की चेतावनी वाले सायरन, ब्लैकआउट के दौरान सतर्कता, निकासी योजनायें और आत्म-सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण प्रयोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से भाजपा कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, छात्रों और वॉलंटियर्स से अपील करता हूं कि वे मॉक ड्रिल में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## सीनियर डीएसपी से एसपी पद पर प्रोन्नति पर लगी रोक हटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमस रामचंद्र राव ने सीनियर डीएसपी से एसपी के पद पर प्रोन्नति पर लगी रोक को हटा दी है। एकलपीठ ने 26 मार्च को प्रमोशन देने पर रोक लगा दी थी। इसके खिलाफ प्रार्थियों ने खंडपीठ में अपील की थी। इस संबंध में रजतमणि वाखला एवं अन्य ने एकलपीठ में याचिका दायर की थी। प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया था कि सरकार ने डीएसपी पद पर तैनात नौ अधिकारियों को एसपी में प्रोन्नति देने के लिए सूची भेजी है। यह सूची गलत है। सूची में तीन डीएसपी शिवेंद्र, राधाप्रेम किशोर, मुकेश महतो का भी नाम शामिल है। इन तीनों पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। इनके खिलाफ सीबीआई जांच चल रही है और सीबीआई ने तीनों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया है। दागी डीएसपी का नाम प्रोन्नति के लिए सरकार ने भेजा है, जबकि जिन अधिकारियों पर कोई आरोप नहीं है उनका नाम प्रोन्नति के लिए नहीं भेजा गया है। नियमों के अनुसार जिस अधिकारी पर आपराधिक मामला चल रहा है उसका नाम प्रोन्नति के लिए नहीं भेजा जा सकता। सुनवाई के बाद अदालत ने सरकार और संघ लोक सेवा आयोग को नियुक्ति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ खंडपीठ में याचिका दायर की गयी थी

## सरकारी नौकरियों में आंदोलनकारियों के आश्रितों को पांच फीसदी क्षैतिज आरक्षण

सरकार का फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य में आंदोलनकारियों के आश्रितों को सरकारी नौकरियों में पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का फैसला किया है। यह आरक्षण तृतीय और चतुर्थ वर्ग के पदों पर सरकारी नियुक्ति में मिलेगा। अब आंदोलनकारियों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में आरक्षण का लाभ मिलेगा। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य झारखंड के आंदोलनकारियों के परिवारों को सरकारी नौकरियों में भागीदारी सुनिश्चित करना है।




### फिलहाल क्या है आरक्षण की व्यवस्था

- अनुसूचित जनजाति : 26%
- अनुसूचित जाति : 10%
- अत्यंत पिछ्ड़ा वर्ग : 8%
- पिछ्ड़ा वर्ग : 6%
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : 10%
- दिव्यांगजन : समय-समय पर निर्धारित
- महिलाएं : 5% क्षैतिज आरक्षण
- आंदोलनकारियों के आश्रित : 5% क्षैतिज आरक्षण

-----------

**किसे मिलेगा यह लाभ :** इस आरक्षण का लाभ झारखंड राज्य के आंदोलनकारियों के आश्रित परिवार के एक सदस्य को मिलेगा। यह लाभ एक बार ही दिया जाएगा। इसका उद्देश्य आंदोलनकारियों के परिवारों को सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व देना है।

### मंत्री सुदिव्य कुमार ने राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक, कहा

## श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और तकनीक पर जोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि श्रावणी मेला झारखंड की पहचान है। मंत्री श्री कुमार ने मंगलवार को देवघर परिसदन सभागार में आगामी राजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है श्रावणी मेला। झारखंड सरकार एराजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई से 09 अगस्तद्ध के सफल आयोजन के लिये पूरी तरह संकल्पित है। श्रद्धा, व्यवस्था और



तकनीक का संगम, यही होगा इस बार के मेले की पहचान।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को समान अवसर देने के उद्देश्य से इस वर्ष सभी सोमवार को आउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। उन्होंने निदेश दिया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केंद्र, सूचना सह सहायता केंद्र, टेंट सिटी, पेयजल, स्नानगृह, शौचालय, कूड़ेदान, सफाई व्यवस्था, इंद्र वर्षा और सजावट की बेहतर व्यवस्था करें।

**सुरक्षा व विधि व्यवस्था पर जोर**

मंत्री ने ओपी, ट्रैफिक नियंत्रण केंद्र, अपराध नियंत्रण, वाहन पड़ाव स्थल और रूटलाइनिंग की विस्तृत योजना पर चर्चा की। उन्होंने सभी विभागों को विद्युत आपूर्ति, नगर विकास, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, जनसंपर्क, स्वास्थ्य, भवन प्रमंडल सहित सभी विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। श्रावणी मेला में तकनीक का व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने का निदेश मंत्री ने दिया।

बैठक में पर्यटन सचिव मनोज कुमार, निदेशक अंजली यादव समेत अन्य पदाधिकारी थे।

## स्कूली शिक्षा सचिव के निर्देश से राज्य के शिक्षकों में उबाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमांशंकर सिंह द्वारा प्रदेश के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के लिए नया आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार शिक्षक ई-विद्यावाहिनी ऐप में लगातार तीन दिन विलंब से उपस्थिति दर्ज करने पर एक आकस्मिक अवकाश की गिनती की जाएगी। बच्चों का स्कूल में प्रतिदिन 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति नहीं हो। शिक्षकों द्वारा पाठ्य पुस्तक के अनुरूप विषयवार विस्तृत पाठ्य योजना का निर्माण करें। शिक्षकगण स्प्लिट सिलेबस के आधार पर कक्षावार पाठ्यवस्तु का पठन-पाठन प्रति कार्यदिवस पंजी में संधारित करेंगे तथा प्रधानाध्यापक या प्रधान शिक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया जाएगा। उसके बाद शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी में निष्पादित पाठ्य-योजना के अनुरूप कक्षा लेने के सम्बन्धी प्रमाण-पत्र के आधार पर ही वेतन की निकासी की कार्रवाई सुनिश्चित होगी। इसे लेकर अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद का मानना है कि ऐसा आदेश शिक्षा और शिक्षकों के लिए काफी घातक है।

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विस्तारित कार्य समिति की बैठक में बोले कांग्रेसी

# मंत्री-विधायकों की वजह से संगठन नहीं, बल्कि संगठन की वजह से हैं वो : मल्लिकार्जुन खड़गे

■ झारखंड में सरकार बनने से उत्साह जनक स्थिति
■ चुनाव जीतने के बाद अपने आईडियोलॉजी को लागू करना महत्वपूर्ण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विस्तारित कार्य समिति की बैठक मंगलवार को केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बीएनआर चाणक्य के सभागार में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विशिष्ट अतिथि संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी के राजू उपस्थित थे। बैठक में जिला अध्यक्ष सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने अपनी बातें रखी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि झारखंड में सरकार बनने से उत्साह जनक स्थिति है। हम चुनाव जीत जाते हैं तो हमारा दायित्व खत्म नहीं होता बल्कि जीत के बाद अपने आईडियोलॉजी को लागू करना महत्वपूर्ण है। हर किसी को चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिलता है, कई उम्मीदवारों में से किसी एक को ही मौका मिलता है, संगठन का काम भी महत्वपूर्ण है।

**जनता के वायदे पूरे करने होंगे :** उन्होंने कहा कि मंत्रियों विधायकों सांसदों को यह नहीं समझना चाहिए कि उनकी वजह से संगठन है, बल्कि संगठन की वजह से ही वह हैं। उन्हें संगठन की मजबूती के बारे में भी सोचना होगा। जनता के वायदे पूरे करने होंगे। समाज और जनता के लिए संघर्ष करना है अभी कई काम बाकी हैं। अगर आप उसूल पर चलते हैं तो कोई आप पर उंगली नहीं उठायेगा, संगठन में यही होना चाहिये। हमें जो पद मिलता है उसे संभाल कर काम करना चाहिए। संगठन को मजबूत करने के लिए मेहनत करनी होगी। अगर संगठन मजबूत है तो आपको भी सम्मान मिलेगा। मैं नहीं हम पर भरोसा करें।

उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ रैली के सफल आयोजन के लिए पूरे झारखंड कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता और यहां की जनता बधाई की पात्र है। अनुच्छेद 15 (5)को अमल में लाने के लिए हमें कोशिश करना है। निजी संस्थानों में भी आरक्षण लागू करना होगा यह संशोधन कांग्रेस की ही देन है, 50% आरक्षण की सीमा को बढ़ाना चाहिए।

**हमें जमीन पर काम करना होगा : वेणुगोपाल**

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है कि प्रदेश कार्य समिति की बैठक में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद हैं। झारखंड में पंचायत स्तर पर कमेटी को जल्द से जल्द पूरा करना है, हम कागजी कमिटी नहीं चाहते हमें जमीन पर काम करना होगा। 2025 हमारे लिए महत्वपूर्ण है, यह वर्ष संगठन के लिहाज से कांग्रेस के रिवाइवल का समय है, हमें जिम्मेदारी उठानी होगी।

**संगठन मजबूतीकरण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : के राजू**

के. राजू ने कहा कि हमारे सामने तीन महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। हमें संगठन मजबूत करना है इसके लिए पूर्व में ही आप सभी को निर्देश दिया जा चुका है। संगठन मजबूतीकरण की दिशा में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजनीतिक दलों पर बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां होती हैं, हमे जनमुद्दों को चिन्हित कर उस पर काम करना है। 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान की शुरूआत जो हुई है उसे अगले 30 मई तक घर-घर पहुंचाना है। अगले 10 दिनों में जिला स्तर पर रैली संपन्न करना ह। उसके बाद विधानसभा स्तर पर हमें घर-घर संपर्क अभियान चलाना है इसे गंभीरता से लेना है।

**जातिगत जनगणना और जन मुद्दे घर-घर तक पहुंचाये जाएंगे : कमलेश**

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संगठन की विगत 6 महीनो की पूरी गतिविधियों की जानकारी दी तथा आगे के कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ अभियान के तहत जातिगत जनगणना सहित तमाम जन मुद्दे घर-घर तक पहुंचाये जाएंगे। बैठक में बेला प्रसाद, प्रदीप यादव, सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, राजेश कच्छप, राजेश लिलोठिया, अलका लांबा, दीपिका पांडे, इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, डॉ अजय, रामेश्वर उरांव आदि थे।

# प्रशासन की खुली आंख, फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में पांच गिरफ्तार

- जनवरी 2023 से अबतक बनाये गये 4567 जन्म प्रमाण पत्रों में 4281 फर्जी
- समुदाय विशेष के लोग चाकुलिया के मटियाबांधी पंचायत से बनवा रहे थे फर्जी जन्म प्रमाणपत्र
- डीसी अनन्य मित्तल और एसएसपी ने दी अब तक की कार्रवाई की जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में डीसी अनन्य मित्तल एवं एसएसपी किशोर कौशल ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर चाकुलिया के मटियाबांधी पंचायत से निर्गत फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले पर अबतक जांच के आधार पर की कार्रवाई के बारे में अवगत कराया गया। डीसी ने बताया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत विद्यालयों में बीपीएल बच्चों के नामांकन के लिए जमा किए जन्म प्रमाण पत्र की जांच के क्रम में यह पूरा मामला प्रकाश में आया जिसके पश्चात एसडीओ घाटशिला के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर चाकुलिया प्रखंड के मटियाबांधी पंचायत से निर्गत प्रमाण पत्रों की जांच करायी गयी। जनवरी 2023 से अबतक कुल निर्गत कुल 4567 जन्म प्रमाण पत्रों की जांच के क्रम में 4281 फर्जी पाये गये। कहा कि फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर स्कूल में नामांकन, सरकारी योजना का लाभ अथवा जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर पासपोर्ट, आधार या अन्य दस्तावेज बनाये जाने की संभावना के मद्देनजर संबंधित विभागों और एजेंसियों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र की सूची प्रेषित की गई है ताकि यथोचित कार्रवाई की जा सके। साथ ही फर्जी जन्म प्रमाण की सूची को अखबार के माध्यम से सार्वजनिक भी किया जायेगा। ऐसे मामले को लेकर सभी 11 प्रखंडों में भी जांच के निर्देश दिये गये हैं, इसके अलावे इस फर्जीवाड़ा से जुड़े सभी लोगों को चिह्नित करने के लिए तथा दूसरे जिलों में भी संभावित फर्जीवाड़ा के देखते हुए सूचित किया गया है। उन्होने बताया कि इस मामले में जिनकी भी संलिप्तता जांच में सामने आयेगी, उन सभी के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। जिन्होने गलत तरीके से प्रमाण पत्र बनाया है उनको भी नोटिस जारी किया जा रहा है।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनांक 02.05.2025 को बीडीओ चाकुलिया आरती मुंडा के लिखित आवेदन के आधार पर चाकुलिया थाना कांड सं0 32/2025 दिनांक 02.05.2025, धारा-318 (4)/ 338/ 336 (3)/ 340(2)/ 61(2)/ 3(5) बीएनएस एवं 65 आईटी एक्ट अंतर्गत मटियाबांधी पंचायत सचिव सुनिल महतो एवं VLE (प्रज्ञा केन्द्र संचालक) सपन महतो के विरूद्ध यह कांड दर्ज किया गया। आवेदन में उन्होंने मांटियाबांधी पंचायत के VLE सपन महतो के विरूद्ध फर्जी तरीके से पंचायत से बाहरी लोगों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने का आरोप लगाया है। अनुसंधान के कम में यह बात प्रकाश में आयी कि माटियाबांधी पंचायत के पंयाचत सचिव के लॉगिन आईडी पासवार्ड से जनवरी 2023 से अभी तक के कुल 4567 जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है जिसमें 4281 अवैध तारिके से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में बायें ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग और दायें एसएसपी किशोर कौशल।

### जब्त सामानों की विवरणी

(1) मटियाबांधी पंचायत कार्यालय से एक उढव, एक मोनिटर एवं एक प्रिन्टर

(2) प्राथ0 अभि0 मटियाबांधी पंचायत के VLE सपन महतो के प्रज्ञा केंद्र से एक CPU एक मोनिटर एवं एक प्रिन्टर

(3) अप्रा0 अभि0 शिवम डे के घर केन्दाडांगरी से एक लैपटॉप (DELL कम्पनी), एक रियलमी कम्पनी का एनड्राईड मोबाईल तथा एक की पेड़ नोकिया मोबाईल

(4) अप्रा0 अभि0 हरिश कुमार प्रमाणिक के पास से एक आई फोन मोबाईल,

(5) अप्रा0अभि0 आरिफ आलम के पास से रियलमी एंडरॉयड मोबाईल,

(6 ) बीडीओ चाकुलिया द्वारा मटियाबांधी पंचायत से निर्गत फर्जी 190 जन्म प्रमाण पत्र की सूची।

### छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी

(1) श्री संदीप भगत, पुलिस उपाधीक्ष मुसाबनी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर ।

(2) श्री मनोज कुमार गुप्ता, पुलिस निरीक्षक महोदय, धालभूमगढ़ अंचल

(3) श्री मधुसुदन डे, पु0नि0-सह- थाना प्रभारी, घाटशिला।

(4) पु0अ0नि0 संतोष कुमार, थाना प्रभारी चाकुलिया थाना

(5) पु0अ0नि0 अखिलेश कुमार, पूर्व थाना प्रभारी श्यामसुन्दरपुर थाना ।

(6) पु0अ0नि0 इन्द्रेश कुमार, थाना प्रभारी गालूडीह थाना ।

(7) पु0अ0नि0 अजित कुमार, चाकुलिया थाना ।

(8) पु.अ0नि0 पंकज कुमार, थाना प्रभारी, मउभंडार

# कांग्रेस को संविधान बचाओ रैली करने का हक नहीं है : रघुवर दास

- पूर्व सीएम ने कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली को बताया ढोंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित 'संविधान बचाओ रैली' को एक राजनीतिक नाटक करार देते हुए इसे जनता को गुमराह करने का प्रयास बताया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिनके हाथों संविधान को सबसे अधिक क्षति पहुंची, वे आज संविधान की दुहाई देकर देश की जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

उपरोक्त बातें मंगलवार को जमशेदपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में एकसंवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कही। लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय 1975 की आपातकाल की याद दिलाते हुए रघुवर दास ने कहा कि उस समय कांग्रेस पार्टी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में संशोधन कर हजारों नागरिकों को नजरबंद कर दिया था। अनुच्छेद 14, 21 और 32 जैसे मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई और बिना किसी कारण बताए गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं उस दौर का गवाह हूं और गया सेंट्रल जेल में बंद रहा हूं। तब कांग्रेस को संविधान की याद क्यों नहीं आयी।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने दशकों लंबे शासन में अंबेडकर जी को भारत रत्न नहीं दिया, कांग्रेस के सत्ता से विदाई के बाद ही उन्हें भारत रत्न का सम्मान दिया गया। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने 1952 से दो बार डॉ. अंबेडकर के खिलाफ चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारकर उन्हें हराने का षड्यंत्र रचा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रारंभ से ही अंबेडकर, दलित, शोषित और वंचित समाज की विरोधी रही है।

धर्मांतरण के मुद्दे पर बोलते हुए पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि संविधान में स्पष्ट प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति लालच, भ्रम या दबाव के माध्यम से धर्म परिवर्तन नहीं कर सकता और यदि आवश्यकता पड़ी तो राज्य सरकार इस पर कानून बना सकती है। भाजपा ने यही किया और धर्मांतरण निषेध कानून लाया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसके समर्थन से चल रही सरकार में झारखंड में तेजी से धर्मांतरण हो रहा है, जिससे आदिवासी समाज के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। रघुवर दास ने कहा कि झारखंड की पवित्र धरती पर बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो, नीलाम्बर-पीताम्बर, तिलका मांझी, पोटो हो जैसे महान आदिवासी सेनानियों ने अपनी संस्कृति, जल-जंगल-जमीन और स्वाभिमान की रक्षा के लिए बलिदान दिया। लेकिन झामुमो-कांग्रेस की नीति और नीयत राज्य के आदिवासी अस्मिता को समाप्त करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अगर वास्तव में संविधान की चिंता है तो वह धर्मांतरण कानून को सख्ती से लागू करवाए। इसके साथ ही रघुवर दास ने झारखंड के मंत्री के बयान पर भी निशाना साधा जिसमें उन्होंने अपने लिए शरीयत को पहले और संविधान को बाद में बताया था। रघुवर दास ने पूछा कि कांग्रेस के लिए शरीयत बड़ी है या संविधान?



अपने जमशेदपुर आवास पर पत्रकारों से बात करते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास।

## फर्स्ट एड की ट्रेनिंग लेने वाले लोगों का डेटा तैयार कर रहा रेडक्रॉस, देगा शॉट टर्म ट्रेनिंग

- देश पर मंडराते युद्ध के खतरे को देख संस्था ने उठाया कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लगातार सरकार से प्राप्त सूचनाओं एवं राष्ट्रीय मुख्यालय के गाईड लाईन व पत्रांक आर/ 13013/ 9/ 25/ डीएम / एमआइसी (8334046) डेट 6 मई 2025 के विपरीत एवं आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार रहना होगा क्योंकि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, जो कि झारखंड राज्य का सबसे सक्रिय व सबसे अधिक सक्रिय सदस्यों वाला जिला है, इस कारण जिम्मेवारी भी सबसे अधिक है। वैसे सभी सदस्य व कार्यकर्ता जिन्होने रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम से फर्स्ट एड की ट्रेनिंग प्राप्त की है, चाहे वह किसी कम्पनी से हो या निजी, वैसे सदस्य जिन्होने सदस्यता अभियान में वोलेंटियरिंग करने की इच्छा जतायी है, वैसे सभी सदस्यों का डाटाबेस रेड क्रॉस कार्यालय, बिष्टुपुर व साकची में इकठ्ठा किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं से अपने विचार साझा करते हुए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय सिंह ने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करने के लिए तत्पर कार्यकर्ताओं की जरूरत है।

## सर्किट हाउस एरिया में आज अपराह्न चार बजे से 7 बजे के बीच रहेगा ब्लैक आउट

- नागरिकों से अपील है कि घबरायें नहीं, यह सिर्फ आपदा से निपटने का पूर्वाभ्यास है
- एयर स्ट्राइक मॉक ड्रिल को लेकर सभी स्टेकहोल्डर के साथ हुई तैयारी बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मुख्य सचिव, झारखंड के निर्देशानुसार 7 मई को जमशेदपुर में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और रिहर्सल आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन समिति श्री अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी स्टेकहोल्डर के साथ बैठक कर आपदा की स्थिति में नागरिकों के व्यवहार तथा आवश्यक सेवा प्रदाता के द्वारा उठाए जाने वाले आवश्यक कदम के बारे में चर्चा की गयी। इस दौरान एयर स्ट्राइक से निपटने के उपाय, परिस्थिति के अनुरूप समय पर प्रतिक्रिया, संचार एवं समन्वय, संसाधनों की उपलब्धता एवं उसके उपयोग, लोगों के बीच जागरूकता आदि विषय पर जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एसडीएम धालभूम, रूरल एसपी, रेलवे एसपी, सिटी एसपी, एडीसी, सेना के प्रतिनिधि, एनसीसी, रेलवे, एयरपोर्ट, मोबाइल सेवा, विद्युत, जुस्को, अग्निशमन, कंपनी प्रतिनिधि, सिविल डिफेंस व अन्य सभी संबंधित स्टेकहोल्डर उपस्थित थे।

# शाहीन शमीम ने सुपर मॉम, तो सबा परवीन दिवा मॉम का खिताब जीती

- किड्स इंटरनेशनल स्कूल ने चार दिवसीय समर कैंप संपन्न, मदर्स डे का किया आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** किड्स इंटरनेशनल स्कूल ने हाल ही में 3 मई से 6 मई तक एक 4-दिवसीय ग्रीष्म शिविर का आयोजन किया, जिसका समापन वेव इंटरनेशनल रिजॉर्ट में मदर्स डे के भव्य समारोह में हुआ। इसमें 55 से अधिक बच्चों और माताओं ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। ग्रीष्म शिविर एक मजेदार आयोजन था, जिसमें थीम आधारित दिन शामिल थे जिन्होंने बच्चों में उत्साह पैदा किया। दिन 1 पर, बच्चों ने जम्पिंग मिकी के साथ डिजनीलैंड थीम वाले दिन का आनंद लिया! दिन 2 एक्वाफेस्टा था, जिसमें पूल पार्टी और थिएटर दिवस शामिल था, जिससे उत्साह बढ़ा। दिन 3 पर, बच्चे मॉल में गए, जहां उन्होंने पॉपकॉर्न, पिज्जा, मोमोज, चाउमिन, जूस, नींबू पानी और बहुत कुछ परोसने वाले लाइव फूड काउंटर्स का आनंद लिया।

## गुरु गोमके ने भाषा, संस्कृति और साहित्य से समाज को गौरवान्वित कराया : जोबा माझी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चक्रधरपुर।** पोटका स्थित आदिवासी मित्र मंडल में खेरवार गांवता पोटका के तत्वावधान में ओल लिपि के जनक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती मनाई गई। इस मौके पर संथाली ड्रामा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांसद जोबा माझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। सांसद ने पंडित रघुनाथ मुर्मू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद जोबा माझी ने कहा जब तक अपनी भाषा, लिपि, परंपरा, संस्कृति रहेगा तब तक हमारी पहचान और अस्तित्व बना रहेगा। आदिवासी परंपरा और भाषा संस्कृति, साहित्य अपने आप को हमें गर्व महसूस कराते हैं। यह देन पंडित रघुनाथ मुर्मू की है।



जयंती समारोह में सांसद का अभिनंदन करते आयोजक।

# केरूवाडूंगरी पंचायत के सभी गांवों में चलेगा माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान

- उत्क्रमित मध्य विद्यालय भीतरदाढ़ी से मुखिया कान्हु मुर्मू ने किया अभियान का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित केरूवाडूंगरी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भीतरदाढ़ी से पंचायत स्तरीय जागरूकता अभियान की शुरूआत पंचायत के मुखिया कान्हु मुर्मू के द्वारा किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुखिया कान्हु मुर्मू ने बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों में माहवारी स्वच्छता व महिला स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता काफी अहम है। सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार, जिन्हें झारखंड का पैडमैन भी कहा जाता है, के द्वारा पंचायत के सभी गांवों में कार्यशाला आयोजित कर माहवारी स्वच्छता व बच्चों से जुड़े मुद्दों पर जागरूक किया जायेगा।

मौके पर उपस्थित तरुण कुमार ने बच्चों व अभिभावकों को माहवारी स्वच्छता व बच्चों की शिक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चियों व महिलाओं को प्रोजेक्ट बाला रियूजेबल पैड का भी उपहार मिला, जिसे पाकर बच्चे व महिलाएं प्रफुल्लित नजर आए। अगले एक माह में केरूवाडूंगरी पंचायत के केरुआ, धोडांगा, आहरघुटू, बंदुहुडांग, बड़ा तालसा, छोटा तालसा, तुरामडीह, भूरीडीह, भीतरदाड़ी, बाहरदाड़ी, हाकेगोडा, चांगिरा गांवों टोलो में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। अभियान के शुभारंभ के मौके पर प्राचार्य ओम प्रकाश, शिक्षक गजेन्द्र हेंब्रम, जल साहिया मंजू महतो, वार्ड सदस्य चंपा व अन्य मुख्य रूप से मौजूद थे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भीतरदाढ़ी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के बाद पंचायत के चांगिरा गांव में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की किशोरियों व महिलाओं ने शिरकत किया।



माहवारी जागरुकता अभियान के दौरान छात्राओं से संवाद करते निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार।

## स्पीड न्यूज



### विस्थापितों के नेता कपूर बागी नहीं रहे

**जमशेदपुर।** चांडिल डैम के विस्थापितों की लडाई लड़ने में अपनी जवानी खपा देने वाले कपूर बागी (56) का आज ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका असली नाम कपूर कुमार टुडू था और वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ममेरा भाई थे। सरायकेला-खरसावां जिले के चिलगु चाकुलिया ग्राम निवासी कपूर बागी अपने पीछे वृद्ध माता, पत्नी और तीन बच्चे छोड़ गये हैं। कपूर बागी विगत कई वर्षों से किडनी रोग से पीड़ित थे।

### चाकुलिया प्रकरण की एसआईटी जांच कराये सरकार : डॉ दिनेशानंद



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड की मटियाबंधी पंचायत में फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों के बड़े घोटाले ने पूरे राज्य में हड़कंप मचा दिया है। इस मामले में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर सनसनीखेज खुलासे किये। उन्होंने इस घोटाले को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी तंत्र में सेंध लगाने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सरकार पर इस मामले में निष्क्रियता और अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया। प्रेस वार्ता में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। डॉ गोस्वामी ने बताया कि मटियाबंधी पंचायत, जहां करीब 900 परिवार रहते हैं और एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है, वहां 2024 में 4,411 जन्म प्रमाण पत्र जारी किये गये। इनमें से 715 प्रमाण पत्र मुस्लिम समुदाय के नाम पर थे। सवाल उठाया कि जब पंचायत में मुस्लिम परिवार ही नहीं हैं, तो इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम नामों पर प्रमाण पत्र कैसे जारी हुए।

### सुबीर रॉय महासचिव व जयंतो चौधरी सचिव



**जमशेदपुर।** घोड़ाबांधा स्थित आनंद विहार वेलफेयर कमिटी का मंगलवार को सर्वसम्मति से गठन किया गया। उक्त कमेटी 31 मार्च 2028 तक प्रभावी रहेगा। कमेटी में सुबीर रॉय - महासचिव, जयंतो चौधरी -सचिव, प्रोबीर गांगुली- सह सचिव, एस के सूर एवं असीम चंदा - कोषाध्यक्ष, विनोद एमजी एवं अरुप कुमार गुहा कमेटी मेंबर बनाये गये। नवगठित कमेटी को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव हाउसिंग बिल्डिंग सोसायटी के अध्यक्ष श्रीकृष्ण पांडे ने फूलों का माला पहना कर स्वागत किया। बताते चलें कि इसके पूर्व चुनाव पदाधिकारी आशीष कुमार राय के दिशा निर्देश पर आनंद विहार प्रांगण में चुनाव संपन्न कराये गये थे। जिसमें सुबीर रॉय को सर्वाधिक 65, जयंतो चौधरी को 61, असीम चंदा को 51, विनोद एमजी को 50, एसके सूर को 48, प्रोबीर गांगुली को 39 एवं अरुप कुमार गुहा 38 मत प्राप्त कर विजय बनने का गौरव हासिल किया था।

### आदित्यपुर स्टेशन पर जल सेवा शुरू

**जमशेदपुर।** एसई रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स लोकल एसोसिएशन-आदित्यपुर के तरफ से आदित्यपुर स्टेशन पर 05 मई 2025 को जल सेवा शुरू की गई है। इस अवसर पर आदित्यपुर के सी एंड डब्ल्यू विभाग के डीएमई सिद्धांत वेमा, आदित्यपुर आईओडब्ल्यू संजय गुप्ता, सी एंड डब्ल्यू के एके मंडल, आरपीएफ टीके रजक, स्काउट टीम से ग्रुप लीडर संजीत महतो, बीके बेहरा, संतोष दास, रामाशंकर वर्मा,कृष्णा, रवि, आदित्य, मनदीप, सुमित आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन की ब्याज दरें घटायी



**जमशेदपुर।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने होम लोन की ब्याज दरों में कमी किए जाने की घोषणा की है। बैंक की होम लोन ब्याज दरें अब 8.00 प्रतिशत प्रति वर्ष (पहले 8.40 प्रतिशत प्रति वर्ष) से शुरू होंगी। ये दरें नये होम लोन और होम इमप्रूवमेंट लोन पर लागू होंगी। दरें उधारकर्ता के क्रेडिट स्कोर से लिंक्ड हैं और 15 लाख रुपये और उससे अधिक के ऋण पर लागू होंगी। बैंक ने रेपो रेट से लिंक्ड ऋण वाले अपने मौजूदा उधारकताओं को रेपो रेट में कटौती का लाभ पहले ही दे दिया है। इसके अलावा, बैंक तैयार संपत्तियों, होम लोन शिफ्टिंग आदि के लिए महिला उधारकताओं के लिए 0.05 प्रतिशत प्रति वर्ष और 40 वर्ष से कम आयु के उधारकताओं के लिए 0.10 प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायत भी दे रहा है।

### पीतांबरा मंदिर में मना माता का जन्मोत्सव



**जमशेदपुर।** मोहरदा बिरसानगर जोन नंबर 2 बी में नवनिर्मित मां पीतांबरा मंदिर में धूमधाम से माता पीतांबरा का जन्मोत्सव मनाया गया। दिन भर धार्मिक अनुष्ठान के तहत माता की विशेष पूजा, स्तुति पाठ, संध्या में हवन और भजन कीर्त्तन हुआ। यजमान स्वामी विजयानंद महाराज, उनकी पत्नी सोमा घोषल व पुत्र अभय से पंडित मणीशंकर ने विधिवत पूजा अर्चना करवायी। सुबह आरती से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ दिन भर रही। दर्शन करने आये सैकड़ों भक्तों ने भंडारा का प्रसाद पाया। इसे सफल बनाने में कृष्ण मोहन सिंह, शंकर राव, निशा राव, बाबुलाल गोप, विश्व नाथ राय, रामजीवन गोप, समर भंडारी, सुदामा गोप, सुधीर गौराई लगे रहे।

### रिम्स में डॉ श्रुति को मिला गोल्ड मेडल, एम्स देवघर में बनीं सीनियर रेजिडेंट



**जादूगोड़ा।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए डॉ श्रुति पी शिरोडकर ने एम डी प्रसूति एवं स्त्री रोग सत्र 2021-2024 में राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रांची से टॉप कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया और साथ ही इंटरव्यू देकर एम्स देवघर में सीनियर रेजिडेंट के पद पर भी चयनित हुईं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और पति रमन कुमार के निरंतर समर्थन को दिया। कहा कि मेहनत और समर्पण से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। डॉ श्रुति के पिता पीएस शिरोडकर और माता हेमलता पी शिरोडकर यूसील की नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में में कार्यरत हैं। वे अपनी बेटी की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करते हैं। डॉ श्रुति अपने विद्यालय जीवन में भी पढ़ाई और सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभाशाली रही हैं, और उनकी सफलता आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह साबित करता है कि मेहनत, समर्पण और परिवार के सहयोग से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### पिता का घर बचाने जन सुनवाई में भाग लेगी छात्रा शीला रानी



**जादूगोड़ा।** घाटशिला कॉलेज की छात्रा शीला रानी भक्त जादूगोड़ा में अपने पिता का मकान टूटने से बचाने के लिए आगे आयी है। इधर, पोटका सीओ निकिता बाला बुधवार को सरकारी जमीन पर बने आवास को लेकर जनसुनवाई करेंगी, जहां वह अपने घर नहीं तोड़ने को लेकर अपना पक्ष रखेगी। वह कहती है कि अपने गरीब पिता निमाई चंद्र भक्त का आवास टूटने से बचाने के लिए सुरक्षा कवच के रूप में खड़ी रहेगी। वह कहती है कि झारखंड सरकार गरीबों की है। ऐसे में उनके गरीब पिता गांव व बाजार में घूम-घूम कर लकड़ी का सामान बेचकर गुजर करते हैं।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पूर्वी सिंहभूम से शामिल हुए हजारों कार्यकर्तागण




**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में हजारों कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के नेतृत्व में अपने नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महामंत्री के सी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी सहित झारखंड के वरिष्ठ नेताओं को सुनने पहुंचे। मलिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कहा कि आप सबों के प्रयास से झारखंड में मजबूत सरकार बनी है। आप सभी बधाई के पात्र है।अपने देश में 22 अप्रैल को बहुत बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना में 26 बेगुनाह मारे गये है। आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ कांग्रेस पार्टी केन्द्र सरकार के साथ है। ये देश का मामला है। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने शहादत देकर देश को एकजुट रखा। महात्मा गांधी जी को एक गद्दार ने छाती पर गोली मार दी। जातीय जनगणना की बात राहुल गांधी ने उठाया और आज केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना को पारित किया। आज 30 लाख नौकरी के पद रिक्त है। जिसे भाजपा ने खाली कर रखा है। बेरोजगारी बढ रही है। रैली में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव सामंता कुमार, कमलेश कुमार पाण्डेय, बृजमोहन गुप्ता, देबू चटर्जी, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, शशी कुमार सिन्हा, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, अंसार खान, शफीअहमद खान, रजनीश सिंह, रामलाल प्रसाद पासवान, वरिष्ठ नेतागण में काल्टू चक्रवर्ती, बबुआ झा समेत कई कांग्रेसी शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंडकर्मी आलोक के निधन पर शोक



चैनपुर पलामू। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में नीलांबर पीतांबर प्रखंड कार्यालय में कार्यरत स्व आलोक सिंह के दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो जाने पर शोक सभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता उप प्रमुख सुनील सिंह ने की। जिसमें मृतक की आत्मा की शांति के लिए कर्मियों के साथ दो मिनट का मौन रख शोक जताया गया।

### विद्यार्थियों ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली



पाटन पलामू। नावा जयपुर थाना परिसर में होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल एवं मिडिल स्कूल, दीपौवा स्कूल के बच्चे को थाना बुलाकर पुलिस के कर्तव्य, यातायात सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा से संबंधित नियमों को तथा सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने विद्यार्थियों को डायल 112 के महत्व के बारे में बताया। इसके अलावे जेवर एवं अन्य दुकानदार संग बैठक की। साथ ही क्षेत्र में चल रहे कंस्ट्रक्शन कार्य के ठेकेदार/ मुंशी के साथ भी बैठक की गयी। त्वरित सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी।

### हरिहरगंज में मना थाना भ्रमण कार्यक्रम



हरिहरगंज पलामू। एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराने को लेकर मंगलवार को थाना भ्रमण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को स्थानीय थाना परिसर में आमंत्रित कर थाना की कार्यप्रणाली, यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। बताया गया कि किसी भी सड़क दुर्घटना व अन्य आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का प्रयोग कर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि इससे पुलिस और समाज के बीच विश्वास की भावना सशक्त करने का प्रयास जारी है। मौके पर एसआई डीके गोप, हेमंती बास्के भी थे।

### स्थापना से पहले भगवती का नगर भ्रमण



हरिहरगंज पलामू। नपं क्षेत्र के अररुआ कला में मंगलवार को देवी मंडप जीर्णोद्धार के बाद देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के लिए भगवती को डोले पर सजाकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। यज्ञाचार्य सुधीर दास के नेतृत्व में मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान अभय सिंह, अरविंद पासवान, कृष्ण सिंह, नवनीत पासवान, रामजी पासवान ने भजन कीर्तन करते हुए भ्रमण किया। जिसमें कामेश शर्मा, मनीष पटेल, सुरेंद्र सिंह पटेल, अजय सिंह, राजकुमार राम सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### श्रीमहावीर नवयुवक दल जेनरल अध्यक्ष ने थामा झामुमो का हाथ



मेदिनीनगर। श्रीमहावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर ने रांची स्थित झामुमो कार्यालय में महासचिव विनोद पांडेय के समक्ष झामुमो का दामन थामा। उनका महासचिव ने पार्टी का पट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। श्री पांडेय ने कहा कि झामुमो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व व सामाजिक समरसता को देख लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। ऐसे लोगों का पार्टी में स्वागत है। किशोर ने कहा कि सीएम हेमंत पर आस्था रख गुरुजी के नीति-सिद्धांत से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल होने का निर्णय लिया। मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, जिला सचिव रंजन चंद्रवंशी, संजय सिंह, उमेश, सन्नु सिद्दिकी, दीपू चौरसिया, नवीन सिन्हा भी थे।

### जल समस्या को ले बीडीओ ने की बैठक



सतबरवा। पेयजल समस्या को लेकर मंगलवार को सतबरवा प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक की गयी। जिसमें बढ़ती गर्मी को देख संबंधित पंचायत सचिव और मुखिया को बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने निर्देश दिया कि 19 मई तक खराब चापाकल और जलमीनार का प्रतिवेदन जिला को भेजें ताकि पेयजल संकट का स्थायी निदान किया जा सके। कहा कि पंचायत स्तर पर एक चापाकल मरम्मत के लिए मिस्त्री रखने का प्रावधान है, जिसका भुगतान विभाग करेगा। मौके पर बीपीआरओ रमेश मेहता, मुखिया संघ अध्यक्ष गिरवर राम, कलावती देवी, शंभू उरांव, कल्याण पदाधिकारी सह पंचायत सचिव राजीव रंजन, पुष्पा कुमारी, रूपमाला, सोनी कुमारी, अखिलेश्वर मेहता आदि मौजूद थे।

### सकारात्मक सोच के साथ करें कार्य किसी तरह के विवाद में न पड़ें कर्मी



पंडवा पलामू। छोटी-छोटी समस्याओं को क्लियर कर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें, रैयतों को अनावश्यक परेशान न करें। उक्त बातें पूर्व आईएएस अधिकारी राम कुमार सिन्हा ने बुधवार को पंडवा अंचल कार्यालय में पलामू एसी कुंदन कुमार, अंचल अधिकारी डॉ अमित कुमार झा एवं दर्जनों रैयतों के साथ बैठक कर कही। पूर्व आईएएस अधिकारी राम कुमार सिन्हा ने सीसीएल राजहरा कोलियरी द्वारा 40 एकड़ जमीन लिये जाने के एवज में 20 लोगों को नौकरी देने में हो रही देरी एवं अड़चन की समस्या को निदान के लिए बैठक कर कही। उन्होंने रैयतों और सीसीएल पदाधिकारी से कहा कि सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से समस्या का समाधान जल्द हो जाता है।

अंबेडकर तालाब की स्थिति खराब, निगम को ध्यान देने की जरूरत

# मंत्री किशोर के आदेश से जल्द खुलेगा रास्ता : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जैसा वादा किया था स्वयं जाकर बड़ा तालाब अंबेडकर पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंबेडकर पार्क के पास बंद पड़े जेलहाता से बाजार को जोड़ने वाले रास्ते को एक सप्ताह के अंदर खोलने का निगम को निर्देश दिया है जो बहुत ही खुशी की बात है। प्रथम महापौर ने कहा कि यह रास्ता बंद होना मेरे कार्यकाल का ब्लैक स्पॉट था जिसे मेरे मेयर बनने से पूर्व तालाब के नक्शा में बंद दर्शाकर रांची जुडको द्वारा नक्शा पारित कराया जा चुका था जिसके लिए मैं एवं स्थानीय पार्षद ने कई बार प्रयास किया पर टेक्निकल कारण से आज तक नहीं खुल पाया था।



श्रीमती शंकर ने कहा कि मैंने वित्त मंत्री से अनुरोध किया था इस पुनीत कार्य को करें जिसे खुलना अब तय लग रहा है। कहा कि मैं निगम आयुक्त से भी अनुरोध करूंगी कि बड़ा तालाब का रखरखाव बहुत ही खराब है उसके सारे लाइट बंद पड़े हैं। पेड़ पौध, फुहारा, टॉयलेट सब जीर्ण अवस्था में है। इसे तत्काल सुव्यवस्थित किया जाये। यह पार्क शहर का दिल है और शहर का सारा वीआईपी मूवमेंट उसी मार्ग से होता है। उन्होंने चिंता जतायी है कि शहर के कई भाग में टेंडर कर व्हीकल स्टैंड बना दिये गये हैं जिसका खामियाजा राहत से ज्यादा आहत होकर व्यवसाइयों को जगह-जगह पर रंगदारी के रूप में स्टैंड चार्ज देना पड़ रहा, जो गलत है। इस पर नगर आयुक्त को बैठक कर संज्ञान लेना चाहिए।

# व्यवसायियों के अहम सुझाव पर जल्द होगा सकारात्मक पहल : रीष्मा रमेसन

- पलामू पुलिस और व्यापारिक संगठनों की बैठक
- सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा
- चेंबर ने ट्रैफिक सुधार के लिए रखे 10 प्रस्ताव

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पलामू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से जुड़े विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने की। बैठक में सुरक्षा, ट्रैफिक और जनहित से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई।



**खास बातें :** सभी दुकानदारों से आग्रह किया गया कि वे अपनी दुकानों में हाई डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगायें, जिनमें कम से कम 15-20 दिनों का रिकॉर्डिंग बैकअप हो। इससे किसी भी आपराधिक घटना की जांच में त्वरित सहायता मिलेगी। बैठक में चेंबर ने शहर के विकास हेतु 10 प्रस्ताव दिये। बैठक में चेंबर के कृष्ण अग्रवाल, रीजनल उपाध्यक्ष झारखंड चैंबर रिंकू दुबे, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, एग्जीक्यूटिव मेंबर अविनाश वर्मा, राकेश सोनी, अजय तिवारी, रूपेश कुमार, आलोक माथुर, गिरधारी गर्ग, अमित आनंद, नवीन पांडे, सुधांशु शेखर, भूपेंद्र सिंह होरा, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता एवं अनवर ने मिलकर आरक्षी अधीक्षक को बुके देखकर सम्मानित किया और चैंबर प्रतिनिधियों में निम्न बातें रखी। कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि चेंबर अध्यक्ष ने कल मीटिंग की थी और जो 10 मांगें रखी जा रही हैं वह जनहित में है जिसे आज हम लोग आरक्षी अधीक्षक के सामने प्रेषित कर रहे हैं। ट्रैफिक कंट्रोल हेतु शहर में लगे सिग्नल लाइट को चालू की जाये जिससे स्वतः 50% ट्रैफिक शहर का कंट्रोल में आ जायेगा। चेंबर के सुझाव में भारी यातायात वाले जगह पर जेब्रा क्रॉसिंग की व्यवस्था करने, भारी वाहन का शहर में प्रवेश के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन कराने, फल सब्जी की सभी गाड़ियां हर बड़े शहरों की तर्ज पर बाजार समिति में लगाने की मांग की।

पलामू जिला व्यवसायी संघ के सिल्वर जुबली कार्यक्रम आयोजित

# खासमहाल समस्या का जल्द ही होगा समाधान : राधाकृष्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवसायी संघ के सिल्वर जुबली कार्यक्रम का आयोजन शहर के निर्वाण रेड होटल में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू राम शामिल हुए।

बैठक में खासमहल, पेयजल, सुरक्षा, सहित व्यवसायी संघ के भवन निर्माण पर विशेष चर्चा संपन्न हुआ। बैठक में संरक्षक नवल तुलस्यान, महासचिव अनुपम तुलस्यान के साथ अन्य सदस्यों ने वित्त मंत्री को शॉल, बुके और माला के साथ शानदार स्वागत किया। फिर व्यवसायी संघ के सभी सदस्यों को वित्त मंत्री के हाथों भी सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल ने वित्त मंत्री के समक्ष खासमहल जमीन की समस्या के समाधान हेतु आग्रह किया साथ ही व्यवसायियों के सुरक्षा पर भी ध्यानाकृष्ट कराया। पंकज श्रीवास्तव ने पेयजल की समस्या को विस्तार से बताया। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं मनोज पहाड़िया और संघ के सदस्यों ने व्यवसायी संघ भवन के लिए वित्त मंत्री से आग्रह किया। सभी के प्रस्तावों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि वित्त मंत्री बनने के पश्चात मैंने झारखंड के बजट में राजा मेदिनीराय और पलामू की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक शामिल किया है। पलामू किला का जीर्णोद्वार इसमें प्रमुखता से शामिल है।

# आश्रितों को 10-10 लाख मुआवजा व एक परिवार को नौकरी दी जाये: कमलेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद के हैदरनगर थाना अंतर्गत खड़गड़ा नहर रोड पर बिजली के गिरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर सिमरसोत गांव के बिंदु मेहता और उनके पुत्र बिपिन मेहता की दर्दनाक मौत पर पूर्व विधायक भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि इस घटना से वह बेहद व्यथित है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति की कामना की। साथ ही परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पूर्व जनप्रतिनिधि होने के नाते वह इस घटना को केवल एक हादसा नहीं, बल्कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही मानते हैं। जर्जर तार पोल को ठीक करने की लोगों द्वारा



गुहार लगाने पर भी विभाग मौन बैठा रहता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को अविलंब दस दस लाख मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिया जाये, दोषी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उनपर कार्रवाई की जाए, पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की तत्काल समीक्षा कर जर्जर तार व पोल को बदलने की उन्होंने मांग की। उन्होंने कहा कि इसपर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलनात्मक रुख अपनाने को बाध्य होंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक घायल

हरिहरगंज पलामू। पिपरा थाना क्षेत्र स्थित एनएच 139 पर विजय तारा पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की रात करीब 8 बजे सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दूसरा युवक बुरी तरह घायल हो गया है। मृतक की पहचान छतरपुर थानांतर्गत कंचनपुर गांव के पिछुलिया टोला निवासी बसंत राम का 23 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार के रूप में हुई है। वहीं 20 वर्षीय चंदन कुमार नामक युवक घायल हो गया है। उसका एक पैर तथा एक हाथ टूट गया है। जिसे हरिहरगंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि दोनो युवक बाइक जेएच 03एम 6228 से छतरपुर की ओर से आ रहे थे। तभी उक्त स्थान पर अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गयी। पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया।

### सेवानिवृत शिक्षक की इलाज के दौरान मौत, शोक



हरिहरगंज पलामू। प्रखंड मुख्यालय के समीप रहनेवाले सेवानिवृत शिक्षक रमेश सिंह की पटना एम्स में इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गयी। करीब तीन माह पहले मार्निंग वॉक के दौरान गिर जाने से रीढ़ की हड्डी टूट गयी थी। उनका इलाज पटना एम्स में चल रहा था। वे 30 मार्च 2023 को सेवानिवृत्त हुए थे। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव औरंगाबाद जिला के ओबरा, तेजपुर में किया गया। निधन की सूचना मिलते ही शिक्षक समाज में शोक व्याप्त हो गया। शोक व्यक्त करने वालों में अजप्टा के प्रखंड सचिव संतोष राय, सतीश मिश्रा, विपिन राय, मृत्युंजय सिंह, अभिलाषा कुमारी, सिद्धि सिंह, अजय कुमार, संतोष गुप्ता, अर्जुन राम, चितरंजन कुमार, अनुपमा कुमारी, कृष्ण ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार शामिल थे।

## प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड स्तरीय केसीसी शिविर लगाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। प्रखंड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड स्तरीय किसान क्रेडिट कार्ड शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। शिविर के माध्यम से क्षेत्र के किसानों का आवेदन लेने का काम शुरू कर दिया गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बीएओ कार्यालय में शिविर लगाया गया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त पलामू के पत्रांक 419 दिनांक 30 अप्रैल 20-25 के आलोक में प्रखंड स्तरीय केसीसी शिविर में संबंधित केसीसी लेने वाले किसानों को पैनकार्ड, आधार कार्ड तथा जमीन संबंधित कागजात की छाया प्रति और वंशावली जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर कराके लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मई माह में प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड स्तरीय केसीसी कैंप लगेगा।प्रखंड तकनीकी मैनेजर वरुण सिंह यादव ने बताया कि सतबरवा प्रखंड अंतर्गत वित्तीय वर्ष 25 -26 में 400 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज परिसर में खुला छात्र संसाधन केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। सरकार व विश्वविद्यालय के निर्देश पर रेहला स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज परिसर में मंगलवार को छात्र संसाधन केंद्र (सीएससी) खोला गया। केंद्र का उद्घाटन सेवानिवृत डीएसओ सह कॉलेज के सचिव डॉ शशिनाथ नाथ चौबे व प्राचार्य कृष्ण कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डॉ शशिनाथ चौबे ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए हर जरूरी सुविधा कॉलेज परिसर में ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यह केंद्र




खोला गया है अब कॉलेज के छात्र-छात्राओं को किसी तरह के ऑनलाइन कार्य के लिये अन्यत्र जगह जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्राचार्य के के चौबे को कहा कि महाविद्यालय को सुविधा संपन्न बनाने का हर प्रयास किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को सभी संसाधन कॉलेज परिसर से ही उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

### कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग ने की बैठक



हैदरनगर पलामू। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (झारखंड सरकार) के आह्वान पर पलामू जिला अंतर्गत प्रखंड हैदरनगर कार्यालय में विशेष बैठक आहूत की गयी। जिसमें किसानों के लिए नया केसीसी आवेदन, केसीसी ऋण माफी एवं किसान रजिस्ट्रेशन करने पर विशेष चर्चा की गयी। अध्यक्षता कृषि प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेंद्र सिंह ने की, जिसमें सभी किसान मित्रों एवं सभी उपस्थित महिला समूह सखी मंडल तथा किसानों को स्वागत किया गया एवं प्रखंड के प्रगतिशील किसानों को आधुनिक एवं तकनीकी जानकारी दी गयी। साथ ही प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि सभी किसानों को छह से 31 मई तक दैनिक कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर किसानों को लंबित योजनाओं से आच्छादित कराने को कहा। मौके पर प्रखंड तकनीकी सहायक प्रवीण जहां, जनसेवक अमरेश कुमार, कृषि मित्र रामसुंदर मेहता, अभय कुमार सिंह, सुदर्शन यादव उपस्थित थे।

### मुखिया ने सोनपुरवा को दिलाया ट्रांसफार्मर



मेदिनीनगर। पोलपोल कला मुखिया पुष्पा देवी के अथक प्रयास से पंचायत के सोनपुरवा गांव में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग से उपलब्ध कराया गया है। ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मुखिया पति शिक्षक सह सामाजिक कार्यकर्ता भरदुल सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ शमीम अंसारी आदि ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर भरदुल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय मे बिजली लोगो का जरूरत है। बिजली व्यवस्था ठप रहने से बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ लोगों के जन जीवन पर व्यापक असर पड़ रहा था। ट्रांसफार्मर लग जाने से लोगों को विद्युत आधारित कार्य करने में सुविधा होगी।

## बालू माफिया नियम को ताक पर रख कर रहे हैं बालू का भंडारण

- भट्ठी चौक से रोटरी स्कूल तक जगह-जगह बालू का अवैध भंडारण, जिम्मेवार अधिकारी हैं मौन

प्रेम रंजन तिवारी

चैनपुर (पलामू)। चैनपुर नगर निगम अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय से महज एक किलोमीटर की दूरी पर भट्ठी चौक से रोटरी स्कूल तक जगह-जगह अवैध रूप से भारी मात्रा में बालू का भंडारण किया गया हैं। जबकि बता दें कि जिला स्तर पर खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त शशि रंजन ने सख्त लहजे में अधिकारियों को निर्देश देते आ रहे हैं कि अवैध खनन भंडारण एवं वितरण पर लगातार कार्रवाई करते रहने का निर्देश देते हैं, लेकिन उसका जमीनी स्तर पर कितना



अनुपालन होता है, बालू के अवैध भंडारण से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। लेकिन बालू माफिया अधिकारियों का निर्देशों को नजर अंदाज करते हुए अवैध बालू का उत्खनन कर सड़क के दोनों तरफ जगह-जगह भंडारण किया है।

### बुढ़ीवीर में बिजली तार गिरने से गाय की मौत

चैनपुर पलामू। थाना क्षेत्र के बुढ़ीवीर गांव में सोमवार की शाम पांच बजे श्रवण पाल के गाभिन गाय की मौत बिजली तार गिरने से हो गयी। पशुपालक श्रवण पाल ने बताया कि उनके घर से कुछ दूर सवरी नदी के किनारे गाय चर रही थी, इसी दौरान 11 हजार बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा। इसकी चपेट में गाय आ गयी व तत्काल उसकी मौत हो गयी। श्रवण पाल ने बताया कि घटना में दो कुत्ते व तीन लोमड़ियों की भी मौत हो गयी है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता दामोदर रंजन ने बताया कि तार को ठीक कर दिया गया है।

## छात्राएं अपने आप को कभी मत समझें असुरक्षित : थाना प्रभारी

- नीलांबर पीतांबर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया सदर थाना का किया भ्रमण
- सदर थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली से कराया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला के एसपी के निर्देश पर सदर प्रखंड स्थित राजेन्द्र मिश्रा मेमोरियल नीलांबर पीतांबर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सदर थाना का भ्रमण किया। मौके पर सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने छात्र छात्राओं को कलम, कॉपी प्रदान कर पुरस्कृत किया। म

ौके पर एसआई रंजीत कुमार, एएसआई आनंद कुमार, एएसआई पंकज तिवारी ने भी विद्यार्थियों को



पुलिस के कार्य व कानून की जानकारी दी। सदर थाना प्रभारी ने छात्रों को थाना का भ्रमण कराया तथा उन्होंने पुलिस के द्वारा थाना में की जाने वाले विभागीय कार्य के संबंध में छात्रों को बताया।

# हैदरनगर में बिजली की बदतर स्थिति से उपभोक्ता हैं परेशान

नरेंद्र प्रसाद गुप्ता

हैदरनगर पलामू। हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में बिजली के अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ताओं में काफी रोष है। उपभोक्ताओं ने बताया कि अन्य प्रखंडों में बिजली काटने का समय निर्धारित है। उसी समय बिजली की आपूर्ति बंद कर क्षेत्र में कार्य किये जाते हैं। जबकि हैदरनगर प्रखंड में जब जिस लाइन मैन का मन हुआ वह बिजली बंद करा कर काम करने लगते हैं। जिससे बिजली का आना जाना लगा रहता है। बिजली उपभोक्ता कौशल किशोर ने कहा कि



हैदरनगर के विद्युत उपभोक्ता व अन्य।

अन्य प्रखंडों में दिन में एक बार बिजली एक निर्धारित समय पर काट कर गांव या शहर में लाइन मैन द्वारा कार्य किया जाता है। आपात स्थिति को छोड़ कर उन प्रखंडों में मेंटेनेंस के लिए एक घंटे का समय निर्धारित कर दिया गया है। उपभोक्ता बदरुद्दीन ने कहा कि हैदरनगर में बिजली की आन मिचौली लगातार जारी रहती है। हैदरनगर को बिजली देने वाले चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन से जब बात की जाती है उनका यही जवाब रहता है कि लाइन मैन के द्वारा परमिट लिया गया है। अभी क्षेत्र में काम हो रहा है।

उन्होंने विभागीय अभियंताओं से कार्य का समय निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ता निश्चिंत रहेंगे कि इतना से इतना बजे तक बिजली नहीं रहेगी। सुनील कुमार ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो हैदरनगर के विद्युत उपभोक्ता चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन में ताला बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति को छोड़ लाइन मैन को क्षेत्र में कार्य करने का एक निश्चित समय निर्धारित होने चाहिए। सुबह दस बजे से शाम 5 बजे तक किसी भी समय एक घंटा मेंटेनेंस का समय निर्धारित कर उपभोक्ताओं को जानकारी दे दिया जाए तो उपभोक्ता भी निश्चिंत रहेंगे। जफरुद्दीन खान ने कहा कि हैदरनगर में बिजली व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गयी है।

# 1980 के दशक में बना राजहरा पंचायत के बिलहोरी डैम का अस्तित्व खतरे में

मनीष दुबे

पाटन पलामू। प्रखंड के राजहरा पंचायत अंतर्गत बिलहोरी डैम का अस्तित्व खतरे में है। विलहोरी डैम का निर्माण लगभग पचास वर्ष पहले 1980 के दशक में किया गया था इस डैम से सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई की जाती थी। मत्स्य विभाग से मछली पालन के लिए टेंडर किया जाता था तथा बड़े पैमाने पर मछली पालन किया जाता था। यह डैम 27 एकड़ भूमि में बनाया गया है। इस डैम का जीर्णोद्धार हेतु पांच वर्ष पहले लघु सिंचाई से शिलान्यास किया गया था किन्तु जीर्णोद्धार का कार्य नाम मात्र का किया गया जिससे विलहोरी डैम की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।



यह डैम जंगल के बीचोंबीच स्थित है। ग्रामीणों ने बताया कि यह डैम का अगर जिर्णोद्धार हो जाता तो सिंचाई एवं पीने के लिए पानी क समस्या खत्म हो जाती। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के आते ही डैम सुख जाती है पानी का लेयर निचे चला जाता है जिससे आदमी के साथ साथ जीव जंतु को भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है विलहोरी डैम का जब निर्माण हुआ था आस पास खेती से भूमि लहराते रहता था, लेकिन आज सिंचाई का साधन नहीं रहने के कारण सैकड़ों एकड़ भूमि बंजर होने कि इसथिति में हो गया है वहीं लोग मछली पालन कर अपनी आमदनी किया करते थे मछली पालन जीविकोपार्जन का साधन हुआ करता था लेकिन आज डैम का अस्तित्व खतरे में हो जाने से सभी खत्म हो गया है विभाग के द्वारा भी कोई सुध नहीं ली जा रही है और फिर से इस डैम का जीर्णोद्धार कर दिया जायेगा तो सिंचाई के साथ साथ लोगों का मछली पालन का साधन हो जायेगा लोग फिर खुशहाल हो जायेंगे। विलहोरी एवं आसपास के ग्रामीणों ने विभाग से डैम का जीर्णोद्धार करने का मांग किया है ताकि यह डैम अपने अस्तित्व में आ सके तथा लोगों की समस्या दूर हो सके।

# डालसा ने शिक्षा व नशामुक्ति पर दिया जोर

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मंगलवार को रंका प्रखंड स्थित संत जोसेफ मध्य विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के महत्व, नशामुक्त जीवन और सामाजिक समरसता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में 800 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन और अनुशासन के महत्व पर बल दिया। साथ ही आदिवासी और अनुसूचित जनजाति समुदाय के बच्चों को विशेष रूप से शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। राजेश कुमार ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत बच्चों को किताबें, बैग, स्कूल ड्रेस, जूते, कॉपी, पेंसिल सहित कई जरूरी सामग्री निःशुल्क प्रदान की जाती है। इसके अलावा डीबीटी के माध्यम से पोशाक और मोजे के लिए भी आर्थिक सहायता दी जाती है। सिस्टर मुक्ति ने नशे से दूर रहने और नशे के विरुद्ध सामाजिक अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि नशे के कारण युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। वहीं, शिक्षक अजीत कुमार ने सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में प्रेम, सहानुभूति और एकता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## गढ़वा के डुमरिया गांव में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**गढ़वा।** प्रखंड के डुमरिया गांव में धार्मिक आस्था से ओतप्रोत माहौल में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पूर्व मुखिया सुमेर तिवारी के आवास पर एकादशी उद्यापन एवं गृह प्रवेश के शुभ अवसर पर किया गया है। तिवारी ने जानकारी दी कि यज्ञ की शुरूआत एक मई को भव्य शोभायात्रा, बेदी पूजन और श्रीमद् भागवत महात्म्य की कथा के साथ की गई थी। प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक श्रीमद् भागवत का पारायण हो रहा है, जबकि दोपहर 3:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक व्यास पीठाचार्य श्री स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज कथा का वाचन कर रहे हैं।

# तेज हवा और बारिश से रमना क्षेत्र अस्त-व्यस्त

## शहरी इलाकों में जलजमाव से लोगों को भारी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रमना।** सोमवार की शाम तेज हवा और झमाझम बारिश ने रमना समेत आसपास के इलाकों को अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश के कारण मड़वनिया, कबीसा और बुलका जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अब तक बाधित है। मौसम में अचानक आई ठंडक से लोगों को हल्की ठिठुरन का भी एहसास हुआ। बारिश के बाद शहर के एनएच-75 मुख्य सड़क सहित बाबूडीह, सिलीदाग, गम्हरिया और बुलका मार्ग पर भारी जलजमाव हो गया। जलजमाव के कारण आम लोगों, खासकर मरीजों और वरिष्ठ नागरिकों को अस्पताल और बाजार तक पहुंचने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सर्वेश्वरी चौक तक पैदल चलना भी लोगों के लिए मुश्किल हो गया, जहां राहगीरों को घुटनों तक पानी में चलना पड़ा। स्थानीय दुकानदारों ने भी जलजमाव और बदबू के कारण बुधवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। लोगों ने बताया कि वर्षों से नाले की सफाई और जल निकासी की समस्या बनी हुई है, जिससे हल्की बारिश में भी सड़कों पर पानी भर जाता है।

झमाझम बारिश से जहां लोगों को कुछ समय के लिए गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों को गेहूं की फसल को भारी नुकसान झेलना पड़ा। बारिश रुकते ही शहर की गलियों में महिला-पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी, लेकिन दोबारा बारिश शुरू होते ही पूरा इलाका वीरान हो गया।

इस संदर्भ में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने बताया कि सर्वेश्वरी चौक से विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर जलजमाव की समस्या वर्षों से बनी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क किनारे नाली निर्माण कर जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि लोगों को इस समस्या से मुक्ति मिल सके।

# कांडी के पहाड़ी इलाकों को सिंचाई सुविधा से जोड़ा जायेगा : विधायक

**नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जटकुटवा पहाड़ पर चेक डैम बनाकर वहां से बहने वाले पानी को नहरों के माध्यम से समस्त तराई क्षेत्र की असिंचित भूमि तक पहुंचाया जायेगा**

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करते विधायक नरेश प्रसाद सिंह।

**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कांडी प्रखंड के पहाड़ी इलाकों का दौरा कर वहां सिंचाई परियोजनाओं की संभावनाओं का निरीक्षण किया।

तपती दोपहर में उन्होंने जमुदहा डैम और जटकुटवा पहाड़ क्षेत्र का मुआयना किया और भविष्य में चेक डैम के निर्माण की योजना की जानकारी दी।

विधायक ने कहा कि जटकुटवा पहाड़ पर चेक डैम बनाकर वहां से बहने वाले पानी को नहरों के माध्यम से समस्त तराई क्षेत्र की असिंचित भूमि तक पहुंचाया जाएगा। इससे हजारों एकड़ बंजर भूमि दो फसली कृषि भूमि में तब्दील हो जाएगी।

उन्होंने इसे अपने विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जल्द ही इस दिशा में बड़ा निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने तालाबों और चेक डैमों का जिर्णोद्धार कर प्रत्येक किसान के खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सकें और अन्न के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें।

क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के विस्तार से स्थानीय किसानों को अधिक उपज और बेहतर आमदनी की संभावना भी बढ़ेगी। निरीक्षण के दौरान शंभूनाथ सिंह, उपेंद्र यादव, गोरखनाथ सिंह, धनंजय प्रसाद सिंह, बटेश्वर सिंह, उदल राम, मिंटू राम, वैद्यनाथ रजवार, विधायक प्रतिनिधि आतिश सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## मनरेगा से बने कुओं की जांच के लिए पहुंची टीम

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत में मनरेगा योजना के तहत निर्मित कुओं की गुणवत्ता और उपयोगिता की जांच को लेकर जिला प्रशासन की विशेष टीम ने मंगलवार को गांवों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने कई कुओं का भौतिक सत्यापन कर उनकी वीडियोग्राफी भी की, साथ ही स्थानीय ग्रामीणों से जलसंकट व कुओं की उपयोगिता को लेकर फीडबैक लिया। जांच के दौरान यह भी जानकारी मिली कि कई कुओं की खुदाई में मनरेगा के नियमों के विपरीत पोकलेन मशीनों का प्रयोग किया गया है। जिससे दिहाड़ी मजदूरों को मिलने वाला रोजगार प्रभावित हुआ है। वहीं, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इन मशीनों के उपयोग से मजदूरी में कटौती कर योजनागत भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है।


**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, लोहरदगा**
**(मनरेगा कोषांग)**
**(Third Call)**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची पत्रांक (N)273(अनु0) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना हेतु खाद एवं अन्य सामग्रियों के क्रय के लिये योग्य एवं पंजीकृत ग्राम संगठन / कृषक उत्पादक कंपनी / कृषक उत्पादक समूह / कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास सामग्रियों के कारोबार करने का प्रमाण पत्र एवं GST No. उपलब्ध है, उनसे मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता से सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 13.05.2025 को 11.00 बजे पूर्वाहन तक उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा, लोहरदगा के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 13.05.2025 को 12.00 बजे अपराहन निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

**नोट :–** निविदा की विस्तृत शर्तें एवं अन्य जानकारी लोहरदगा जिले के वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, लोहरदगा

PR 351719 Lohardaga(25-26)#D



**झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
निगम कार्यालयः कुसई कॉलोनी डोरण्डा, रॉंची–834002

**सूचना**

श्री योगेन्द लाल राय,
मकान संख्या -25/2A,
नियर पंचमणी मंदिर,
धुर्वा, रॉंची–834004

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा सामान्य डाक के माध्यम से,
1. महाप्रबंधक (मा०सं० एवं प्रशा०) एवं
2. महाप्रबंधक (अंकेक्षण), झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड, कुसई, डोरण्डा, रॉंची के पते पर झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के जमशेदपुर प्रक्षेत्र में कार्यरत पदाधिकारी के विरूद्ध शिकायत पत्र प्रेषित किया गया है।

आप संबंधित शिकायत के सत्यापन के संदर्भ में मजिस्ट्रेट के समक्ष किये गये शपथ पत्र के माध्यम से शिकायत को सत्यापित करते हुए साक्ष्य सहित दिनांक 14.05.2025 को अपराह्न 01:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने की कृपा करें।

उपरोक्त के संबंध में आपको पूर्व में दिनांक 13.02.2025 को स्पीड पोस्ट से भेजा गया पत्र वापस लौट गया है।

आपको अंतिम अवसर देते हुए यह सूचित किया जाता है, निर्धारित तिथि 14.05.2025 को यथा समय उपस्थित होकर साक्ष्य तथा शपथ–पत्र प्रस्तुत करें अन्यथा आरोपों को सत्यापित नहीं मानते हुए आपके द्वारा समर्पित शिकायत पत्र को निरस्त कर दिया जाएगा।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह०/–
(आदित्य कुमार)
महाप्रबंधक (मा०सं० एवं प्रशा०)

PR 351747 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D



**Government of Jharkhand**
**Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat, Latehar**

**e- Procurement Notice**
Notice No. - **NIT No. - UDD/LNP/03/2025-26** Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 15वें वित्त आयोग मद से | | | | |
| 01 | 01/LNP/03/2025-26 | Construction of P.C.C. Road at Banpur Ward No 02 From House of Bindu Ram to Tihara More Karkat Siwana Under Nagar Panchayat Latehar. | 17340318.00 | 346900.00 | 10000.00 | चार माह |
| 02 | Date of Publication of Tender on website | | 07.05.2025 at 11:00 AM | | | |
| 03 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https://jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 04 | Date start of submission of bids | | 08.05.2025 at 10:00 am | | | |
| 05 | Last Date/Time of submission of bids | | 27.05.2025 upto 03:00 pm | | | |
| 06 | Technical Bid opening date (Online) | | 29.05.2025 at 2.00 PM | | | |
| 07 | Tender Bidding System | | Two Bid System (Technical Bid & Financial Bid) | | | |
| 08 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 09 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 10 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 351734 (Urban Development)25-26*D


## स्पीड न्यूज

### इसरो वैज्ञानिक डॉ. कस्तूरीरंगन को ज्ञान निकेतन में दी गयी श्रद्धांजलि





गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में इसरो के महान वैज्ञानिक और राज्यसभा सांसद डॉ. के कस्तूरीरंगन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने इस महान वैज्ञानिक के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय निदेशक मदन प्रसाद केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने डॉ कस्तूरीरंगन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर निदेशक केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ कस्तूरीरंगन भारत के अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थे। उनके मार्गदर्शन में इसरो ने मंगलयान और चंद्रयान–1 जैसी ऐतिहासिक सफलताएं हासिल कीं। वे न केवल विज्ञान के क्षेत्र में, बल्कि शिक्षा सुधार की दिशा में भी अहम भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुख्य शिल्पकार रहे। उन्होंने कहा कि विज्ञान और शिक्षा में डॉ कस्तूरीरंगन का योगदान अगली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। छात्रों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर शिक्षक खुर्शीद आलम, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, विकास कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, रागिनी, ऋषभ श्रीवास्तव, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### कांडी के बलियारी गांव में तीन दिन से टूटा पड़ा बिजली तार, हादसे की आशंका



कांडी। प्रखंड के बलियारी गांव स्थित पूरब टोला में रविवार को आई तेज आंधी–तूफान में बिजली का एलटी तार टूटकर गिर गया, जिससे टोले में दहशत फैल गई। टूटे तार में बिजली प्रवाहित हो रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने तुरंत बिजली ग्रिड और मिस्त्री को सूचना दी, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के झोंकों से तार में फॉल्ट आ गया और उसमें आग लग गई। आग की तेज लपटों और धमाके से पूरा टोला दहशत में आ गया। ग्रामीणों ने किसी तरह बालू डालकर आग बुझाई और अपने–अपने कनेक्शन ऑफ कर दिए। हालांकि, बिजली आपूर्ति अब भी तार में चालू है, जो खतरे को और बढ़ा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही आम हो गई है। बिना घूस के न तो कनेक्शन मिलता है और न ही फॉल्ट सही होता है। यहां तक कि शिकायत करने पर मिस्त्री कनेक्शन काटने और भविष्य में कोई फॉल्ट न ठीक करने की धमकी भी देते हैं। ग्रामीण बलराम दुबे, रामानंद दुबे, सच्चितानंद दुबे, रविरंजन दुबे, आलोक दुबे सहित कई लोगों ने उपयुक्त पदाधिकारी से मांग की है कि क्षेत्र में टूटे तारों को अविलंब ठीक कराया जाए और बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### रमना में भगत सिंह चौक पर भयंकर जाम, दो घंटे तक यात्री फंसे रहे



**रमना।** सोमवार की रात रमना के शहीद भगत सिंह चौक पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई जब एनएच 75 समेत तीन दिशाओं से अचानक सैकड़ों वाहनों की आमद ने चौक को पूरी तरह ठप कर दिया। यह स्थिति रात करीब साढ़े आठ बजे उत्पन्न हुई और दो घंटे तक यात्री वाहनों में फंसे रहे। बारातियों से भरे वाहनों, ट्रकों और निजी कारों की अव्यवस्थित आवाजाही से चौक पर अफरातफरी मच गई। तीन से चार लेन तक खड़े वाहनों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। जाम का असर बिशनपुरा रोड, डंडई रोड और एनएच से सटे गली–मोहल्लों तक दिखा। स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से रात करीब 10:30 बजे स्थिति पर काबू पाया। खास बात यह रही कि बारात में शामिल लोगों ने भी अनुशासन का परिचय देते हुए यातायात बहाल करने में मदद की। दुकानदारों और वाहन चालकों ने बताया कि चौक पर ट्रैफिक जाम अब रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। स्थानीय लोग लंबे समय से यहां स्थायी ट्रैफिक व्यवस्था की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

## शादी से कुछ दिन पहले लड़की हुई घर से फरार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी से चंद दिन पहले ही एक युवती अपने घर से फरार हो गई। जानकारी के अनुसार, युवती की शादी 5 मई को गढ़वा जिले के खरौंधी थाना क्षेत्र में तय थी और उसी दिन लड़की पक्ष को तिलक चढ़ाने जाना था। लेकिन तिलक समारोह से पहले ही युवती अचानक घर से गायब हो गई। बताया जा रहा है कि युवती अपने विवाह से असंतुष्ट थी और परिजनों द्वारा मनमाने ढंग से लिए गए फैसले से नाराज चल रही थी। शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, मगर मौके का फायदा उठाकर युवती घर से निकल गई, जिससे तिलक की रस्म भी तय समय पर नहीं हो सकी।

## सोशल वर्कर संस्था ने संकट मोचन मंदिर के समीप किया भंडारा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**गढ़वा।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप साप्ताहिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंदों को प्रसाद स्वरूप पूरी, सब्जी और बुंदिया वितरित किया गया। भंडारे में गौरव गुप्ता अपने परिवार सहित मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वे अपनी पत्नी पूजा गुप्ता, माता-पिता ज्ञानप्रकाश गुप्ता, मंजू गुप्ता और पुत्र पार्थ गुप्ता के साथ विशेष दिन को समाजसेवा के रूप में मनाने पहुंचे। उन्होंने फूड फॉर हंगर अभियान के तहत आयोजित इस भंडारे में सहयोग कर जरूरतमंदों के बीच प्रसाद वितरण किया। गौरव गुप्ता ने मौके पर कहा इस संस्था से जुड़कर समाज की सेवा करने का सौभाग्य मिलना मेरे लिए गौरव की बात है। इससे आत्मिक संतुष्टि मिलती है। जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान देखकर लगता है कि हमारा छोटा सा प्रयास भी किसी के लिए बहुत मायने रखता है।

# भवनाथपुर में सड़क हादसे में 1 की मौत, 15 घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** मंगलवार को भवनाथपुर क्षेत्र में चार अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकतर हादसे शादी समारोह में भाग लेने जा रहे या लौट रहे लोगों के साथ हुए। पहली घटना टाउनशिप भाया कांडी रोड के इमलिया ढोढा के पास हुई, जहां एक कमांडर जीप बाइक सवार को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में खरौंधी थाना क्षेत्र के सोमारू सिंह और विजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य बारातियों को हल्की चोटें आईं। दूसरी दुर्घटना में रोहनिया से कवलदाग गांव जा रहा एक ट्रैक्टर, जो टेंट का सामान लेकर जा रहा था, कैलान के पास पलट गया। इसमें 17 वर्षीय रोहित पासवान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सीतेस यादव और धर्मेंद्र बैठा गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर कवलदाग निवासी जायनाथ यादव का बताया गया है। तीसरी घटना भवनाथपुर टाउनशिप के रेलवे साइडिंग के पास हुई, जहां एक बाइक और लूना की टक्कर में तीन लोग धर्मेंद्र कोरवा, अखिलेश कोरवा और देवनाथ कोरवा गंभीर रूप से घायल हो गए। ये लोग शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे जब पीछे से एक बाइक ने टक्कर मारी और फरार हो गया। चौथी दुर्घटना खरौंधी के अमरोरा गांव के पास तीखे मोड़ पर हुई, जहां एक लूना और बाइक की टक्कर में एस कुमार, उनकी पत्नी रीमा देवी और दो वर्षीय बेटा ओम कुमार घायल हो गए। यह परिवार यूपी के कोन रिश्तेदारी में शादी समारोह में जा रहा था। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार डॉ शैलेन्द्र कुमार और प्रियंका कुमारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम को घटनास्थलों पर भेजा।

# सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में अभाविप ने युवाओं से की भागीदारी की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 7 मई को आयोजित की जा रही राष्ट्रव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने युवाओं और विद्यार्थियों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की है। अभाविप ने इस अभ्यास को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक अहम और आवश्यक कदम बताया है। अभाविप गढ़वा के जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि यह मॉक ड्रिल देश के भीतर और सीमा पार से बढ़ते आतंकी और साइबर खतरों के मद्देनजर नागरिक सुरक्षा तंत्र की व्यापक तैयारी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास में एयर रेड सायरन परीक्षण, ब्लैकआउट की स्थिति जैसे विभिन्न पहलुओं पर फोकस किया जाएगा। शुभम ने कहा कि अभाविप न केवल इस मॉक ड्रिल का स्वागत करती है, बल्कि इसमें सक्रिय सहभागिता का संकल्प भी लेती है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं है, इसमें युवाओं और आम नागरिकों की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। अभाविप का मानना है कि इस तरह के अभ्यास युवाओं में अनुशासन, सतर्कता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं।


**कोर्ट नोटिस**

O.M संख्या-221/2024
पूजा मुण्डा वगैरह ..... वादी/प्रार्थी।
बनाम्
रूप चरण@ रामचरण मुण्डा...विरोधी पक्ष।

रूप चरण@ रामचरण मुण्डा, उम्र 39 वर्ष, पिता-जीत बाहन, निवसी-अमलो, पो.-अमलो, थाना-बेरमो, जिला - बोकारो, झारखण्ड :-

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ने आपके विरुद्ध न्यायालय में उपर्युक्त भरण पोषण हेतू ओरिजिनल भरण पोषण वाद संख्या-221/2024 दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा -125 के अंतर्गत दाखिल किया है जिसकी अगली सुनवाई की तिथि 09/06/25 को मुकर्र किया गया है।

अतः उक्त तिथि को समय प्रातः 10:30 बजे सुबह आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपके विरुद्ध वाद की कारवाई एक पक्षीय कर दी जायगी।



**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**"कतारी बगान से नामकुम–राँची स्टेशन के बीच कि0मी0–416.770 में Manned L.C.-MH-27 के स्थान पर पथ उपरी पुल (R.O.B) पथ परियोजना"**

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–शामलौंग (शीट–1) थाना–राँची, थाना सं.–212, अंचल–अरगोड़ा, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **"कतारी बगान से नामकुम–राँची स्टेशन के बीच कि0मी0–416.770 में Manned L.C.-MH-27 के स्थान पर पथ उपरी पुल (R.O.B) पथ परियोजना"** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम / मौजा–शामलौंग (शीट–1) थाना–राँची, थाना सं.–212, अंचल–अरगोड़ा, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा–**0.1194** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:–

**मौजा–शामलौंग (शीट–1)**

| खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (चुहद्द सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 464 | रैयती | | 0.1014 | बकास्त | 95 | 463 | 504 | ROAD |
| 67 | 472 | रैयती | | 0.0052 | पीआरी कोईरी, वल्द–धाशी कोईरी, जाति–कोइरी, निवासी–साकीन देह मोहलिल | 504 | 473 | 476 | ROAD |
| 67 | 476 | रैयती | | 0.0095 | पीआरी कोईरी, वल्द–धाशी कोईरी, जाति–कोइरी, निवासी–साकीन देह मोहलिल | 472 | 475 | 470 | ROAD |
| 26 | 1360 | रैयती | | 0.0033 | गंगा तेली, वल्द – रघुनाथ तेली, वहिस्सा बराबरी, जाति– तेली, निवासी– साकीन चुटिया व हरख तेली, वल्द – संतोष तेली, वहिस्सा बराबरी, जाति– तेली, निवासी– साकीन चुटिया | 476 | 477 | 477 | ROAD |
| | | | कुल | 0.1194 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, भूमि का तल लेने तथा उसे मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 351758 (Land Reforms)25-26*D

# विश्व व्यापार में हलचल

डब्ल्यूटीओ के अस्तित्व में आने के बाद कई विकासशील देशों ने एकतरफा टैरिफ उदारीकरण को अपनाया है जिसके चलते विकसित देशों में विसंगतिपूर्ण सब्सिडी, गैर टैरिफ अवरोध और कठिन मानक सामने आए हैं। इससे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी दूरी बढ़ रही है। डब्ल्यूटीओ इसे हल नहीं कर पाया और इसकी वैधता को लेकर एक संकट उत्पन्न हुआ। व्यापक उथल-पुथल का प्रभावी तौर पर यह मतलब हुआ कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार विवादों का क्षेत्र बना रहा औरअमेरिका ने हाल ही में एकतरफा कदम उठाते हुए टैरिफ लगाए जाने से पिछली तमाम सहमतियां बेकार हो गईं। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ में भरोसा तथा वार्ता की उसकी क्षमता प्रभावित हुई। इस घटना ने आर्थिक वैश्वीकरण की बुनियाद को हिला दिया। ऐसे में भारत को दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता है।डब्ल्यूटीओ द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 1995 से 2023 के बीच विश्व व्यापार (वस्तु एवं वाणिज्यिक सेवाएं) में मजबूत वृद्धि देखी गई जो सालाना करीब 5.8 फीसदी रही। परिणामस्वरूप इसमें पांच गुना का इजाफा देखने को मिला। जैसा कि सबको पता है विश्व व्यापार में वृद्धि ने वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को पीछे छोड़ दिया जिसमें इसी समान अवधि में सालाना 4.4 फीसदी की दर से ही वृद्धि हुई। वैश्विक व्यापार-जीडीपी अनुपात में मजबूती आई। यह 1995 के 20 फीसदी से बढ़कर 2022 में 31 फीसदी पर पहुंच गया। हालांकि 2023 में इसमें गिरावट आई और यह 29 फीसदी रह गया। शोध एवं विकास तथा सबक कई बार एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं। ऐसे में पुरानी हिचकिचाहट को छोड़कर देश की जरूरतों से संबद्ध तकनीकी अवसरों में इजाफा करने में सरकार की भूमिका को कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है।




मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चाणक्य, चित्रगुप्त और शिवाजी जैसे हमारे महान जनों को मिला स्थान



**मुझे** यह सोचकर पीड़ा होती है कि आज भी हमारे बच्चों को इतिहास के नाम पर मुगल शासकों की गाथाएँ पढ़ाई जाती हैं, जबकि चाणक्य, चित्रगुप्त और छत्रपति शिवाजी जैसे हमारे महान विचारकों और योद्धाओं को पाठ्यक्रम में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता।

इतिहास केवल अतीत का आईना नहीं होता, वह आने वाली पीढ़ियों की दृष्टि का आधार भी होता है। अफसोस है कि भारत के वर्तमान शैक्षणिक ढाँचे में यह आईना धुंधला कर दिया गया है। मुगल दरबारों की चमक, विदेशी आक्रांताओं की वीरता और गुलामी के प्रतीकों को जिस तरह से भारतीय इतिहास के केन्द्र में रखा गया है, वह न केवल बौद्धिक अन्याय है, बल्कि सांस्कृतिक आत्महीनता का भी बीज है। आखिर कब तक हमारे बच्चों पर मुगल शासकों का बोझ लादा जाएगा। कब तक हमारी नई पीढ़ी औरंगजेब, बाबर, खिलजी की तलवारों को आदर्श समझेगी और अपने महान पूर्वजों की गाथाओं से अनजान रहेगी। यह प्रश्न केवल शिक्षा व्यवस्था का नहीं है, यह हमारी आत्मा और पहचान का भी प्रश्न है।

चाणक्य, जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है, कोई साधारण राजपुरुष नहीं थे। वे राजनीति, अर्थशास्त्र और कूटनीति के मनीषी थे। अर्थशास्त्र जैसा ग्रंथ लिखने वाला यह विचारक, केवल एक राजा का गुरु नहीं था। वह सम्राटों को राष्ट्रधर्म का बोध कराने वाला मार्गदर्शक था। पर क्या हमारे पाठ्यक्रम में चाणक्य के सिद्धांतों को वह स्थान मिला है, जो वह वास्तव में इसके हकदार थे ? किसी भी राष्ट्र की नीतिगत समझ अपने विचारशील नेताओं के दर्शन से बनती है। चाणक्य के सिद्धांत आज भी शासन, कूटनीति और प्रशासन के क्षेत्र में प्रासंगिक हैं। लेकिन जब इतिहास की किताबों में चाणक्य के नाम पर केवल 2-3 पंक्तियाँ मिलती हैं, तब समझ आता है कि ज्ञान के सूर्य को कितनी कृत्रिम छाया से ढक दिया गया है।

इसी तरह चित्रगुप्त, एक ऐसा नाम जो केवल धार्मिक आस्थाओं तक सीमित कर दिया गया है। परन्तु उनका महत्व एक अत्यंत उच्च कोटि के सामाजिक व्यवस्थापक का भी था। वे कर्म का लेखा-जोखा रखने वाले देवता माने जाते हैं, पर इसका व्यापक आशय आज की पीढ़ी को नहीं सिखाया जाता। चित्रगुप्त न्याय और दायित्व की उस परंपरा का प्रतीक हैं, जो भारतीय दर्शन की रीढ़ है। अगर हम अपने बच्चों को यह नहीं बताएँगे कि हमारे पूर्वजों ने न्याय, विवेक और उत्तरदायित्व को कितनी ऊँचाई दी थी तो वे विदेशी न्यायशास्त्रों को ही 'आधुनिक' और 'सर्वोत्तम' मानते रहेंगे।



- प्रियंका सौरभ

> भारत का इतिहास वेदों में है, उपनिषदों में है, रामायण और महाभारत में है, नालंदा और तक्षशिला में है, आर्यभट्ट, वराहमिहिर और भास्कराचार्य के विज्ञान में है। पर अफसोस कि बच्चों को इनकी जगह सिखाया जाता है कि कौन सा विदेशी ने भारत में रेल लाया, डाकघर लाया और किसने कानून सिखाया।

छत्रपति शिवाजी महाराज केवल योद्धा नहीं थे, वे भारतीय राष्ट्रवाद की जीवंत प्रतिमा थे। उनकी युद्धनीति, उनकी प्रशासनिक सूझबूझ और उनके धर्मनिरपेक्ष व्यवहार ने उस दौर में भी हिन्दुस्तान की अस्मिता को एक नई परिभाषा दी, जब भारत टुकड़ों में बँटा हुआ था। हैरत की बात है कि आज भी कई राज्यों के स्कूली पाठ्यक्रमों में शिवाजी का नाम केवल एक ह्यमराठा योद्धाह्न तक सीमित कर दिया गया है। क्या यही है हमारी ऐतिहासिक दृष्टि? क्या यह न्याय है उस नायक के साथ, जिसने 'हिंदवी स्वराज्य' की कल्पना को तलवार की धार पर जिया?

इतिहास सिर्फ. वो नहीं होता जो घटित हुआ, इतिहास वो होता है, जिसे बताया गया, पढ़ाया गया और दोहराया गया। जब पाठ्य-पुस्तकों में तैमूर, गोरी को विस्तार से पढ़ाया जाए और पृथ्वीराज चौहान, राणा प्रताप, गुरुगोबिंद सिंह, झाँसी की रानी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस को हाशिये पर डाल दिया जाए तो पीढ़ियाँ गुलाम मानसिकता की पाठशाला से ही निकलेंगी। भारत का इतिहास वेदों में है, उपनिषदों में है, रामायण और महाभारत में है, नालंदा और तक्षशिला में है, आर्यभट्ट, वराहमिहिर और भास्कराचार्य के विज्ञान में है। पर अफसोस कि बच्चों को इनकी जगह सिखाया जाता है कि कौन सा विदेशी ने भारत में रेल लाया, डाकघर लाया और किसने कानून सिखाया।

यह विषय केवल पाठ्यक्रम में नाम जोड़ने और हटाने का नहीं है। यह एक गहरी वैचारिक लड़ाई है, हमारे आत्मबोध, आत्मगौरव और सांस्कृतिक अस्तित्व की। अगर हमारी पीढ़ियाँ लगातार वही इतिहास पढ़ेंगी, जिसमें वे पराजित, गुलाम और निरीह चित्रित किए गए हैं तो वे स्वाभिमान और स्वतंत्र सोच कैसे विकसित करेंगी? हम यह नहीं कहते कि मुगल इतिहास को हटाया जाए। हम यह कहते हैं कि उसे भी उसी आलोचनात्मक दृष्टि से पढ़ाया जाए, जैसे किसी भी अन्य युग को। उसके साथ-साथ हमारे नायकों को भी वह सम्मान मिले जो वे पात्र हैं, दया नहीं।

जय सनातन का अर्थ केवल धार्मिक जयघोष नहीं है। यह उस मूल चेतना का आह्वान है जो भारत को भारत बनाती है जैसे सहिष्णुता, विज्ञान, दर्शन, आत्मानुशासन और कर्म। सनातन भारत की आत्मा में चाणक्य की नीति, शिवाजी की शौर्यता, चित्रगुप्त की न्याय भावना, विदुर की नैतिकता और महर्षि पतंजलि की योगमय सोच शामिल है। जब तक यह आत्मा पाठ्यक्रमों में नहीं झलकेगी, तब तक हमारी चेतना अधूरी ही रहेगी।

आज आवश्यकता है एक नए भारत के निर्माण की। ऐसा भारत जो अपने अतीत से शर्मिंदा न हो, बल्कि उस पर गर्व करे। हमें अपने इतिहास का पुनर्लेखन नहीं, पुनर्जागरण करना है। हमारे पूर्वजों की गाथाएँ, उनके सिद्धांत, उनके मूल्यों को नई पीढ़ी तक ले जाना कोई साम्प्रदायिक कार्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्तरदायित्व है। अब समय है कि हमारी शिक्षा नीति, पाठ्यपुस्तक समितियाँ और बौद्धिक संस्थान यह सोचें कि क्या हम एक आत्मनिर्भर, आत्मगौरव से युक्त भारत की नींव रख रहे हैं या गुलामी के रंग से रंगी हुई इमारतें बना रहे हैं? क्योंकि जो राष्ट्र अपने नायकों को भूलता है, वह अंततः स्वयं को भी खो देता है।

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### सहयोग सिद्धांत

**संयुक्त** राष्ट्र, विश्व बैंक, आईएमएफ और डब्ल्यूटीओ जैसी संस्थाएं आज आंतरिक संघर्षों और बाहरी दबावों के कारण अपनी प्रासंगिकता खोती दिख रही हैं। उनके नियम भी बदलती चुनौतियों के सामने कमजोर पड़ते हैं। नया वैश्विक मॉडल विकसित करें, राजनीतिक चुनौतियों का समाधान दे। **- रवि, रांची**

## ट्वीट

**पहलगाम** हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख में, शहीद के दर्जे की उनकी मांग में, मैं साथ खड़ा हूं।

प्रधानमंत्री से आग्रह है कि वो इस त्रासदी में जान गंवाने वालों को यह सम्मान देकर उनके परिवारों की भावना का आदर करें।

**- राहुल गांधी, सांसद**

**जिस** भी तरीके से मापें, सच्चाई यही है—

भारत में गरीबी घट रही है!

बहुआयामी गरीबी 2005-06 में 53.8% थी, जो 2022-23 में घटकर सिर्फ 15.5% रह गई है।

ये है न्यू इंडिया की असली तस्वीर! **- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# आधुनिक जीवन में ध्यान की प्रासंगिकता

समाज

**गिरीश्वर मिश्र**

**ध्यान** किसी तरह का धार्मिक उपक्रम नहीं है। यह बाहर से हट कर अंदर के अनुभवों को सम्बोधित करने वाला वैचारिक (रिफलेक्टिव) प्रयास है। एकाग्रता तथा अवगत या सचेत होना ही इसका मुख्य आधार है जो वर्तमान में बने रहने और मन की शांति को रेखांकित करता है। दरअसल आँख, कान, नाक, त्वचा आदि हमारे सभी संग्राहक बाहर की दुनिया से लगातार उद्दीपक लाते रहते हैं और उस सारी सामग्री की हमारे मन को व्याख्या करनी पड़ती है। हमारी आँखों से एकत्रित सूचनाओं की बाहर की दुनिया से मिलने वाली सम्पूर्ण सूचनाओं के करीब दो तिहाई भाग की हिस्सेदारी होती है। ये सारी सूचनाएँ हमारे चेतन मन पर असर डालती हैं। तनाव के क्षणों में मन अंदर और बाहर से पैदा होने वाले विचारों से जूझता है। ये विचार ध्यान पाने के लिए आपस में प्रतिद्वंदिता करते हैं और एक-दूसरे से टकराते भी हैं । सूचनाओं की बढ़ती मात्रा से सूचना का अतिभार पैदा होता है। तब अवधान की एकाग्रता घटने लगती है। एक साथ भारी संख्या में आते विचारों की अव्यवस्थित भीड़ का तनाव के अनुभव से बड़ा गहरा रिश्ता है। कहते हैं ध्यान का कार्य एक ब्लैकबोर्ड पर चाक से की गई सारी लिखावट को डस्टर से साफ करने जैसा होता है। सूचना और संचार की शब्दावली में कहें तो ध्यान करने से हमारी चेतना की बैंडविड्थ बढ़ जाती है।

ध्यान कई प्रकार का होता है। इसे सिर्फ विचार या कल्पना मान लेना ठीक न होगा। ध्यान के अंतर्गत आदमी सजग और सचेत होकर अपने भीतर की ओर गहन स्तर पर केंद्रित होता है। इसे आंतरिक ध्यानाकर्षण भी कह सकते हैं। ध्यान को मुख्यतः दो भागों में रखा जाता है। एकाग्र ध्यान तथा सचेत ध्यान इसके दो मुख्य प्रकार पहचाने गए हैं। एकाग्र ध्यान करने में किसी एक विचार पर अवधान (अटेंशन) को केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत किसी मंत्र, शब्द या ध्वनि पर अवधान केंद्रित करना सम्मिलित है। एकाग्र होने से मन भटकता नहीं है। ध्यान के फलस्वरूप होने वाले मुख्य अनुभवों में आंतरिक एकाग्रता, प्रशांति और सहज भाव मुख्य होते हैं। ध्यान में वर्तमान का सम्पूर्ण अनुभव होता है। भावातीत ध्यान भी इसी तरह का है जो पश्चिम में बड़ा लोकप्रिय हुआ। सचेत ध्यान (माइंडफुलनेस मेडिटेशन) में सभी आ रहे विचारों को स्वीकार किया जाता है और उनको नियंत्रित करने की कोई कोशिश नहीं की जाती है। बिना किसी निर्णय या भावनात्मक लगाव के उनको अनुभव किया जाता है। जेन ध्यान, विपश्यना, प्रेक्षा ध्यान, सहज ध्यान आदि कई प्रकार के ध्यान की परम्पराओं का विकास हुआ है।

वस्तुतः ध्यान से हमारी चेतना की दशा में बदलाव आता है। विस्तार में कहें तो देश और काल के अनुभव, वर्तमान की उन्मुखता, ग्रहणशीलता में वृद्धि और स्वयं को अतिक्रांत करने की वृत्ति जैसे बदलाव प्रमुखता से पाए गए हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि ध्यान लगाने से जैविक शारीरिक स्तर पर अनेक परिवर्तन आते हैं। इनमें आक्सीजन की खपत में कमी, हृदय गति का धीमा होना तथा रक्तचाप कम प्रमुख हैं। ध्यान करने से मस्तिष्क में अल्फा तरंगें अधिक होती हैं।

ध्यान के लिए जरूरी है कि शांत स्थान पर आराम से स्थिर बैठने का अभ्यास किया जाए। तब श्वांस को सहज बना कर साक्षी भाव अपनाते हुए मन में आ-जा रहे विचारों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। स्वीकार करने की मनोवृत्ति के साथ केंद्रित और अविचलित बने रहना ध्यान की बड़ी उपलब्धि होती है। कहते हैं कि ध्यान एक मानसिक झाड़ू जैसा होता है जो मन के सभी कोनों में सफाई कर देता है। ध्यान मन की स्थिति है जिसके लिए एकाग्रता का अभ्यास जरूरी होता है। वस्तुतः ध्यान हमारी चेतना का अंतरण है। यह एक व्यवस्थित और पद्धतिबद्ध प्रक्रिया है। अभ्यास के साथ शरीर, स्वांस, इंद्रियाँ और मन इन सभी पर हम क्रमशः केंद्रित होते चलते हैं। आमतौर पर योगासन, स्ट्रेचिंग, आराम (रिलैक्सेशन), श्वांसन अभ्यास के बाद ज्ञान मुद्रा के साथ सुखासन या पद्मासन में बैठ ध्यान किया जाता है। ऐसे में अहं को चेतना के केंद्र की ओर ले जाना सम्भव हो पाता है। शांति, आनंद, स्वतंत्रता ही हमारी मूल प्रकृति है। जीवन और मृत्यु, आगमन-प्रस्थान सरीखे होते हैं। आंतरिक विकास तथा आत्मा और स्व के प्रति जागरूकता ध्यान की श्रेष्ठ उपलब्धि है। ध्यान के सतत अभ्यास से तनाव का प्रतिरोध संभव होता है और मानसिक शांति की अवस्था में वृद्धि होती है। ध्यान से आनंद में वृद्धि तथा अनुभव में संतुष्टि, स्पष्टता और सजगता आती है। तब शरीर विश्रांत, मन केंद्रित और स्वास्थ्य अच्छा होता है। ध्यान का उपचारात्मक प्रभाव पड़ता है और अभ्यास करने वाला व्यक्ति आत्मनिर्भर और आंतरिक बल से सम्पन्न होता है।

# कैमरा, 'भूख' और सोशल मीडिया

मीडिया

**प्रियंका**

**सोशल** मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं। वे कैमरे के फ्रेम में कैद होती जा रही हैं। आज अधिकांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत के लिए। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और जरूरतमंद की गरिमा अकसर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। इसलिए यूजर्स को अब आत्मपरीक्षण जरूर करना चाहिए कि क्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही दृश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, 'वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं।' पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है।

यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी जरूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो-क्या तब भी आप वही मदद करेंगे?


आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती है- संगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश।

इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की जरूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है-जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है।

कल्पना कीजिए एक दृश्य-एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो- 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शन-हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं...। कमेंट्स आते हैं—वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं। किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था? आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है।




## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा के पटेल नगर में ऑपरेटिव बैंक के नये भवन का उद्घाटन



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक भुरकुंडा के नवनिर्मित बैंक भवन का मंगलवार को पटेलनगर में उद्घाटन झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष विभा सिंह ने किया। मौके पर बैंक के निदेशक प्रभात सिंह, सरोज सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामोध प्रसाद, चीफ मैनेजर प्रीतेश पाठक, रीजनल मैनेजर जीतेश कुमार, सीओ ब्रजेश्वरनाथ, भुरकुंडा शाखा प्रबंधक अमित सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद थे। विभा सिंह ने इसे क्षेत्र के आर्थिक विकास की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस शाखा के खुलने से अब स्थानीय लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। निदेशक प्रभात सिंह ने भरोसा दिलाया कि शाखा में किसानों, छोटे व्यवसायियों और आम नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप सभी आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### राकमवि भुरकुंडा में संयोजिका का चयन



भुरकुंडा (रामगढ़)। ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में मंगलवार को मुखिया सत्यवंती देवी के देखरेख में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यकारिणी तथा संयोजिका का चयन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ज्योति लकड़ा, उपाध्यक्ष लखेंद्र बेदिया, पदेन सचिव रवीश कुमार चुने गये। वहीं सदस्यों में रवि नायक, राजू भुंइया, नीतू देवी, रोशनी देवी, नेहा देवी, नाजनीन परवीन, ललिता देवी, सूमी मरांडी, छुवी देवी, रेणुका देवी एवं देवंती देवी को संयोजिका के रूप में चयन किया गया। पर्यवेक्षक विभाग की ओर से शिक्षक रवींद्र पासवान व उमेश कुमार उपस्थित थे।

### भुरकुंडा की दीपिका को मिला लहंगा



भुरकुंडा (रामगढ़)। अकेलानगर निवासी रमेश नायक और मुन्नी देवी की पुत्री दीपिका कुमारी को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से मंगलवार को एक लहंगा भेंट किया गया। भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा और मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह ने दीपिका को उपहार देते हुए आशीर्वाद दिया। राकेश सिन्हा व अमरेश सिंह कहा कि यह कदम समाज में सकारात्मक संदेश देगा। अमरेश सिंह ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों के सहयोग के लिए भाजपा हमेशा तत्पर रहती है, और यह प्रयास उसी दिशा में एक छोटा किंतु सार्थक कदम है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए सांसद मनीष जायसवाल का आभार प्रकट किया और अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। मौके पर अरुण नायक सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### कुजू बस्ती में घर से लाखों की चोरी



कुजू। कुजू बस्ती निवासी सीताराम प्रसाद के आवास में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। साथ ही चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के आभूषण सहित नगदी की चोरी कर ली। भुक्त भोगी ने ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभार प्रभारी अभिनव कुमार के साथ टेक्निकल सेल के अधिकारी आवास पहुंचकर जांच की। आवेदन में कहा है कि अपने भतीजे के शादी में शामिल होने के लिए सपरिवार रामगढ़ गए थे। रात्रि करीब 2 बजे जब वापस घर लौटे तो देखा कि आवास के मैन गेट का ताला टूटा है। जब अंदर प्रवेश किया तो विभिन्न कमरों के दरवाजा को टूटा पाया। अलमारी में से नगदी 1 लाख 25 हजार सहित 6 लाख 50 हजार मूल्य के सोना- चांदी गायब पाया।

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में बैठक



रजरप्पा। सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में मंगलवार को विद्या विकास समिति के विभाग प्रमुख (जमशेदपुर) तुलसी प्रसाद ठाकुर, रामगढ़ संकुल प्रमुख सह रामगढ़ विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण चौधरी के साथ स्थानीय विद्यालय के आचार्यों की योजना बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में 12-13 मई को सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में आयोजित होने वाले प्रांतीय संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक बैठक एवं प्रांतीय विषय प्रमुख तथा विषय सह प्रमुख बैठक को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना, अमरदीप, बच्चूलाल तिवारी, चितरंजन लाल खन्ना, अनिल कुमार त्रिपाठी, रेखा कुमारी, ललिता गिरि, डॉ गायत्री कुमारी, पूनम सिंह, ज्योति राजहंस, गायत्री कुमारी आदि उपस्थित थे।

### रैली में शामिल हुये कई कांग्रेसी




भुरकुंडा (रामगढ़)। प्रदेश कांग्रेस द्वारा रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में मंगलवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सुजीत पटेल ने रवाना होने से पूर्व कहा कि आज देश में संविधान पर गहरा संकट मंडरा रहा है। जिस तरह राहुल गांधी ने जातीय जनगणना की मांग को लेकर आवाज उठाई। भाजपा सरकार संविधान और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, धारा 19 जैसे मौलिक अधिकार खतरे में हैं। पतरातू प्रखंड से रैली में प्रमुख रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, चमन लाल, इकबाल हुसैन, अनिल सिंह, बबीता सिंह, अमर यादव, रामयज्ञ सिंह, संजय यादव, लखन मुंडा, रामकिशोर महतो, वीरू सिंह, असगर अली, सरफराज अहमद, शंभू सिंह, संजीव कुमार सिंह, अनिल कुशवाहा, प्रकाश दास, पवन यादव, शहजादा तालीम, मुनंद दास, मुनेश्वर बेदिया, सोमेश्वर बेदिया, फिरदौस आलम, शिव करमाली, मुस्लिम अंसारी, दिनेश दास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# हे हुकूमत, कब जगेगा तुम्हारा सिस्टम?

## हजारीबाग की 7 साल पुरानी फाइलें चीख रही हैं, इंसाफ दो

अभय कुमार सिंह




**हजारीबाग।** झारखंड का हजारीबाग जिला आज एक ऐसे अंधेरे में डूबा है, जहां हत्याएं, अपहरण, और संगठित अपराध सिर्फ घटनाएं नहीं, बल्कि रोजमर्रा की बात बन गई हैं। पिछले सात सालों में यहां 8 बड़े मामले सामने आए और हर मामले ने शहर को झकझोरा, मीडिया में सुर्खियां बटोरीं, लेकिन नतीजा वही पुरानाः फाइल बंद, केस ठंडा। यह सिर्फ अपराध की कहानी नहीं, यह एक सिस्टम की चुप्पी की दास्तान है। हर घटना में पुलिस ने जांच जारी का राग अलापा, लेकिन न अपराधी पकड़े गए, न कोई ठोस निष्कर्ष सामने आया।

**मौत की लिस्ट जो खत्म नहीं होती... :** 2018, खजांची तालाबः माहेश्वरी परिवार के 6 लोगों की एक रात में रहस्यमयी मौत, पुलिस आज तक तय नहीं कर पाई–यह आत्महत्या थी या कत्लेआम।

**सितंबर 2018, केरेडारीः** राजेश सोनी की पत्नी, बेटी और बहन की बेरहम हत्या, मामला आज भी अधर में है।

**अक्टूबर 2019, कोर्राः** व्यवसायी दिवाकर मेहता लापता, मोटरसाइकिल जंगल में मिली, इंसान अब तक गायब।

**2020, बड़कागांवः** नान्हू राणा और त्रिलोकी साव की गोली मारकर हत्या, कोई गिरफ्तारी नहीं, कोई सुराग नहीं।

**2022, गुरु गोविंद रोडः** व्यवसायी सुजीत देव का कमरे में खून से लथपथ शव, सीसीटीवी तक मिटा दिए गए, केस ठंडे बस्ते में।

**लापता लोग, ठप केस, बेबस परिवार :** दीपू सिंह और शिवजीत सिंह 2019 से गायब हैं। कार सहित दोनों हवा में गायब हो गए। उनके घरवालों की आस कब की टूट चुकी है। कोरेक्स तस्करी और हथियारों का गोरखधंधा सामने आया, मगर सरगना आज भी फरार घूम रहा है। सवाल ये नहीं कि अपराध क्यों हुए, सवाल ये है कि इंसाफ क्यों नहीं हुआ? हर पीड़ित परिवार के पास वही कागज हैं, एफआईआर की कॉपी, कोर्ट के आदेश, पुलिस के आश्वासन। लेकिन जवाब कहीं नहीं है। फॉरेंसिक सैंपल भेजे गए, सीसीटीवी खंगाले गए, लेकिन न्याय अब भी गायब है, जैसे दिवाकर, जैसे दीपू, जैसे सुजीत। क्या हजारीबाग के लोगों की जान की कीमत जीरो है?

जब शहर के बीचोंबीच हत्या हो और हत्यारे सात साल बाद भी न मिलें, तो ये सिर्फ पुलिस की नाकामी नहीं, बल्कि सिस्टम की साजिश लगती है। क्या कोई इन केसों को जानबूझकर उलझा रहा है? क्या रसूखदारों के हाथ इतने लंबे हैं कि कानून तक उनसे टकराने से डरता है? अब जनता पूछ रही है कि बस बहुत हुआ! क्या हजारीबाग की फाइलें यूं ही धूल खाती रहेंगी या किसी सुबह इनका भी सूरज उगेगा? इंसाफ चाहिए... अब नहीं तो कब?

# कुएं से युवक का शव मिला

## हजारीबाग में 5 घंटे तक सड़क जाम

**काफी समय से नशेड़ियों और जुएबाजों का गढ़ बन चुका है सिमरा रेस्ट हाउस का इलाका**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में सोमवार सुबह एक पुराना कुआं शहर के सबसे बड़े रहस्य में बदल गया, जब सिमरा रेस्ट हाउस के पीछे से एक 36 वर्षीय युवक की लाश बरामद हुई। मृतक की पहचान खिरगांव के पांडे टोला निवासी भुट्टल पांडे के रूप में हुई है। शव की हालत देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि उसकी बेरहमी से हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया। जैसे ही यह खबर फैली, स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

लोग सड़कों पर उतर आए और मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। हालत यह रही की लगभग पांच घंटे शहर के लोग इस जाम से हलकान रहे। नाराज लोगों का कहना है कि इलाके में अपराध बेलगाम हो चला है और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते इलाके में गश्ती तेज होती, तो इस युवक की जान बचाई जा सकती थी। सूत्रों के मुताबिक, वह इलाका काफी समय से नशेड़ियों और जुएबाजों का गढ़ बन चुका है। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि यह हत्या किसी आपसी रंजिश या नशे के धंधे से जुड़ी हो सकती है। जिस जगह शव मिला है, वह पहले भी कई आपराधिक घटनाओं का केंद्र रहा है, लेकिन पुलिस यहां जाने से कतराती रही है। वैसे भी नशेड़ियों ने शहर के लोगो का जीना मुहाल किया हुआ है। इधर बड़ा बाजार थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया और भरोसा दिलाया कि जांच हर कोण से की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और स्थानीय संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी गई है। इस वारदात ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं की क्या हजारीबाग का शांत शहर अब अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है? और क्या पुलिस अब भी आंखें मूंदे रहेगी जब तक अगली लाश नहीं मिलती?

### कल्याण विभाग की डीसी ने की समीक्षा

**रामगढ़।** जिला कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक हुई। जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी द्वारा उपायुक्त सहित व अन्य अधिकारियों को साइकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा सहित अन्य योजनाओं के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी गई।

उपायुक्त ने शेष बचे विद्यार्थियों को भी जल्द से जल्द साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में रह रहे बिरहोर समूह के लोगों की जानकारी लेते हुए बिरहोर कॉलोनी में पेयजल, पीसीसी पथ, सोलर लाइट सहित अन्य सुविधाओं से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर 13 मई तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## हजारीबाग : इंदिरा गांधी विद्यालय बना बालू माफियाओं का अडडा



**हजारीबाग।** जहां बेटियों के सपनों को ऊंची उड़ान देनी थी, वहां बालू माफियाओं ने अपने धंधे की नींव जमा ली है। हजारीबाग के प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय का आवासीय परिसर, आजकल शिक्षा का नहीं, अवैध बालू व्यापार का पर्याय बनता जा रहा है। यह मामला सिर्फ अवैध खनन का नहीं, बल्कि सरकारी संरक्षण, प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार की जड़ तक जाता दिख रहा है। ज्ञात हो कि विद्यालय परिसर के आसपास कम से कम 10 जगहों पर सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का अवैध स्टॉक किया गया है। इन स्टॉक्स से प्रतिदिन ट्रैक्टरों द्वारा हजारीबाग शहर में अवैध रूप से बालू की आपूर्ति की जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे धंधे का केंद्र बिंदु विद्यालय का सहायक क्लर्क का आवास बताया जा रहा है, जिसके सामने सबसे अधिक बालू जमा है। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय बालू माफिया ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सहायक क्लर्क को मैनेज करके सालों से यह कारोबार यहां फल-फूल रहा है। यह खुलासा न केवल विद्यालय की गरिमा पर सवाल उठाता है, बल्कि प्रशासनिक मिलीभगत की ओर भी इशारा करता है। जब लौहसिंगना थाना प्रभारी से इस पर बात की गई, तो उन्होंने अनभिज्ञता जताई, लेकिन कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह प्रभारी प्राचार्य ने बालू स्टॉक को छात्रावास निर्माण कार्य से जोड़ने की बात कही झ जबकि पूरे झारखंड में बालू उठाव पर सरकारी रोक है।

### बारीडीह पंचायत में लहंगा वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बारीडीह पंचायत में मंगलवार को सांसद मनीष जायसवाल द्वारा उपहार स्वरूप दिए गए लहंगों का वितरण किया गया। भदानीनगर मंडल के सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर और महामंत्री मोती नारायण सिंह ने कई युवतियों को विवाह के लिए लहंगा देकर आशीर्वाद दिया। सोबीला कुमारी, लक्ष्मी कुमारी , अंजली कुमारी, रूपा कुमारी, कंचन कुमारी, रुकमणी कुमारी दिव्या कुमारी को मिला लहंगा।

### रोशन लाल चौधरी ने अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने मंगलवार को पतरातू अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई। जनता की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक कार्यालय पहुंचे और अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया को तलब किया। विधायक ने बताया कि काफी समय से आम लोगों की शिकायतें मिल रही थीं कि अंचल कार्यालय में कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा जा रहा है और लोगों को बार-बार दौड़ाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मौजूद लोगों ने भी अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं और बताया कि महीनों से फाइलें लंबित पड़ी हैं, सिर्फ आश्वासन मिलता है कि काम हो जाएगा, लेकिन निष्पादन नहीं होता। मौके पर राजाराम प्रजापति, सतीश मोहन मिश्रा, अमरेश सिंह, दिलीप दांगी, गंगाधर महतो, विश्वरंजन सिन्हा, अशोक पाठक, विजेंद्र मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# कुजू रेलवे साइडिंग में हो रहा कोयला डस्ट मिक्सिंग का खेल

खबर मन्त्र संवाददाता



- कई फैक्ट्रियों से निकलने वाले डस्ट और चारकोल को कोयला में मिलाकर भेजा जा रहा है बाहर
- ग्रामीण प्रदूषण से परेशान

**कुजू।** कोयलांचल कुजू जैसे घनी आबादी क्षेत्र में पुराना एनएच कुजू चौक से सटे दो साइडिंग चल रहा है। पहला कुजू रेलवे साइडिंग तथा दूसरा सीसीएल कुजू साइडिंग है।दो-दो साइडिंग के खुलने से लोगों में रोजगार की आस जगी थी। लेकिन दोनों हीं साइडिंग से आम लोगों को सिर्फ प्रदूषणयुक्त धूल खाने को मिल रहा है।जबकि प्रभावित के नाम पर चंद लोगों की चांदी कट रही है। कुजू रेलवे साइडिंग में रोजाना कोयला व आयनओर का रैक लोडिंग व अनलोडिंग होता है। जिससे काफी मात्रा में प्रदूषण होता है। वहीं सीसीएल कुजू साइडिंग में भी रोजाना कोयले का रैक लोडिंग होता है। दोनों ही साइडिंग से प्रतिदिन लगभग हजारों टन कोयला लोड व अनलोड होता है। कुजू रेलवे साइडिंग में सीसीएल कुजू क्षेत्र के अलावे गिद्दी सी, घाटो, रेलीगढ़ा, उरीमारी, न्यू बिरसा, ओल्ड बिरसा, आम्रपाली, पाथाडीह,कठारा, पिपरवार, तापिन नॉर्थ,तापिन साउथ आदि कोलियरियों से रोजाना डंपर, हाइवा व ट्रकों के माध्यम से कुजू रेलवे साइडिंग में कोयला गिराया जाता है। जिसके बाद साइडिंग में अलग-अलग कंपनी के नाम पर बने यार्ड में उसे स्टॉक किया जाता है। साथ ही उसे स्थानीय पावर प्लांट व रोड सेल के माध्यम से बाहर के मंडियों में बेचा जाता है। जबकि रैक के माध्यम से भी उसे बाहर भेजा जाता है। वहीं रैक के माध्यम से आयरनओर साइडिंग में गिराया जाता है जो स्थानीय पावर प्लांट में भेजा जाता है।

स्टॉक यार्ड बनाकर उसकी आड़ में कोयला-डस्ट मिक्सिंग का धंधा वर्षों से किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय चंद सामर्थ्यवान धंधेबाजों द्वारा भी अपनी-अपनी जमीन पर यार्ड बनाकर प्रत्येक माह हजारों टन कोयला-डस्ट मिक्सिंग के धंधे को अंजाम दिया जा रहा हैं। मिक्सिंग कोयले को रोड सेल व रैक लोडिंग के माध्यम से खपाया जा रहा है। वर्तमान समय में रेलवे साइडिंग के इर्द-गिर्द जेपी बीणा,आकृति, शारदा आदि नाम की यार्ड कंपनियां निर्बाध रूप से मिक्सिंग के धंधे में जुटी है। वहीं कई लोगों द्वारा धंधे को अंजाम देने के लिए यार्ड का निर्माण कराया जा रहा है।इन सभी कोयला स्टॉक यार्ड में भारी मात्रा में कोयले का स्टॉक है,जो जांच का विषय है। कुजू रेलवे साइडिंग में रैक से जाने वाला कोयला में भारी मात्रा में डस्ट मिलाया जा रहा है। बताया जाता है कि विभिन्न फैक्ट्रियों से निकलने वाले डस्ट को रात के अंधेरे में साइडिंग में गिराकर उसे रैक के माध्यम से कोयला में मिलाकर बाहर भेजा जा रहा है। इस धंधे से धंधेबाज तो मालामाल हो रहे हैं, लेकिन सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। साइडिंग खुलने के बाद विस्थापित प्रभावित के नाम पर क्षेत्र के चंद प्रभावशाली लोगों ने शुरूआती दौर में लगभग 400 लोगों की एक सूची बनाई। लेकिन विस्थापित प्रभावित के नाम पर प्रत्येक रैक मिलने वाली मोटी राशि पर चंद लोगों ने अपना सिक्का जमा लिया है।

## एक नजर में

### इचाक में ऑटो पलटने से आठ घायल



हजारीबाग। इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटरा गांव के पास सोमवार शाम करीब 4 बजे दलियाही मोड़ के पास यात्रियों से भरी ऑटो का पिछला टायर अचानकखुल गया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर ढलान पर दो से तीन बार पलट गई। इस दुर्घटना में ऑटो सवार 15 में से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो मासूम बच्चे और ऑटो चालक भी शामिल हैं। घायलों में दिग्घी गांव के 63 वर्षीय कपूर सिंह और 41 वर्षीय मनी देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनके अलावा पचिया देवी (53), गंगिया देवी (62), सावित्री देवी (40), फुल्की देवी (50), सुलेखा कुमारी (32) और उसके बच्चे अनिशा कुमारी (6) व अर्पित राज (4) भी घायल हुए हैं। चालक अनुज शर्मा को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि सभी लोग बाजार से लौट रहे थे जब हादसा हुआ। जैसे ही ऑटो दलियाही मोड़ पर पहुंची, बाएं पहिए का बोल्ट ढीला होकर निकल गया और टायर खुलते ही गाड़ी पलट गई। हादसे की सूचना पर इचाक पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। ऑटो को जब्त कर थाने लाया गया है।

### चरही के चनारो में रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



**चरही।** चुरचू प्रखंड के चनारो गांव में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिव-हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। गांव के सैकड़ों श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में ढोल-नगाड़े और गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए। भक्तों ने ₹हर हर महादेव₹ और ₹ॐ नमः शिवाय के जयकारों के साथ भक्तिमय वातावरण बना दिया। शोभायात्रा नवनिर्मित मंदिर परिसर से शुरू होकर परबाद होते हुए चोड़ी नदी के तट तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों में पवित्र जल भरा गया और वापस मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। यह यज्ञ चनारो गांव में पहली बार हो रहा है। पांच दिवसीय इस अनुष्ठान में प्रतिदिन बनारस से आए कथा वाचक द्वारा प्रवचन होगा। समापन दिवस 9 मई को प्राण प्रतिष्ठा, सार्वजनिक हवन, पूणार्हुति, भंडारा और रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष फुलेश्वर महतो, सचिव चौलेश्वर महतो, संरक्षक लखराज सिंह, प्रमुख निरंजन नायक, मुखिया ब्रजबिहारी महतो सहित कई गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण तन-मन से जुटे हुए हैं।

### लस्करी में खंभे से हो रही बिजली की आपूर्ति



बरही। रसोई धमना पंचायत स्थित लस्करी गांव में बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। यहां भवन निर्माण कार्य में खंभे के सहारे अस्थाई और खतरनाक तरीके से बिजली की आपूर्ति की जा रही है। यह जुगाड किसी भी वक्त बड़े हादसे को न्योता दे सकता है, जिससे ग्रामीणों की जान जोखिम में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को कई बार शिकायत दी गई, पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। खंभे पर झूलती खुली तारें बारिश या हलकी चूक से जानलेवा हो सकती हैं। खासकर ग्रामीण महिलाएं जो रोज मवेशी चराने इसी रास्ते से गुजरती हैं, वे रोज खतरे के साए में होती हैं। लोगों का कहना है कि विभाग के कर्मचारी इस अस्थायी व्यवस्था को नजरअंदाज कर रहे हैं, जैसे किसी त्रासदी का इंतजार कर रहे हों। अब देखना है कि विभाग कब जागेगा और कब तक इस खतरनाक बिजली व्यवस्था को हटा कर सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित अधिकारी अविलंब स्थायी और सुरक्षित समाधान करें, कोई बड़ी दुर्घटना किसी की जान सकती है।

### हाइटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

बरकट्ठा । बेडोकला में सोमवार सुबह एक युवक हाईटेंशन तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। टिंकू राणा, ग्राम मस्केडीह, चलकुशा निवासी टेंपो गाड़ी में लदे समान को उतारने के क्रम में वह बिजली तार के चपेट में आ गया। लोगों के मुताबिक मृतक टेंपो से सामान उतार रहा था। टेंपो जहां खड़ी थी। उसी के ऊपर कुछ दूरी पर हाईटेंशन तार गुजरा है। वह तार के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

### विधायक ने आठ योजनाओं का किया शिलान्यास



बड़कागांव। विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव प्रखंड में आठ विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें सीसीएल उरीमारी चेक पोस्ट से तिलैया तक 2.3 किमी सड़क सुदृढ़ीकरण, पुंदौल से मरदूसोती तक 2.020 किमी सड़क निर्माण तथा टी-02 से सुकुल खपिया तक 2.8 किमी सड़क कार्य शामिल है। डीएमएफटी मद से राजकीय मध्य विद्यालय जरजरा, पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नालापार हरली और ग्राम अंबाजीत के विद्यालयों का उन्नयन कार्य भी शुरू किया गया। साथ ही चंदौल पंचायत के महंगाई खुर्द गांव स्थित रानी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की भी शुरूआत हुई। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया। चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनका मुख्य उद्देश्य है। वे सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज उठाने के लिए हमेशा तैयार हैं। इस अवसर पर आजसू, भाजपा और कई संगठनों के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिनमें दिलीप दांगी, कोलेश्वर गंझू, बेबी देवी, खेमलाल महतो, संदीप कुशवाहा, महेंद्र महतो आदि प्रमुख रहे।

### पीडीएस डीलरों के साथ बीडीओ ने की बैठक

विष्णुगढ़। प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार को बीडीओ की अध्यक्षता में पीडीएस डीलरों के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बीडीओ ने सभी डीलरों को निर्देशित किया कि ऐसे राशन कार्ड धारियों की पहचान की जाए जो अपवर्जन मानकों में आते हैं, फिर भी राशन का लाभ उठा रहे हैं। ऐसे लाभुकों की सूची जल्द प्रखंड कार्यालय को सौंपने को कहा गया। साथ ही संपन्न परिवारों को स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करने का भी निर्देश दिया गया। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राशन वितरण हर माह पूर्व से गठित निगरानी समिति की उपस्थिति में अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरों को 30 जून तक लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा करने को कहा। बैठक में टेकोचंद महतो, शंभूनाथ पांडे, उमेश पांडे, चेतलाल महतो, गोवर्धन प्रसाद समेत अन्य पीडीएस विक्रेता उपस्थित थे।

### चरही में मंडा पूजा को लेकर बैठक

**चरही।** इस वर्ष भी चरही में शिव-पार्वती मंडा पूजा धुमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक। इसकी अध्यक्षता समाजसेवी उमेश सिंह ने किया। बैठक में विगत वर्ष के लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया गया। बैठक में कमिटी का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष लाल सिंह,उपाध्यक्ष संतोष रविदास,अजय महतो, विकास महतो, सचिव जीतन करमाली, नरेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष घनश्याम करमाली और गुड्डू महतो को बनाया गया।

### एसपी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चला समकालीन छापेमारी अभियान

# लंबे समय से फरार चल रहे 26 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

- **5 मई की रात से लेकर 6 मई सुबह 7 बजे तक चलाया गयाछापामारी अभियान : एसपी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर बीती रात्रि एक साथ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष समकालीन अभियान के तहत छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डीएसपी और संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी कर रहे थे। रात भर चले उक्त अभियान के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे 26 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और गिरफ्तार आरोपियों को मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में एसपी श्री सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 5 मई की रात से लेकर 6 मई सुबह 7 बजे तक विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष समकालीन अभियान के तहत छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान जयनगर थाना क्षेत्र से विभिन्न कांडों के फरार अभियुक्तों में तिलोकरी निवासी जगरनाथ पांडेय, रूपायडीह के सकेन्द्र पासी, शंकर पासी, कटहाडीह निवासी मंटू महतो, सतगावां थाना क्षेत्र से विभिन्न कांडों के फरार अभियुक्त भागडीह निवासी भगीरथ विश्वकर्मा, पचमो निवासी दीपेश अग्रवाल, नवलशाही थाना क्षेत्र से संतोष मेहता फुलवरिया, मरकच्चो से फुलवा देवी, मूर्कमनाय चंदवारा के पत्थलगढ़ा निवासी राजदेव यादव, डोमचांच थाना क्षेत्र से काराखुट निवासी सुरेश यादव, कुशहना के कार्तिक तुरी, प्रमुख सिंह, मंझलीटांड़ के विक्रम, कोडरमा थाना क्षेत्र के दूधिया निवासी शंकर शर्मा, बेकोबर निवासी रोहतक कुमार पंडित, प्रदीप पंडित एवं तिलैया थाना क्षेत्र के ताराटांड़ निवासी पंकज कुमार, बबला भुइंया, गुमो निवासी गणेश तिवारी, दिनेश तिवारी, महेश तिवारी, सुनील कुमार तिवारी, तिलैया बस्ती के नवीन कुमार सिंह, अड्डी बंगला निवासी बबलू कुमार, सिंगारडीह के सूरज कुमार एवं बबलू कुमार के नाम शामिल हैं।

## जनता दरबार में कोडरमा उपायुक्त ने जल्द समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी। वहीं उपायुक्त ने ग्रामीणों को जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में तालाब का गहरीकरण और जीर्णोद्धार करवाने, आधार कार्ड बनवाने, भूमि विवाद, फसल नष्ट करने आदि से संबंधित मामले आये।

## जातीय जनगणना को लेकर आदेश पारित करने के विरोध में झामुमो का 9 को धरना प्रदर्शन

**कोडरमा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति रांची के निर्देशानुसार 9 मई को सरना धर्म कोड (आदिवासी धर्म कोड) लागू किए बिना केंद्र में बैठे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जातीय जनगणना को लेकर आदेश पारित करने के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति जिला मुख्यालय परिसर में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में 11 बजे सुबह से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में जिले के सभी केंद्रीय समिति सदस्य, पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य, जिला के सभी पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव नगर अध्यक्ष, सचिव कोडरमा, डोमचांच, झुमरी तिलैया, नगर परिषद अध्यक्ष, सचिव एवं सभी प्रखंडों के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, सभी पंचायत के पदाधिकारी, पूर्व वर्ग संगठन के सभी पदाधिकारी को अपने-अपने स्तर से सभी कार्यकर्ताओं को सूचित करने के लिए कहा गया है। उक्त जानकारी जिला सचिव झारखंड मुक्ति मोर्चा पवन माइकल कुजूर के द्वारा दी गयी।

## लंबित आवासों को पूर्ण करने को लेकर जांच के लिए कैंप का आयोजन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज व बीडीओ हुलास महतो द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में पंचायत-नावाडीह, देवीपुर, पपलो एवं डगरनवा में लंबित आवासों को पूर्ण करने को लेकर मंगलवार को पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व बीएफटी द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं अबुआ आवास योजना अंतर्गत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया गया। जिसमें आवास निमार्ण कर रहे लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं 60 दिनों तक खाता में राशि जाने के बाद भी आवास लंबित रखने वाले लाभुकों को नोटिस भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी उपस्थित थे।

## श्री हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत लोहाडंडा में आयोजित श्री हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वहीं परिजन के सुख-समृद्धि की कामना भी कर रहे हैं। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष कौशल यादव एवं सचिव मोहन यादव ने बताया कि यज्ञ में सभी समुदाय के लोगों का सहयोग मिल रहा है। सोमवार को अग्निमंथन, शकराधिवास पूजा विधि-विधान से की गयी। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी लगे हुए हैं।

## चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

- **लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और शिक्षित होकर देश के नवनिर्माण में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करें : किरण कुमारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चंदवारा प्रखंड के कांको पंचायत भवन में चलन्त लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए प्राधिकार के एलएडीसीएस की अधिवकता किरण कुमारी ने कहा कि साधन के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता, इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत्संकल्पित है। उन्होंने कहा कि लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और शिक्षित होकर देश के नवनिर्माण में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कानून की जानकारी आवश्यक है। लोग जागरूक होकर ही अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं किरण कुमारी ने कहा कि इस चलन्त लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की किरण पहुंच सके। वहीं उन्होंने लोगों से दूसरों को जागरूक करने की अपील की।

वहीं अधिवकता संगीता कुमारी ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है। उन्होंने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधान एवं बच्चों के अधिकारों से संबंधित कई महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी, साथ ही प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को काफी विस्तार से बताया। वहीं जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि बाल विवाह कानूनन जुर्म है और इसके लिए कठोर दण्ड के प्रावधान हैं। वहीं कांको पंचायत के मुखिया श्यामदेव यादव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार राज ने लोगों को संबोधित करते हुए जागरूक होकर अधिकार को प्राप्त करने की बात पर जोर दिया। वहीं पीएलवी सुमन रानी ने प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों को काफी विस्तार से बताया। मौके पर पारा लीगल वोलेंटियर गूंजा कुमारी, सुमन रानी, बंटी कुमार रजक, तन्नु कुमारी, लीलावती देवी, मीरा देवी, लखन यादव, रीना देवी, सोनावती कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आधा दर्जन लोगों पर फसल को नष्ट करने का लगाया आरोप

- **एसपी को आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत धरगांव निवासी प्रकाश मेहता ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों पर खेत में लगी फसल को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दिये गये आवेदन में बताया है कि उसने अपने डेढ़ एकड़ खेत में गेहूं की फसल एवं पचास डिसमील भूमि में भिन्डी की फसल लगायी थी। जिसे गांव के अरूण सिंह, आनन्द सिंह, रीता देवी, ममता देवी, गीता देवी, रेणु देवी, सोनिया देवी जबरन गेहूं काटकर ले जाने लगे, मना करने पर उक्त सभी लोग अकेला समझकर मारने दौड़े। जिसे लेकर नवलशाही थाना एवं डोमचांच अंचल में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। इसके बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं होने की बात कही गयी है। वहीं आवेदक ने खेत में बची हुई गेहूं की फसल काटने में सहयोग की अपील किये जाने के बाद भी, इस बिन्दु पर न तो सीओ कार्रवाई कर रहे हैं और ना ही थाना प्रभारी। दोनों पदाधिकारियों के द्वारा न्यायालय में मामला लंबित रहने की बात कहकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। फसल खेत में रहने के कारण उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि 6 मई की सुबह करीब 4 बजे गांव की ममता देवी, रीता देवी, गीता देवी, सोनिया देवी के द्वारा जबरन खेत में लगी भिन्डी को उखाड़ कर फेंक दिया गया। इससे मुझे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं आवेदक ने एसपी को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित मां चंचालिनी धाम मुख्य द्वार के समीप बीती रात गिरिडीह की ओर से आ रही एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मृतक की पहचान गिरिडीह जिला के साख निवासी 22 वर्षीय नीलेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान गिरिडीह जिला के साख निवासी 22 वर्षीय अजीत कुमार पिता नंदू यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों युवक गिरिडीह स्थित अपने निवास से बाइक जेएच11एक्यू-2481 पर सवार होकर नवलशाही में किसी शादी समारोह में शामिल होने के साथ अजीत कुमार को मुंबई जाने के लिए कोडरमा स्टेशन ट्रेन बैठाने जा रहा था। इसी बीच रात के करीब 10 बजे मां चंचालिनी मुख्य द्वार के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये। जिससे बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना नवलशाही थाना को मिलते ही नवलशाही थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों युवकों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां ईलाज के दौरान नीलेश की मौत हो गई, जबकि घायल अजीत का इलाज चल रहा है।

इधर पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतक व घायल के परिजनों को दी गई। जिसके पश्चात देर रात मृतक व घायल के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एनडीआरएफ की टीम ने प्राकृतिक आपदा से बचाव का दिया प्रशिक्षण

- **बाढ़, आगजनी, सर्पदंश, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की दी गई जानकारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सभागार में 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम ने क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए लोगों को तत्काल रिलीफ कार्य करने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता सीओ अरुण कुमार मुंडा ने की। प्रशिक्षण में बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप बाढ़ आपदा के एसआई उदय सिंह सहित एनडीआरएफ की टीम की मौजूदगी रही। प्रशिक्षण में हंटरगंज प्रखण्ड सह अंचल के कर्मचारी, मुखिया, पंचायत सदस्य, स्वयं सेवक तथा आमलोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

टीम का नेतृत्व कर रहे बटालियन के निरीक्षक उदय सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी सदस्यों को बाढ़ से पूर्व की तैयारी, भूकंप सुरक्षा, बाढ़ बचाव तकनीक, सर्पदंश प्रबंधन, अस्पताल पूर्व चिकित्सा तकनीक आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बाढ़, आगजनी, सर्पदंश, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की जानकारी दी गई।

एनडीआरएफ के एसआई उदय सिंह ने बताया कि अन्य देशों के मुकाबले हमारे देश में कम जहरीले सांप होते हैं। फिर भी हमारे यहां सर्पदंश से अधिक लोगों की मौत होती है। इसका कारण लोगों में जानकारी की कमी है। वहीं आगे उन्होंने बाढ़ से बचाव के बारे लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि बाढ़ के दौरान बीमारी से बचने के लिए पानी को गर्म कर पीना चाहिए। प्रशिक्षकों ने लोगों को बाढ़ में जरूरी चीजों को सुरक्षित रखने व उसके इस्तेमाल की जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षण टीम ने अग्नि व ठनका के बारे में बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया।

मौके पर बीपीओ बिनोद कुमार गुप्ता, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी योगेश शर्मा, नजीर सुबौध कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर तौफीक आलम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### बीडीओ राहुल देव ने कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ राहुल देव ने मंगलवार को मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आवास कॉर्डिनेटर के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य बरसात से पहले पूर्ण करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने व भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके साथ आम बागवानी को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में दो-दो एकड़ जमीन में गड्ढा खोदने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, सुमीरा कुमारी, बेबी देवी, डेगन गंझु, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, उज्वल सिंह, चितरंजन शर्मा, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, सतेंद्र कुमार वर्मा, निर्मल दांगी, पार्वती कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

### समकालीन अभियान के तहत चार वारंटी गिरफ्तार

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना की पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि पुरणचंद यादव उर्फ पांडू जी, उर्फ प्रवीण जी पिता तेतर यादव, सकिन गायघाट, भजू गंझू, पिता देवचंद गंझू गायघाट, हरी पासवान उर्फ गुड्डू, पिता स्व. भरदूल पासवान गोसपुर, बुदल भुईयां पिता जंगी भुईयां, कोबना, चारों वारंटियों को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।

### मातृशक्ति व बहनों का नि:शुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**झुमरी तिलैया।** योग क्रांति सेवा ट्रस्ट के संस्थापक योगाचार्या सुषमा सुमन की अगुवाई में नि:शुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. जेपीएन बरनवाल और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला न्यायाधीश अर्जुन मोदी, शिविर के संस्थापक योगाचार्या सुषमा सुमन, संरक्षक प्रदीप कुमार सुमन और गायत्री देवी आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मुख्य रूप से निवर्तमान वार्ड पार्षद बालगोबिद मोदी, आरएसएस के दिलीप सिंह, विशाल सिंह, संजय कुमार सजन, प्रशिक्षक सरयू साव, संगीता बरनवाल, संत मोदी, गौरी शंकर बरनवाल, समाजसेवी हरिश मोदी, सुनील मोदी, सुधीर यादव आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सुषमा सुमन ने महामृत्युंजय मंत्र पढ़कर व जय श्री राम के उद्घोष के बाद सभी गाड़ियों को हरी झंडी दिखायी। मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे। डॉ. जेपीएन बरनवाल ने कहा कि यह प्रशिक्षण कोडरमा जिला के लिए एक इतिहास बनेगा। यह अनोखी पहल की जा रही है जो मातृशक्ति और बहनों को नि:शुल्क ड्राइविंग का प्रशिक्षण देने की शुरुआत हुई है। वह भी हजारों बेटियों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देना यह चुनौती भरा कार्य है, लेकिन सुषमा सुमन का यह अनोखा संकल्प है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सुषमा सुमन ने लाठी, तलवार का रामनवमी के दिन प्रशिक्षण देकर एक नई क्रांति की शुरुआत की यह संकल्प भी पूरा होगा। वहीं पूर्व जिला न्यायाधीश अर्जुन मोदी ने कहा कि घर में बेटियों को सभी गाड़ी चलाने का अभ्यास होना चाहिए। वहीं सुषमा सुमन ने कहा कि सभी बेटियों, बहनों को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने से किसी तरह की घर में मुसीबत आने पर सहयोग दे सकती हैं। वहीं प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि यह प्रशिक्षण सुबह 5 से 8 बजे तक दिया जायेगा। मौके पर अंबिका मोदी, मनीता देवी, सीता देवी, सीमा कुमारी, सुहानी सुमन, कंचन बरनवाल, निशा कुमारी, अनामिका भारती समेत कई लोग मौजूद थे।

### अभिभावक-शिक्षक की बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया गया जोर

**कोडरमा।** एमआर ग्लोबल स्कूल चाराडीह, कोडरमा में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक की बैठक हुई। बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। प्राचार्या शिल्पी सिंह ने कहा कि आज का युग केवल किताबों तक सीमित शिक्षा का नहीं है। हमें बच्चों को घर और स्कूल दोनों जगह ऐसी परवरिश देनी है, जिससे वे न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि नैतिक रूप से भी सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता को चाहिए कि वे स्कूल में आयोजित प्रत्येक पीटीएम में जरूर भाग लें। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। जब शिक्षक और अभिभावक एक साथ मिलकर बच्चे के विकास पर चर्चा करते हैं, तभी सही मार्गदर्शन संभव हो पाता है। उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। छात्रों ने हाल ही में शैक्षणिक परीक्षाओं, खेलकूद में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की मेहनत, स्कूल की अनुशासित प्रणाली और अभिभावकों के सहयोग को दिया। निदेशिका मीरा देवी ने भी संबोधित किया। शिक्षकों ने प्रत्येक कक्षा के बच्चों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की और अभिभावकों को उनके बच्चों की ताकत और सुधार के क्षेत्रों के बारे में बताया। अभिभावकों ने भी इस दौरान कई उपयोगी सुझाव दिए और स्कूल के प्रयासों की सराहना की।

### फोरलेन सड़क के सर्विस लेन में कुंआ व आधा अधूरा नाला निर्माण दुर्घटना को कर रहा आमंत्रित

**कोडरमा।** बरही सेकोडरमा तक बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण पांच वर्षो में भी पूरा नहीं हो सका है। नवंबर 2019 से इस फोरलेन सड़क का निर्माण आरकेएस कंस्ट्रक्शन द्वारा करीब 27 किमी तक इसका निर्माण किया जाना है। लेकिन 2025 तक भी इसका निर्माण अभी तक अधूरा है। सुरक्षा की मापदंड को भी पूरा नहीं किया जा रहा है। हाल यह है कि फोरलेन सड़क के सर्विस लेन में झुमरी तिलैया के असनाबाद में कुंआ को भी नहीं हटाया जा सका है। जबकि आधे अधूरे नाला निर्माण भी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। इंदरवा चौक के समीप भी आधा नाले का निर्माण से नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पांच वर्ष बाद भी खास कर झुमरी तिलैया शहर से जुड़े इलाकों में सर्विस लेन का निर्माण कार्य भी अधूरा है। भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्र में अधूरे सर्विस लेन से जहां लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है वहीं हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कई जगह आज भी मकानों को तोड़ा नहीं जा सका है। इसके कारण सर्विस लेन पूरा नहीं हो सका है। सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी भी हो गई है। फोरलेन सड़क निर्माण में आज भी कई जगह साईन बोर्ड और रेडियम का इस्तेमाल होना था लेकिन उसे भी पूरा नही किया जा रहा है। वहीं फोरलेन सड़क में लगे स्ट्रीट लाईट को भी अभी तक सभी जगह नहीं जलाया जा सका है। इस संबंध में डीसी डीसी मेघा भारद्वाज ने कहा कि आधा अधूरा सर्विस लेन और जहां सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ है उसको लेकर केंद्र सरकार, एनएचएआई से पत्राचार किया गया है। एनएचएआई के अधिकारी के द्वारा अधूरे निर्माण को जल्द पूरा करने को कहा गया है।

## चतरा डीसी ने जनता दरबार में आमजनों की सुनी समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेयजलापूर्ति से संबंधित, कल्याण विभाग से संबंधित, स्वास्थ्य से संबंधित, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना समेत अन्य मामले शामिल है।

जनता दरबार में मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## स्पीड न्यूज

### विकास कार्य में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : बीडीओ



घाघरा। ब्लॉक परिसर घाघरा स्थित सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने मुखिया और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस क्रम में मनरेगा,15 वें वित्त आयोग, प्रधानमंत्री आवास, बाल विकास विभाग, अबुवा आवास, पीवीटीजी सहित कई योजनाओं से संबंधित जानकारी ली। इस क्रम में अधूरे पड़े अबुवा आवास को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। आदिम जनजाति परिवार के आवास कार्य को बनवाने हेतु पंचायत सचिव को निर्देश दिया। वहीं मुखिया व पंचायत सेवक को आवास योजना में योग्य लाभुकों का चयन करने की बात कही। मनरेगा मजदूरों को ससमय मजदूरी भुगतान और गांव में ही लोगो को काम मिले जिसे लेकर कई दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों में सुधार लाने की बात कही। साथ उन्होंने कहा कि कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंचायत कर्मी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर कई पंचायत के मुखिया पंचायतकर्मी उपस्थित थे।

### पत्ती टूटने से पिकअप वाहन पलटा, 22 लोग घायल, सात अस्पताल में भर्ती



गुमला। घाघरा थाना क्षेत्र के डेवीडीह के समीप पत्ती टूटने से पिकअप वाहन का अगला दोनों चक्का वाहन से अलग हो गया। जिसके बाद पिकअप वाहन सड़क पर ही कई बार पलट गया। घटना में वाहन में सवार कुल 22 लोग घायल हो गये। जिनमें गंभीर रूप से घायल 7 लोगों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना सोमवार की रात 9:00 बजे की है। घटना में रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली निवासी 15 वर्षीय समीक्षा उरांव, रिंकी मिंज, बिपा देवी, राकेश उरांव, चेतन उरांव, अटरिया निवासी दुर्गा उरांव, गोड़ी टोली निवासी महावीर मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक कोबीटोली से बड़ा मेहमानी कार्यक्रम में भाग लेने घाघरा के नवडीहा गांव पिकअप वाहन से गए थे। लौटने के क्रम में डेवीडीह के समीप वाहन का पत्ती टूट गया। जिससे वाहन का दोनों अगला चक्का खुलकर फेंका गया और वाहन पलट गया। पिकअप वाहन के अंदर 15 लोग बैठे थे, जबकि छत पर 7 लोग सवार थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक 9 को

गुमला। विकास भारती बिशुनपुर का 17 वां वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक 9 मई को कृषि विज्ञान केंद्र मुख्यालय में होगी। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के सफल व सुचारू संचालन हेतु कार्य योजना बनायी जाएगी और एक वैज्ञानिक सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा। यह जानकारी केंद्र के संजय कुमार ने दी है।

### कुम्हारिया मे ग्रामीण हाथी के आतंक से परेशान, विरोध में पांच घंटे सड़क जाम



सड़क जाम करते ग्रामीण।

भंडरा। थाना क्षेत्र के कुम्हारिया गांव में सोमवार की रात हाथी ने दो परिवार का खपरैल घर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया.इसके अलावे कुम्हारिया क्षेत्र मे एक सप्ताह से जंगली हाथी दर्जनों ग्रामीणों के घरों को ध्वस्त किया साथ ही सैकड़ो किसानो के फसल को बर्बाद किया। घटना के विरोध व पीड़ित परिवारो को राहत व मुआवजा के लिए ग्रामीणों ने भंडरा अकाशी मार्ग को पांच घंटे तक जाम कर दिया गया। बीती रात कुम्हारिया मे गांव के सुरेन्द्र महली व महावीर लोहरा के घर को ध्वस्त कर दिया घटना के समय परिवार के लोग घर में ही सोये हुए थे। हाथी को देख उन्होंने समय रहते बाहर निकल कर अपनी जान बचायी। दोनों पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब है तथा घर ध्वस्त हो जाने के बाद परिवार के सदस्य अब पेड़ के नीचे रहने को विवश हैं। इसकी जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि झुंड से बिछड़ा हुआ एक हाथी पिछले एक सप्ताह से बगुला पतरा मे डेरा जमाये हुऐ है। दिन भर बगुला पतरा मे रहने के बाद रात मे गांव की ओर रुख करता है और कभी कुम्हारिया तो कभी अम्बेरा कसपुर गांव पहुंचकर ग्रामीणों के फसल एवं घरों को क्षतिग्रस्त कर रहा है। इधर घटना की सूचना देने के बाद भी वन विभाग नहीं पहुंच रही है, जिससे ग्रामीणों मे आक्रोश बढ़ गया और इस घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने कुम्हारिया के पास करीब पांच घंटे अकाशी भंडरा मार्ग जाम कर दिया। सूचना के बाद अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार, इंस्पेक्टर सुधीर साहू व थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह वहां पहुंच व जाम करनेवालों को आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। ग्रामीणों ने कहा कि वे हाथियों के आतंक से परेशान हैं। काफी समय से वे लोग भंडरा थाना क्षेत्र से हाथियों को भगाने की मांग वन विभाग से करते आ रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हाथी रोज गांव पहुंचकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे ग्रामीण दहशत में हैं। हाथी को मंगलवार शाम से ही भगाने का प्रयास किया जाएगा व पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिये जाने का आश्वासन दिया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### लोहरदगा : आदर्श ग्राम पंचायत की स्थापना विषय पर जिला पंचायत राज विभाग में कार्यशाला का आयोजन

## पंचायतों को सशक्त बनाना सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकता: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता





**लोहरदगा।** पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र के अधिष्ठापन एवं एक ग्रामीण पुस्तकालय के रूप में उसके उपयोग तथा आदर्श ग्राम पंचायत की स्थापना विषय पर जिला पंचायत राज कार्यालय, लोहरदगा की ओर से कार्यशाला का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद द्वारा किया गया। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाना हमेशा से ही सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता में रही है। भारत के संविधान में कल्याणकारी राज्य की बात कही गई है। पंचायत स्तरीय व्यवस्था को सुदृढ़ करना सुनिश्चित किया गया है। इसी कड़ी में हम सबने ठाना है कि पंचायत में मिलनेवाली सभी सेवाओं को सशक्त किया जाए, पंचायत स्तर पर डिजिटल क्रांति लायी जाए। हम सभी का प्रयास है कि पंचायत स्तर पर ही काम हो जाए ताकि किसी व्यक्ति को प्रखण्ड स्तर या जिला स्तर के कार्यालय में अपना काम कराने नहीं जाना पड़े। ऐसी सिंगल विण्डो की व्यवस्था हो।

**पंचायत ज्ञान केंद्र में होगी अध्ययन की व्यवस्था**

डीसी ने कहा कि पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र खुलेगा जिसमें कोई भी अध्ययन कर सकेंगे। इसमें वैसे छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी जो गांव में रहते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं।

जिला और प्रखण्ड स्तर पर पुस्तकालय की सुविधा है लेकिन अब तक पंचायत स्तर पर पुस्तकालय की व्यवस्था नहीं थी। पंचायत ज्ञान केंद्र के खुलने से यह कमी दूर हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का पूरा फायदा मिलेगा। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि कार्यशाला पंचायत में मिलनेवाली शिक्षा, राजस्व, महिला बाल विकास, बैंकिंग आदि की सुविधाओं को डिजिटाइज्ड माध्यम से संपादित करने के उद्देश्य से रखा गयी है।

आज सभी मुखिया, पंचायत सेवक इसका लाभ उठाएं और अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करें। डिजिटल माध्यम से चीजें आसान हो जाएंगी जिसका हक सभी ग्रामीणों को मिले।

## मंत्री चमरा लिंडा ने सिरा सीता नाला के विकास कार्यो का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** जिले के डुमरी प्रखंड में स्थित सिरा सीता सी नाला क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा का गुमला आगमन हुआ। अपने दौरे के दौरान मंत्री ने संबंधित विकास स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने चैनपुर के एसडीओ, सीओ, बीडीओ तथा थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा कर विकास कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। मंत्री लिंडा ने स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया और क्षेत्र में प्रस्तावित विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि संबंधी मामलों पर चर्चा की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी ग्रामीण को इन कार्यों से कोई आपत्ति न हो और उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त हो। ग्रामीणों ने भी सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री ने विश्वास जताया कि सिरा सीता सी नाला क्षेत्र की यह विकास परियोजना गुमला जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी।

## जन शिकायत निवारण दिवस पर डीसी ने सुनी जनता की समस्या, निदान के दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस पर डीसी कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को आम जनों के विभिन्न मुद्दों की सुनवाई की। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्या सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए समाधान किया जाएगा। पलमा से गुमला राष्ट्रीय राज्यमार्ग 43 में सिलाफारी बस स्टैंड के समीप सड़क निर्माण कार्य अधूरा करके छोड़ने के संबंध में ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया। इनका कहना है कि निर्माण कार्य अधूरा रहने से ग्रामीणों एवं विशेषकर बुजुर्गों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। कोब्जा पंचायत अंतर्गत रमजा गलगुटरी में पेयजल समस्या व्याप्त है। ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने उक्त गांव में एक डीप बोरिंग कराने हेतु आवेदन दिया है। इस संबंध में डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए। जन शिकायत कार्यक्रम में मुख्य रूप भूमि विवाद, रोजगार, आर्थिक सहायता, जमीन मापी, अबुआ आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ना एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु आवेदन आये। डीसी ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।

## बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : अमित सतीजा

संयुक्त सचिव रक्षा मंत्रालय व केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने सदर अस्पताल स्थित थैलेसीमिया एवं वेलनेस सेंटर व एस एस हाई स्कूल का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



थैलेसीमिया सेंटर का निरीक्षण करते संयुक्त सचिव व डीसी।

**गुमला।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अमित सतीजा ने अपने गुमला प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित थैलेसीमिया, सिक्कल सेल ब्लड ट्रांसफ्यूजन, वेलनेस सेंटर एवं एसएस हाई स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सतीजा ने सेंटर की संपूर्ण कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की और वहां उपचार हेतु आए बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों को दिये जा रहे चिकित्सीय सहयोग की सराहना की तथा इस केंद्र की साफ-सुथरी और सुव्यवस्थित व्यवस्था की प्रशंसा की। डीसी कर्ण सत्यार्थी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित बच्चों से बातचीत की और कहा कि किसी भी स्थिति में रक्त की कमी नहीं होने दी जाएगी। अति आवश्यक परिस्थिति में स्वयं रक्तदान करने की भी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके उपरांत सतीजा ने चंदाली स्थित समाहरणालय भवन के समीप गोट ट्रस्ट एफपीओ की महिलाओं द्वारा संचालित नव-निर्मित गुमला मॉडल गोट कॉर्नर का उदघाटन किया। यह पहल डीसी कर्ण सत्यार्थी के उज्जना बिज्जना अभियान के अंतर्गत आरंभ की गई है। जिसका उद्देश्य जिले में महिला उद्यमियों और नवाचारों को बढ़ावा देना है। गोट कॉर्नर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा संचालित किया जाएगा। प्रशासन द्वारा महिलाओं के छोटे-स्तरीय व्यवसायों को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहन और आवश्यक समर्थन प्रदान किया गया है। जिससे वे अपने व्यवसाय को उच्च स्तर तक ले जा सके। सतीजा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और महिलाओं की भागीदारी से जिले में आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलेगी। महिलाओं ने बताया कि वे गोट कॉर्नर की सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखेंगी।

### भ्रष्टाचार विरोधी मंच की बैठक 10 को गुमला में

**गुमला।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच गुमला की आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय में 10 मई को आयोजित की जा रही है । इस बैठक में जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी तथा आम जनता को कैसे भ्रष्टाचार से राहत एवं मुक्ति दिलाई जाए इस पर बातचीत होगी। बैठक में भ्रष्टाचार विरोधी लोगों को आमंत्रित की गई है। जिसमें गुमला जिला के कोई भी व्यक्ति जो भ्रष्टाचार का विरोध एवं होनेवाली आंदोलन में शामिल होना चाहते हैं वैसे लोग सादर आमंत्रित हैं। बैठक गुमला कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास दिन के 11 बजे से 2 बजे तक रखी गई है।

## गुमला शहर के भट्ठी तालाब में डूबने से बच्चे की हुई मौत

- तालाब के पिछले हिस्से की दीवार तोड़े जाने से बच्चे आसानी से घूस जाते हैं तालाब में
- कांग्रेस के विधि विभाग के अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने अविलंब दीवार को ठीक करने व गेट में गार्ड रखने की नगर परिषद से की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



मृतक बच्चा।

**गुमला।** शहर के सिसई रोड स्थिति भट्ठी तालाब में पूर्वाह्न 11 बजे गौस नगर गुमला निवासी अजनुर राय के 8 वर्षीय पुत्र अल्तमश राय की डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्चा दोस्तों के साथ तालाब में खेलने व स्नान करने गया था।

इसी दौरान गहरे पानी में ले जाने से डूबकर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर तत्काल परिजन बच्चे को तालाब से निकालकर अस्पताल ले गये। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि इस तालाब में बच्चों की डूबकर मरने की घटना पहली बार नहीं है।

इससे पूर्व गौस नगर निवासी मो. वाहिद का पुत्र की मौत भी तालाब में डूबकर हो गई थी। घटना को लेकर जानकारी देते हुए कांग्रेस के विधि विभाग के अध्यक्ष मो. खुर्शीद आलम ने कहा कि पूर्व हुए घटना के समय ही नगर परिषद गुमला के कार्यपालक पदाधिकारी को अवगत कराया गया था कि तालाब के उत्तर तरफ असामाजिक तत्वों के द्वारा तालाब के बाउंड्री को तोड़ दिया गया है। जिसके कारण बच्चे आसानी से तालाब में चले जा रहे हैं। अगर पिछली घटना को गंभीरता से नगर परिषद गुमला के द्वारा समाधान किया जाता निश्चित रूप से यह घटना नहीं होती। आलम ने अविलंब भट्टी तालाब का उत्तर तरफ तोड़ा गया बाउंड्री को सील करने और तालाब के मेन गेट में गार्ड या सुरक्षा कर्मी का व्यवस्था करने की मांग नगर परिषद विभाग से की है। कार्य पूरा नहीं होने पर नगर परिषद गुमला के कार्यालय में ताला बंदी करने की चेतावनी दी है।

### सड़क दुर्घटना में आजसु के केंद्रीय सचिव घायल



लोहरदगा। सदर थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब के समीप सोमवार रात ट्रिपल राइड बाइक सवार ने आजसू के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल को टक्कर मार दी जिससे सूरज अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय निवासियों ने सूरज अग्रवाल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात सूरज के गंभीर स्थिति को देखते हुए सूरज अग्रवाल को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी अनुसार सूरज अग्रवाल अपनी बाइक पर सवार हो मुख्य सड़क से होते हुए अपना घर पावरगंज लौट रहे थे इसी क्रम में विपरीत दिशा से जा रहे ट्रिपल राइट बाइक सवार ने अनियंत्रित हो सूरज अग्रवाल के बाइक को टक्कर मार दी जिससे सूरज अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उनकी स्थिति बेहतर बताई जा रही है।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले पर प्रज्ञा केंद्र की हुई जांच

भंडरा। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले पर भंडरा स्थित एक प्रज्ञा केंद्र की जांच सी ओ, बीडीओ, थाना प्रभारी ने किया। प्रज्ञा केंद्र संचालक तीन पंचायतों का काम करता है। उक्त प्रज्ञा केंद्र संचालक पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का मामला प्रशाशन के संज्ञान में आया है। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले की जांच पदाधिकारियों द्वारा की जा रही है. उक्त प्रज्ञा केंद्र को फिलहाल बंद कर केंद के कंप्यूटर की जांच की बात कही जा रही है। सभी प्रज्ञा केदो को पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र संचालन का प्रावधान है परंतु भंडरा में नियमों को दरकिनार कर जहां तहा प्रज्ञा केंद्र संचालन होता है। इस मामले पर पदाधिकारी जांच के बाद करवाई की बात कह रहे हैं।

### संविधान बचाओ कार्यक्रम में गुमला से शामिल हुए कांग्रेसी

**गुमला।** संविधान बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस का कार्यक्रम रांची में संपन्न हुआ। जिसमें गुमला से बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। जिसमें प्रदेश सचिव रमेश कुमार, रोशन बरवा, अकील रहमान, अमर प्रदीप कुजूर, बैजनाथ, चैतु उरांव, फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद सहित अन्य ने सहभागिता निभाई। साथ ही संविधान बचाने का संकल्प लिया। रमेश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित मंत्री व सांसद शामिल हुए। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस देश हित में काम करती है और गरीबों के साथी है। उनके संवाद से कार्यकताओं में उत्साह बढ़ा है। निश्चित उनके मार्गदर्शन में जनहित के लिए कार्य किया जाएगा। हर नागरिक को सम्मान, अधिकार और अवसर मिलें। इसके लिए प्रयास किया जाएगा।

## एमबी डीएवी में विश्व हास्य दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा विश्व हास्य दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर बताया गया कि विश्व हास्य दिवस मनाने का कारण विश्वभर में हंसी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ के बारे में संदेश फैलाना है। नन्हे बच्चों को इन सभी लाभों से अवगत करवाने तथा जीवन में सदैव मुस्कुराहट को बनाए रखने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी के बच्चों के लिए 'स्माइली फेस क्राफ्ट' बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी में हम्जा इकबाल, नबील अहमद, प्रिशा कुमारी, रुहन अंसारी, सक्षम भगत, वर्नन कृष्ण केशरी, नितिम, शिवन्या दत्ता, अरिका भगत कक्षा एलकेजी में प्रांसी विश्वकर्मा, राजश्री आनंद, प्रत्युश वर्मा, स्वाति सोना, बिपिन, विनायक कक्षा यूकेजी में तृषा कुमारी, पृषभ राज, अमन अंसारी, अर्पित, श्लोक कुमार, उमर इकबाल, अनन्या उरांव ने प्रथम स्थान अर्जित किया। कक्षा पहली तथा दूसरी के बच्चों के मध्य 'जोकर फेस मास्क' बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा प्रथम में वेदिका गुप्ता, दिव्यांश, निहारिका रंजन, आकर्ष पंकज, कन्यका गुप्ता, कोमल, इजान अहमद, एंजेल, रिथविक, श्रीजन, सैयद, याग्मय वर्मा, आरोही गोवाल, सलमान हाउक, विबा श्री, सूर्यांश, सिद्धी, जूही रानी, वेदिका, अलीशा, मिशती, अनंत दीप, अतुल्य आनंद ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

### विश्व थैलेसीमिया दिवस पर 8 को रक्तदान शिविर का आयोजन

**गुमला।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में 8 मई को सदर अस्पताल गुमला स्थित ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। ब्लड सेंटर सदर अस्पताल गुमला द्वारा आयोजित इस शिविर में जिले के सभी सामाजिक संगठनों एवं नियमित रूप से रक्तदान करने वाले नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर इस पुण्य कार्य में भाग लें। आपके द्वारा दिया गया रक्त थैलेसीमिया एवं सिकल सेल रोग से पीड़ित मरीजों के लिए जीवनदान साबित होगा। इस अवसर पर उपायुक्त स्वयं रक्तदान करेंगे और आमजन को प्रेरित करेंगे। इस नेक पहल में शामिल होकर जरूरतमंदों को नया जीवन देने का संकल्प लें।

## डंपिंग यार्ड की आड़ में घाघरा में चल रहा है अवैध बालू का कारोबार

रात से बिना लीज वाले नदियों से बालू उठाव कर रखा जाता है यार्ड में, सरकार को लगाया जा रहा है राजस्व का चुना

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के डुको शिकवार गांव में डंपिंग यार्ड के आड़ में अवैध बालू का कारोबार चल रहा है। जिसे सरकार को करोड़ों रुपया का राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा। लक्ष्मी नारायण जायसवाल सिसई निवासी के द्वारा डंपिंग यार्ड का लाइसेंस लेकर कोयल नदी से बालू चोरी करके रांची के बाजारों में खुलेआम बेचने का काम कर रहा और करोड़ों रुपया का अवैध मुनाफा कमा रहा है। जिसके कारण सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। लक्ष्मी जयसवाल के द्वारा चेगरी कोयल नदी से पूरे रात ट्रैक्टर लगाकर बालू का चोरी किया जाता है और डंपिंग यार्ड में स्टॉक कर लिया जाता है। अवैध बालू के स्टॉक को वैध बनाने के लिए जेएसएमडीसी से चालान लेकर उसी के आधार पर अपना डंपिंग यार्ड का चालान जेनरेट करके रांची के बाजारों में बालू भिजवाया जाता है। इतना ही नहीं एक चालान पर पूरे दिन से लेकर रात होने तक एक हाईवा तीन से चार ट्रिप बालू चोरी करके ले जाता है। माफियाओं का मन इतना बड़ा हुआ है कि प्रशासन का तनिक भी खौफ नहीं है। रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक बेखौफ बालू की तस्करी की जाती है। सवाल यह है कि यह माफिया अवैध बालू का तस्करी लगातार कई महीनो से कर रहा है लेकिन जिला खनन अधिकारी या संबंधित कई अधिकारी चुपी साधे बैठे हैं।

**स्थानीय पुलिस प्रशासन की भी भूमिका संदेहास्पद**



बालू का किया गया भंडारण।

इस पूरे अवैध बालू के कारोबार में स्थानीय पुलिस का भी भूमिका भी संदेहास्पद है। इलाके में लगातार ट्रैक्टर और हाईवे से अवैध बालू का कारोबार किया जा रहा है। लेकिन पुलिस की गतिविधि इस इलाके में होते हुए भी कार्रवाई नहीं होती है। पुलिसकर्मी अवैध बालू लदा वाहन को देखकर अपनी नजर मोड़ लेते हैं। चाहे इस अवैध कारोबार में जिनकी भी मिली भगत हो लेकिन सरकार का करोड़ों का नुकसान तो हो रहा है।

**कभी-कभी कोयल से कुछ लोग ले आता है, हम बोलते नहीं है उठाने : लक्ष्मी जयसवाल**

इधर डंपिंग स्टॉक यार्ड के संचालक लक्ष्मी नारायण जायसवाल से उनका पक्ष पूछा क्या कि आपके ऊपर आरोप है चेगरी कोयल नदी से बालू उठाव करके अवैध तरीके से कारोबार करने का तो उन्होंने कहा कि कभी-कभी कुछ लोग बालू उठकर ले आते हैं। नदी से लाने तो नहीं बोलते हैं लेकिन ट्रैक्टर वाला लोग निकाल कर ले आते हैं।

**ग्रामीणों के विरोध के बाद भी नहीं रुकता तस्करी :** अवैध बालू की चोरी कोयल नदी से किया जाता है। जिसका विरोध ग्रामीण करते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध के बावजूद भी बालू माफिया इस काम को और तेजी से कर रहे हैं। बालू माफिया लक्ष्मी नारायण गांव में बोलता है कि ऊपर से नीचे तक प्रशासन को हम मैनेज किए हैं। हमें कोई दिक्कत नहीं है। तुम लोग को जो बोलना है बोलो,बालू की चोरी होते रहेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि जब इस इलाके में बालू घाट का संचालन नहीं होता है तो फिर बालू का उठाव कैसे एक माफिया कर सकता है निश्चित रूप से प्रशासन की मिली भगत है।

**जेसीबी ऑपरेटर ने बताया चेगरी कोयल से होता है बालू का उठाव**

डंपिंग स्टॉक यार्ड में लक्ष्मी नारायण जायसवाल का जेसीबी चलाने वाला ऑपरेटर पिंटू ने स्वीकार किया कि बालू का अवैध उठाव चेगरी कोयल नदी से किया जाता है और इस बालू को जेसीबी से हाईवा में लाद कर रांची भेजने का काम किया जाता है। जांच का दायरा बड़ा है।

सवाल बड़े-बड़े हैं। लेकिन जांचने और करवाई करने वाले अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

## लोहरदगा : नैनो तकनीक से बने उर्वरक ही कृषि में दूसरा हरित क्रांति का करेंगे आगाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** होटल गीतांजलि पैलेस, जिला लोहरदगा में इफको द्वारा एक दिवसीय उर्वरक विक्रेता प्रभारी परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक कृषि पदाधिकारी मंगल नाथ साहू, डॉ शशि भूषण समदर्शी, राज्य विपणन प्रबंधक, रामजी प्रसाद थोक विक्रेता के साथ जिला के समस्त खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आने वाले खरीफ के मौसम में किस प्रकार धान, मक्का रागी एवं अन्य खरीफ फसलों की खेती उन्नत एवं वैज्ञानिक विधि से की जाए पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ शशि भूषण समदर्शी ने बताया कि आज कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले सभी आदान काफी महंगे हो गए हैं ऐसे मे इनके उपयोग में यदि नई तकनीकों के साथ नहीं कर परम्परागत तकनीक से ही खेती करेंगे तो हमें वांछित एवं अधिकतम लाभ नहीं मिल पाएगा। इसीलिए खेती में सम्पूर्ण एवं समन्वित पद्धति को समाहित करना होगा। यह तभी संभव है जब आप नवीनतम एवं आधुनिक कृषि प्रणाली की जानकारी प्राप्त कर उसे किसानों के खेतों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। इफको के प्रबंधक चन्दन कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों से आग्रह किया की चूंकि यह नैनो तकनीक से बना उर्वरक है जो पारम्परिक यूरिया के जगह पर प्रयोग होता है और फसलों में काफी प्रड्ढावी तरीके से काम करता है क इसके फसलों में प्रयोग के समय कई वैज्ञानिक पहलू को ध्यान में रखने की जरूरत होती है जिसे आप सभी को पूर्ण रूप से जानना अति आवश्यक है।


# नक्सलियों ने लेवी के लिए की थी मुंशी की हत्या, 5 आरोपी गिरफ्तार

**लातेहार पुलिस ने मुंशी हत्याकांड का खुलासा कर लिया है, इस घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है**

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** लातेहार जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भाकपा माओवादी के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पिछले दिनों मुंशी की हत्या तथा गाड़ियों को जलाने की घटना में माओवादी कमांडर कुंदन खरवार के साथ शामिल थे। गिरफ्तार माओवादी सदस्यों में सत्येंद्र यादव, सूरजभान यादव, कृष्ण यादव, राजेंद्र यादव और प्रसाद यादव शामिल हैं। सभी महुआडांड़ थाना क्षेत्र के निवासी हैं। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने घटना में शामिल रहने की बात स्वीकार की है।

## नक्सलियों ने की थी मुंशी की हत्या



### लेवी के लिए दिया गया घटना को अंजाम

बताया जाता है कि नक्सलियों के द्वारा लेवी वसूलने के लिए इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि पुलिस ने घटना में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

दरअसल, बीते 30 अप्रैल की रात को झारखंड और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर स्थित महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव के पास बन रहे सड़क निर्माण कार्य के साइडिंग पर हथियारबंद नक्सलियों ने हमला कर दिया था। नक्सलियों ने यहां दो गाड़ियों में आग लगा दी थी। वहीं, मुंशी मोहम्मद अयूब की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद हिरासत में लिए गए आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने स्वीकार किया कि घटना के दौरान वे लोग शामिल थे। गिरफ्तार लोगों की निशानदेही पर पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर लेवी के रूप में वसूले गए 52 हजार रुपए के साथ नक्सलियों का पर्चा भी बरामद किया। मंगलवार को सभी गिरफ्तार नक्सलियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने खनन कंपनी का जताया विरोध कहा जान देंगे जमीन नही




ब्लाक परिसर में ग्राम सभा करते लोग।

खबर मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के रजवार पंचायत में मंगलवार को ग्राम प्रधान बिंदेश्वर उरांव की अध्यक्षता में दर्जनों गाँव के ग्रामीणों ने ग्राम सभा का आयोजन कर रजवार कोल ब्लॉक का भारी विरोध जताया। रजवार पंचायत भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुवे। जिन्होंने पारंपरिक हथियार गुलेल, हसुआ, डंडा लिए हुए था। तथा ग्रामीण अपने-अपने हांथो में तख्तियां लेकर टीवीएनएल कम्पनी वापस जाओ, जल-जंगल जमीन हमारा है, कोल ब्लॉक रद्द करो, जान देंगे जमीन नही समेत कई नारा लगा रहा था। मौके पर ग्राम प्रधान बिंदेश्वर उरांव ने बताया कि कंपनी दलालों के माध्यम से हम लोगों का जमीन लूटना चाहती है। जो कभी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी जोर-जबरन खनन कार्य करना चाहती है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने भू-अर्जन शाखा लातेहार, डीसी, एसडीओ लातेहार को कई बार लिखित आवेदन दिया है। कोलियरी खुलने से हजारे लोग पलायन को मजबूर हो जाएंगे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जान देंगे लेकिन जमीन नही देंगे। अगर कंपनी, जिला प्रशासन व दलाल जबरन कोई कार्य करती है तो आर पार की लड़ाई होगी। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों का हजारों एकड़ जमीन अनाबाद बिहार सरकार उठ गया है। तथा इस जमीन से हम लोगों का जीवकोपार्जन होते आया है। अगर यह कोल ब्लॉक खुलता है तो इस जमीन का ना तो नौकरी मिल पायेगा और ना ही मुआवजा मिलेगा। इस परिस्थिति में हम लोग बेघर हो जाएंगे। आगे कहा कि कोई भी कंपनी अगर बिना ग्रामीणों की सहमति के गांव में घुसती तो उसे खदेड़ कर बाहर कर दिया जाएगा। इस मोके पर रजवार, रेंची लेजाग, डडेया समेंत कई गांव के भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### गंभीर रूप से घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सोपारम ग्राम के समीप मंगलवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनराज गंझु 35 वर्ष पिता राम रामखेलावन गंझुं ग्राम गेन्दरा थाना कुंदा जिला चतरा निवासी अपने बहन के घर सोपारम शादी समारोह में शामिल होने आया हुआ था। जहां से वापस लौटने के क्रम में मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर नीरज कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# कार्रवाई : रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी रंगेहाथ गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता



कर्मचारी को गिरफ्तार करते पुलिस।

**लातेहार।** जिले के अंचल कार्यालय में मंगलवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली, जब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), पलामू की टीम ने छापेमारी कर एक राजस्व कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई जमीन के मोटेशन से संबंधित एक शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें राजस्व कर्मचारी द्वारा काम के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। गिरफ्तार किए गए कर्मियों की पहचान सुशील कुमार के रूप में हुई है, जो अंचल कार्यालय में बतौर राजस्व कर्मचारी के रुप में कार्यरत थे। जानकारी के मुताबिक, जमीन के कागजात दुरुस्त कराने और मोटेशन कराने के बदले रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित व्यक्ति रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने इसकी शिकायत एसीबी से किया। शिकायत दर्ज होने के बाद एसीबी की टीम ने प्राथमिक जांच की, जिसमें मामला सत्य पाया गया। इसके बाद योजना बनाकर राजस्व कुर्मी को रंगेहाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। मंगलवार को जैसे ही आरोपि ने रिश्वत की राशि ली, एसीबी की टीम ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इसके तुरंत बाद अंचल कार्यालय में छापेमारी की गई और विभिन्न दस्तावेजों की जांच की जाने लगी वैसे ही अंचल कार्यालय में अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। कर्मचारी और पदाधिकारी एक-दूसरे से जानकारी लेने में जुटे रहे। वहीं कई फाइलों को खंगालने की कोशिशें भी देखी गईं। स्थानीय लोगों के बीच भी यह खबर तेजी से फैल गई और बड़ी संख्या में लोग अंचल कार्यालय के बाहर एकत्र हो गए। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस भ्रष्टाचार के पीछे और कौन-कौन शामिल हो सकते हैं। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया कि यदि आवश्यकता पड़ी, तो और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इसी के साथ आगे के कार्रवाई की जा रही है।

### बारिश के साथ वज्रपात,एक व्यक्ति की मौत



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरू पंचायत में सोमवार की देर रात को बेमौसम बारिश के साथ वज्रपात हो गई। इस घटना में वज्रपात की चपेट में आने से बारीक अंसारी उम्र18 वर्ष पिता जुबैर अंसारी ग्राम चिरु, हेरहंज की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बारीक अंसारी अपने घर से शौचालय के लिए बगल वाले मैदान में जा रहे थे इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ और बारिश होने लगी. और बृजपात की चपेट में आने से ही बारीक अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा बारीक अंसारी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने भी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया ।वही घटना के बाद हेरहंज थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह के निर्देश पर पुलिस की टीम मृतक के शव को कब्जे में ले लिया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वही इस घटना के बाद मृतक के परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

### एनएच फोरलेन निर्माण भूमि अधिग्रहण व मुआवजा निर्धारण को लेकर लगा शिविर



**चंदवा।** जिला भू अर्जन पदाधिकारी सक्षम प्राधिकार लातेहार के द्वारा एनएच 39 (एनएच 75) के चौड़ीकरण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण को लेकर मंगलवार को विशेष कैम्प का आयोजन प्राथमिक विद्यालय अमझरिया में किया गया। जिसमें सेन्हा, पिरदाग, बैरगड़ा, अमझरिया, हुटाप, बोरसीदाग एवं लुकुइया ग्राम से संबंधित रैयतों को कैंप में आमंत्रित किया गया था। इस विशेष कैंप की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने की। सीओ श्री पाठक ने बताया कि अधिग्रहित भूमि के मुआवजा राशि के भुगतान हेतु भूमि का सत्यापन राजस्व कागजातों के आधार पर किया जाना है, राजस्व कागजात के अभाव में भुगतान करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए यह विशेष कैम्प आयोजित किया गया है। इस कैंप के माध्यम से रैयतों को अपने कागजात राजस्व कर्मचारी व अंचल निरीक्षक के पास जमा करे ताकि भुगतान की कार्रवाई की जा सके। शिविर में 8 रैयतों ने अपने अपने राजस्व कागजात जमा किया। इन कागजातों की जांच कर भुगतान की कार्रवाई तेजी से की जाएगी। मौके पर अंचल निरीक्षक महेश सिंह, राजस्व कर्मचारी मुनेश्वर गंझू, रैयत बालेश्वर प्रजापति, बालेश्वर गंझू समेत दर्जनों रैयत मौजूद थे।

### सीमेंट लोड 2 ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त

**चंदवा।** चंदवा-चांपी-लोहरदगा पथ स्थित डेढ़टँगवा घाटी में मंगलवार की दोपहर सीमेंट लोड दो ट्रेलर वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दोनों ट्रेलर के कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चालक अली हसन पिता मोहम्मद गुलफान बक्सर बिहार, दूसरे ट्रक में चालक प्रदुमन पिता जगन्नाथ छपरा बिहार एवं रितिक कुमार पिता उपेंद्र पासवान छपरा बिहार शामिल है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर सीजी 13 एएस 5599 और सीजी 13 एटी 9699 छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से पैंथर सीमेंट लेकर बिहार के गया जा रहे थे। इसी दौरान घाटी के समीप आगे चल रहा ट्रेलर तीखा मोड एवं ढलान के कारण अनियंत्रित हो गया व सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके ठीक पीछे चल रहे ट्रेलर चालक ने बताया कि आगे वाला वाहन दुर्घटना होने के बाद अचानक धुआ से उसे कुछ दिखाई नहीं पड़ा। आगे वाले वाहन से टकराकर उसका ट्रेलर भी सड़क किनारे पलट गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दी। राहगीरों की मदद से तीनों घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी। ट्रक मालिक को घटना की सूचना दे दी गई थी। घटना में प्रद्युमन का हाथ टूट गया है। अन्य दोनों चालकों को भी गंभीर चोट आई है जिसे बेहतर इलाज के लिए तीनों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। चालकों ने बताया कि लोहरदगा के समीप पुलिस वालों ने दोनों ट्रकों पर चालान ठोका था। चालान से बचने के लिए दोनों ट्रको के चालकों ने नजराना भी दिए थे। उन लोगों ने ही बताया इधर से चले जाओ जल्दी पहुंच जाओगे। इसलिए दोनों ट्रकों के चालक इस खतरनाक रोड से होकर आ रहे थे।

# चंदवा : प्रतुल शाहदेव के सार्थक प्रयास के बाद गुजरात से जमीरा पहुंचा विनोद यादव का शव





खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के सार्थक प्रयास के बाद गुजरात सरकार की पहल पर मंगलवार की दोपहर बाद विनोद यादव का शव जमीरा पहुंचा, जहां परिजनों ने मृतक विनोद यादव का अंतिम दर्शन किया। शव के गांव पहुंचने के बाद प्रतुल शाहदेव भी मृतक के घर पहुंचे व परिजनों से मिलकर ढांढस बांधते हुए शोक संवेदना प्रकट की। इधर संध्या बेला में धर्मवती नदी मुक्ति धाम में विनोद यादव का अंतिम संस्कार किया गया, जहां ज्येष्ठ पुत्र रवि यादव ने मुखाग्नि दी। विदित हो कि विनोद यादव पिता दशरथ यादव गत दो वर्ष पूर्व काम करने गुजरात के भरूच जिला अंतर्गत दहेज गए थे, जहां शनिवार को उसकी आकस्मिक मौत हो गई थी, मौत की सूचना के बाद अर्थभाव में परिजन मृतक के शव को गांव लाने में असमर्थ थे, जिसके बाद परिजनों ने रविवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से पार्थिव शरीर को गांव लाने में मदद की गुहार लगाई थी। मामला संज्ञान में आने के बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात सचिवालय, भरूच के जिला अधिकारी से समन्वय स्थापित कर रविवार अवकाश होने के बावजूद गुजरात सचिवालय से शव वापसी की सारी प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए शव को गांव लाने की बाधा को दूर किया जिसके बाद 1600 की दूरी तय कर मंगलवार की दोपहर मृतक विनोद का शव गांव पहुंचा। प्रतुल शाहदेव एवं विनोद यादव के परिजनों ने गुजरात सरकार, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल एवं लातेहार उपायुक्त को आभार व्यक्त किया है। मौके पर भाजपा नेता आशीष सिंह, रोहित शाहदेव, मनोज यादव, कुशेश्वर यादव, अनिल यादव, रवींद्र यादव, बैजू मुंडा, सुरेंद्र यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, दिए कई दिशा-निर्देश




जन शिकायत का निवारण करते उपायुक्त।

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक एक कर उनकी समस्यायें सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से सड़क निर्माण, नामांकन से संबंधित, जमीन अधिग्रहण, मुआवजा से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्यायें को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

### प्राणप्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई शोभायात्रा




**चंदवा।** अलौदिया के हरैया में नवनिर्मित श्री श्री 108 श्री ठाकुरबाड़ी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे बजे के साथ कलशयात्रा निकाली गई। मंदिर में स्थापित की जानेवाली प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। कलशयात्रा मंदिर परिसर से निकलकर मुख्य पथ होते भूषाढ़ नदी तट पहुंची। यहां बनारस से आए आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री, पं. वैभव सारस्वत, पं. शिवन गौड़, पं. प्रमोद गरोनकर, पं. मोहित शर्मा व पं. राघव शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बतौर यजमान डा. मनीष कुमार डा. प्रिया कुमारी आदि ने पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद कलशों में जल भर कलशयात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंची। नगर भ्रमण और कलशयात्रा के दौरान श्री श्री 108 श्री ठाकुर जी महाराज की जय, जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, सिद्धि विनायक की जय समेत अन्य नारे लगाए गए। मौके पर मंदिर समिति के संतोष सिंह, राजेश चंद्र पांडेय, मृत्युंजय सिंह, पं. अमरेश दुबे, प्रमोद जायसवाल, बिहारी सिंह, सुबोध जायसवाल, अजय जायसवाल, दीपक भगत, नरेश अग्रवाल, राजकुमार केशरी, कैलाश जायसवाल, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, रमेश जायसवाल, शंकर साहू, जितेंद्र कुमार, अमरेश कुमार, राहुल कुमार, मंटू सोनी, राजकिशोर, गोपाल गुरू, शशिकांत गिनोडिया, रविकांत गिनोडिया, आनंद कानोडिया, प्रतिमा देवी, मंजु सिंह, विद्या रानी, खुश्बु देवी, आद्या रानी समेत अन्य मौजूद श्रद्धालु चार दिवसीय पूजन और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रमों की सफलता को लेकर तन्मयता से जुटे दिखे।

### करंट से दो पशु की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगडा ग्राम में मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे बिजली तार की चपेट में आने से दो पशु की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कन्हाई साव पिता स्व. महादेव साव, एवम ईश्वर साव पिता शिवा साव दोनो ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ का पशु दोनों खेत में चर रहा था। इसी बीच खेत के ऊपर से गुजरा 440 वोल्ट का तार टूट कर नीचे गिर गया। और दोनों पशु उसकी चपेट में आ गए। जिससे दोनों पशु की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दिया। उसके बाद बिजली कटने के बाद दोनों पशु को किनारे किया गया। दोनों पशुधन के मालिकों ने अंचलाधिकारी एवं बिजली विभाग से मुआवजा की मांग की है।

# तूफान से क्षतिग्रस्त हुआ बाजार समिति शेड, दुकानदार परेशान

खबर मंत्र संवाददाता



**बरवाडीह।** सोमवार की शाम आई तेज आंधी और तूफान ने बरवाडीह मुख्य बाजार में तबाही मचा दी। बाजार समिति परिसर स्थित विशाल पीपल के पेड़ की एक भारी टहनी टूटकर नवनिर्मित शेड पर गिर गई, जिससे शेड की छत पर लगा करकट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तेज हवाओं के कारण करकट चकनाचूर हो गया और शेड का संरचनात्मक संतुलन भी बिगड़ गया। गनीमत रही कि आंधी के पूर्वानुमान के चलते दुकानदार सतर्क हो गए थे और समय रहते अपनी दुकानें खाली कर दी थीं, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, इस घटना के बाद से शेड के नीचे दुकान लगाने वाले दुकानदारों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त शेड के नीचे न तो दुकानें लग पा रही हैं और न ही ग्राहक आ पा रहे हैं, जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बरसात के मौसम की दस्तक से पहले यदि शेड की मरम्मत नहीं हुई, तो यह संकट और गहरा सकता है। दुकानदारों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासन से अपील की है कि वे इस मामले में अविलंब संज्ञान लें और शीघ्र नया करकट लगवाने की व्यवस्था करें। व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने भी क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र सिंह को पूरे मामले की जानकारी देते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने विधायक से आग्रह किया है कि दुकानदारों के हित में शीघ्र इस सार्वजनिक ढांचे की मरम्मत कराई जाए। स्थानीय व्यवसायी और आम नागरिकों की नजर अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। सभी को उम्मीद है कि जनहित में जल्द ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### तीन दिवसीय नि:शुल्क शिविर का हुआ आयोजन



**लातेहार।** धर्मपुर रोड स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी में तीन दिवसीय नि:शुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 6 मई से 8 मई तक चलेगा। जरूरतमंद विकलांगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। रेड क्रॉस सोसाइटी लातेहार एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के संयुक्त शिविर के तत्वावधान में उन लोगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनके हाथ या पैर किसी कारण वश कट गए हैं, या फिर वे जन्म से ही शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। इसके अतिरिक्त अन्य शारीरिक अंग जो कार्य करने में अक्षम हो चुके हैं, उनकी सहायता के लिए भी विशेषज्ञ टीम द्वारा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जयपुर से विशेष रूप से प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों के साथ लातेहार पहुंच चुकी है। यह टीम न केवल अंग प्रत्यारोपण करेगी बल्कि लाभार्थियों को उन्हें उपयोग करने का प्रशिक्षण भी देगी ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर पूरी तरह नि:शुल्क है। इसमें भाग लेने वाले लोगों के रहने, खाने और इलाज की संपूर्ण व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई है। जरूरतमंदों से अपील की गई है कि वे समय पर पंजीकरण कराएं और इस सेवा का लाभ उठाएं। इस पुनीत कार्य में रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति महेंद्र गुप्ता, जावेद, पवन कुमार, मिकु साहू एवं अनिल सिंह समेत कई समाजसेवी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सभी मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी जरूरतमंद इस सेवा से वंचित न रहे।

# राहुल सिंह गिरोह के दो अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**देशी कट्टा, 8 जिंदा कारतूस व बाइक बरामद**

**बीते दिनों सोंस गांव में चचेरे भाई उपेंद्र उरांव के हत्या में मुख्य अभियुक्त था गिरफ्तार अमृत उरांव**

खबर मंत्र संवाददाता



गिरफ्तार अपराधी।

**चंदवा।** कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के विरुद्ध चंदवा पुलिस ने एक और बड़ी सफलता सफलता अर्जित की है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चला कर गिरोह अमृत उरांव पिता रंथू उरांव (ग्राम जोभिया लातेहार) व माशूक अंसारी पिता मोमिन अंसारी (ब्राह्मणी चंदवा) को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता रही। चंदवा थाना में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल सिंह गिरोह के तीन अपराधी ठेकेदार एवं व्यवसायों से लेवी वसूलने के उद्देश्य से किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसी आलोक में टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें दो अपराधियों को दबोच लिया गया। तलाशी के क्रम में उनके पास से एक देशी कट्टा एवं आठ जिंदा कारतूस बरामद किया गया। चचेरे भाई उपेंद्र उरांव के हत्या में मुख्य अभियुक्त था गिरफ्तार अमृत उरांव विदित हो कि गिरफ्तार अमृत उरांव बीते 2 मई को थाना क्षेत्र के सोंस गांव में बारात में आए चचेरे भाई उपेंद्र उरांव की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में मुख्य आरोपी था व घटना के बाद से फरार चल रहा था। मामले में अमृत उरांव के पिता रंथू उरांव व भाई ओम उरांव पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। छापामारी अभियान में पुअनि रविन्द्र कुमार सिंह व दल बल के जवान शामिल थे।

# बेरमो : छात्राओं ने आरोपी शिक्षक को दी उसकी करनी की सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिला के एक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक के द्वारा गुरु-शिष्या के रिश्ते को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। इल्जाम है कि विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक ने छात्राओं के साथ अश्लील भाषा का प्रयोग करने के साथ-साथ, छात्राओं को बैड टच भी किया है।

मामला बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नैनाटांड़ का है। जब इस मामले की जानकारी छात्राओं ने अपने अभिभावकों को दी, तो आक्रोशित होकर अभिभावक, ग्रामीणों को साथ लेकर विद्यालय पहुंच गए, और आरोपी शिक्षक पर कार्यवाही करने की मांग करने लगे। हंगामा बढ़ता देख आरोपी शिक्षक अपनी गलतियों को स्वीकार करते



हुए हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा। फिर छात्राओं ने भी गुस्से में आकर आरोपी शिक्षक पर चप्पल जड़ दिया।

### क्या है मामला

गोमिया प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय नैनाटांड़ में कार्यरत शिक्षक कुंजलाल राम पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उक्त शिक्षक के द्वारा उनके बच्चियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता था। बच्चियों से उनकी मां का मोबाइल नंबर भी मांगा जाता था। इतना ही नहीं, उक्त शिक्षक के द्वारा बच्चियों के साथ बैड टच भी किया जाता था। ऐसे में उक्त शिक्षक को विद्यालय से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। ये कहते हुए अभिभावक, आरोपी शिक्षक पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए विद्यालय में हंगामा करने लगे।

मामला बढ़ता देख आरोपी शिक्षक कुंजलाल राम ग्रामीणों के बीच पहुंचकर छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से माफी मांगते हुए, दुबारा ऐसी गलती न करने की बात कहने लगा। ऐसा देख छात्राओं ने भी गुस्से में आकर शिक्षक पर चप्पल जड़ दिया। अंत मे अभिभावकों ने ग्रामीणों की सहमति पर आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई करने की मांग करने के लिए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका को आवेदन दिया है।

# 20 मई को देशव्यापी हड़ताल को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन का कथारा जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन





संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा सौंपा गया 24 सूत्री मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/कथारा।** 20 मई को देश व्यापी हड़ताल को लेकर मंगलवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन की ओर से कथारा महाप्रबंधक कार्यालय केंद्रीय ट्रेड यूनियन एवं स्वतंत्र फेडरेशन के संयुक्त मंच के आवाहन पर मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को तत्काल रद्द करने के साथ 24 सूत्री मांग पत्र कथारा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए एसओपी को सौपा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पीके विश्वास और संचालन इकबाल अहमद ने किया। मौके पर एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया । इस मौके पर श्याम बिहारी दिनकर, जय नारायण महतो, प्रदीप कुमार विश्वास, इकबाल अहमद, विजय कुमार सिंह, कमोद प्रसाद, लक्ष्मण सिंह, अनिल सिंह, कमलेश गुप्ता, दीपक कुमार, अमित सिंह, उपेंद्र सिंह, स्वरूप सिंहा, मुमताज आलम, शिवकुमार, नागवंत प्रसाद, हेमू यादव, संजय पासवान, शक्ति सिंह, अनमोल कुमार अजय कुमार पिंकी नाहल, बबीता देवी, अंजू कुमारी, यशोदा सरदार आदि के अलावे अनेकों लोग उपस्थित थे।

## खुशखबरी : के बी कॉलेज बेरमो में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का होगा आयोजन

**बेरमो।** बेरमो स्थित के बी कॉलेज में शनिवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। बैंको, बड़ौदा गुजरात एवं अन्य कंपनी 10 मई शनिवार को सुबह 11 बजे से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए पहुंच रही है जो छात्र छात्राओं का इंटरव्यू लेकर उन्हें जॉब का अवसर देगी। प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति ने कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इस तरह के आयोजन लगातार जारी रखें। कॉलेज के छात्र छात्राओं को रोजगारपरक बनाना भी शिक्षण संस्थाओं की जवाबदेही है। प्लेसमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा विज्ञान संकाय के पासआउट छात्र छात्राओं को रोजगारपरक बनाने हेतु यह कैंपस ड्राइव चलाया जाएगा। विज्ञान संकाय में पढाई करने वाले छात्र छात्राएं को इंटर्नशिप के लिए भी चयन किया जा सकता है। कॉलेज के विज्ञान संकाय के पास आउट विद्यार्थियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो और सभी डॉक्यूमेंट्स लेकर बुलाया गया है। यह जानकारी कॉलेज के मीडिया सेल के कॉर्डिनेटर सह मीडिया प्रभारी डॉ प्रभाकर कुमार ने दी।

## पेज एक का शेष

### झारखंड समेत देशभर ...

**केंद्रीय गृह सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा :** मॉक ड्रिल से पूर्व केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को अधिकारियों संग अहम बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाने, मॉक ड्रिल आयोजित करने, लोगों को हवाई हमला होने की सूरत में खुद को बचाने के लिए प्रशिक्षित करने, बंकरों से संबंधित चर्चा की गयी। बैठक में कई राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में एनडीआरएफ के डीजी, होम गार्ड के डीजी, डीजी फायर के अलावा रेलवे और वायु सुरक्षा से जुड़े शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जिन खामियों को दूर किया जाना है, उनकी पहचान कर ली गयी है। इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीण और गांव स्तर के क्षेत्रों सहित 244 नागरिक सुरक्षा-निर्दिष्ट जिलों में मॉक ड्रिल की तैयारियों का आकलन करना है।

**मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य :** मॉक ड्रिल के प्राथमिक उद्देश्यों में हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता का आकलन, भारतीय वायु सेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो संचार लिंक का संचालन, कंट्रोल रूम और शैडो कंट्रोल रूम की कार्यक्षमता का परीक्षण, शत्रु के हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षण देना शामिल है।

### पाक सीमा पर ...

इससे प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी जहाज और ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी रहेगी। इस दौरान भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट और निगरानी विमान युद्धाभ्यास करेंगे। अभ्यास का समय और स्थान महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस क्षेत्र में हाल ही में सीमा पार की घटनाओं के बाद तनाव बढ़ गया है।

### धरनाधर्म कोड की ...

जो भी वादे किए हैं, उसे निभा रहे हैं। कोई भी शिकायत नहीं है।

**पहलगाम हादसे की जिम्मेवारी ले केंद्र :** श्री खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले को ले कर केंद्र सरकार जमकर हमला बोला, जिसमें 26 बेगुनाह लोगों की जान चली गयी। सरकार ने खुद माना है कि यह इंटेलिजेंस की विफलता थी। खड़गे ने सवाल उठाया कि अगर सरकार को खतरे की जानकारी थी, तो पुख्ता सुरक्षा इंतजाम पहले से क्यों नहीं किये गये। उन्होंने आरोप लगाया कि हमले से तीन दिन पहले पीएम मोदी को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गयी थी। इसीलिए उन्होंने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने सवाल किया कि जब आपको पहले रिर्पोट मिल ही गयी थी तो आपने टूरिस्ट के लिए ज्यादा संख्या में पुलिस और बॉर्डर फोर्स क्यों नहीं लगाया। जम्मू कश्मीर में इंटेलिजेंस, सिक्योरिटी, पुलिस और बॉर्डर फोर्स को इसके बारे में पहले क्यों नहीं बताया।

**आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में पूरा साथ :** श्री खड़गे ने कहा कि देश पहले है। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में सरकार का पूरा साथ देंगे। देश को बचाना, सुरक्षा करना हमारा फर्ज है। पाकिस्तान के खिलाफ सरकार आगे बढ़े, कांग्रेस पूरा साथ देगी। देश के लिए इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और महात्मा गांधी ने अपनी जान दे दी। हम महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के शिष्य हैं।

**कांग्रेस जीती, मोदी हारे :** खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा था कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। कांग्रेस करा कर रहेगी। इस पर भाजपा के लोग बोलते थे कि इस मुद्दे को लाकर देश के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। वहीं कांग्रेस की जीत हुई और मोदी जी हार गये। मैं यह बात किसी के इंसल्ट करने के लिए नहीं बोल रहा हूं। अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि दो करोड़ नौकरी, 15 हजार रुपए खाते में देने का जुमला बोलते फिरते रहे, किया कुछ नहीं। वहीं हम जिस काम के लिए लड़ते हैं, दिल से लड़ते हैं। कांग्रेस को मजबूत करना है।

**पीएम को खत में तीन मांगे रखी हैं :** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मैंने पीएम मोदी को खत लिखा है, जिसमें हमने तीन मांगें रखी है। पहला, जातिगत जनगणना के लिए सभी दलों के साथ सभी मुद्दों पर आम सहमति बनायी जाये। दूसरा, आर्टिकल 15(5) के तहत गरीबों, आदिवासी और ओबीसी को कॉलेज और संस्थानों में आरक्षण मिले। तीसरा 50 फीसदी आरक्षण हटाने की मांग की गयी है। झारखंड के मुख्यमंत्री ने भी आरक्षण के लिए गर्वनर के पास प्रस्ताव भेजा था, पर मंजूरी नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कोई भी कानून गरीबों के लिए बनता है।

**हम न डरेंगे न झुकेंगे :** श्री खड़गे ने कहा कि भाजपा कुछ भी कर ले न हम डरेंगे और न ही झुकेंगे। नेशनल हेराल्ड, कौमी आवाज और नवजीवन तीन पेपर का जिक्र करते हुए कहा कि इन तीनों ने आजादी के समय लोगों को जागृत करने का काम किया। इस पेपर को जिंदा रखने के लिए सोनिया गांधी ने काफी मेहनत की। भाजपा के लोग उन पर ईडी और जेल भेजने का काम कर रहे हैं। हम डरेंगे नहीं और झुकेंगे नहीं। जो झुकाने की कोशिश करेगा, वह खुद झुकेगा। क्या बीजेपी और आरएसएस के लोग आजादी की लड़ाई के लिए जेल गये। ऐसे लोग देशभक्ति का पाठ पढ़ा रहे हैं।

### आइएसआइ ने संभाली ...

बयान में यह भी बताया गया कि इस दौरान शहबाज शरीफ के साथ पारंपरिक सैन्य विकल्पों और हाइब्रिड वॉर रणनीति जैसी चीजों पर भी चर्चा हुई। आनन-फानन में बुलायी गयी इस बैठक से पाकिस्तान की पतली हालत साफ नजर आ रही है। शहबाज शरीफ के अलावा डिप्टी पीएम , रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख, पाकिस्तानी नेवी और एयरफोर्स के प्रमुख भी आइएसआइ मुख्यालय पहुंचे थे। पूरी दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने वाले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ इस मीटिंग के दौरान पाक सेना की जमकर तारीफ भी करते दिखे।

**यूएनएससी ने भी दिया झटका :** इस बीच सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी पाक को झटका दे दिया है। सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाकर पाकिस्तान सदस्य देशों की सहानुभूति बटोरना चाहता था। हालांकि इसके उलट पाकिस्तान से पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकी गुटों का हाथ होने को लेकर कई तीखे सवाल पूछे हैं। इसके बाद अब पाकिस्तान की स्थिति काटो तो खून नहीं वाली बन गयी है।

**रॉ ने पहले ही कुंडली खोल कर रख दी :** शहबाज शरीफ के आइएसआइ मुख्यालय जाने से पहले ही भारतीय खुफिया एजेंसी (रॉ) पाकस्तिान की पोल खोल चुकी है। हलगाम हमले के पाकिस्तानी कनेक्शन की जो रिपोर्ट रॉ ने सरकार को सौंपी है, उसमें गुनहगारों के पाकिस्तान कनेक्शन की पूरी कुंडली है। रॉ ने उस टीआरएफ की कुंडली निकालकर सरकार को दे दी है, जिसने पहलगाम में निर्दोषों का खून बहाया है। इंटेलिजेंस इनपुट में टीआरएफ के ऑपरेटिव्स की पहचान की गयी है। यह संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही नया नाम है, जो आइएसआइ के आदेश पर काम करता है। इसमें आतंकियों की ट्रेनिंग, मूवमेंट और सीमा पार से निर्देश मिलने की पुष्टि की गयी है।

## स्पीड न्यूज

### कालीचरण शर्मा बने बोकारो थर्मल के नये डीजीएम प्रशासन

बेरमो। डीवीसी मुख्यालय कोलकाता द्वारा सोमवार को चार प्रोजेक्टों में चार नये डीजीएम प्रशासन की पदस्थापना की गई है। वरीय जीएम विद्युत डॉ डीवी राजन के हस्ताक्षर तथा पत्रांक 477 से सभी की पदस्थापना की गई है। बोकारो थर्मल के डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर के स्थान पर कालीचरण शर्मा को बोकारो थर्मल का नया डीजीएम बनाया गया है। बीजी होल्कर सीएसआर के डीजीएम बने रहेंगे। इसी प्रकार सुखमय नायक को कोडरमा, श्रीकांत गेदाला को डीएसटीपीएस अंडाल तथा अंकुर हजारिका को रघुनाथपुर का डीजीएम प्रशासन नियुक्त किया गया है। बोकारो थर्मल में नये डीजीएम की पदस्थापना से माना जा रहा है कि आनेवाले समय में बहुत कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे।

### गोड्डा : ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

गोड्डा। प्रखंड क्षेत्र के मुफस्सिल थाना अंतर्गत ढोढरी गांव के समीप एक ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर चालक यादव की मौत हो गई।इस संबंध में बताया गया कि मृतक चालक रात के अंधेरे में बालू अनलोड कर बालू उठाव के लिए जा रहा था इसी क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे मौके पर ट्रैक्टर और ट्रैक्टर का डाला अलग हो गया। बताया गया कि ट्रैक्टर के गड्ढे में पलटने के कारण चालक के सर में गहरी चोट लगी जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के मुताबिक घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की तहकीकात कर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### मारवाड़ी सम्मेलन बेरमो के अध्यक्ष बनने पर महासभा ने दी बधाई



बेरमो। मारवाड़ी सम्मेलन बेरमो सत्र 2025 से 27 के लिए निर्वाचित अध्यक्ष छीतरमल अग्रवाल को अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर बधाई दी उन्होंने कहा कि सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने की जरूरत है अध्यक्ष छीतरमल अग्रवाल ने कहा कि समाज ने हमें एक बड़ी जिम्मेदारी दी है मे समाज के बिकास और उत्थान के लिए पूरी तरह से समर्पित रहूंगा मौके पर राजेश राठी कृष्ण कुमार चांडक पवन अग्रवाल अमर कुमार चांडक वरुण राठी घनश्याम प्रसाद रवि छाबड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित है।

### विवाद में चचेरे भाई ने मारा चाकू, युवक गंभीर

गोड्डा/मेहरमा। जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत भगैया गांव में सोमवार को एक व्यक्ति के चचेरे भाई के द्वार पर बच्चे ने शौच कर दिया था। जिसको लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में एक युवक को चाकू लग गई। चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेहरमा लाया गया और फिर प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल गोड्डा रेफर कर दिया गया। इस मामले में घायल युवक भगैया निवासी कनक लाल मंडल के 25 वर्षीय पुत्र कार्तिक मंडल ने बताया की मेरे चाचा के द्वार के पास बच्चा शौच कर दिया था जिस कारण विवाद हो गया और चाचा बद्री मंडल का पुत्र अजीत मंडल ने अचानक से मुझ पर चाकू से वार कर दिया जिससे मैं घायल हो गया।

## बोकारो : जनता दरबार में डीसी ने अधिकारियों को लगाई फटकार, कहा

# जनता की समस्या का करें निदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/चंदनकियारी।** जिला के चंदनकियारी प्रखंड कार्यालय में आयोजित डीसी के जनता दरबार में अव्यवस्था का माहौल दिखा। यहां डीसी विजया जाधव के पहुंचने तक फरियादियों के लिए बैठने या उनकी समस्याओं को सुनने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। कार्यक्रम में पहुंचकर अव्यवस्था को देखते ही डीसी ने यहां अधिकारी व फरियादियों के बैठने व समस्याओं से रूबरू होने को लेकर माइक की व्यवस्था नहीं होने पर फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई।

उसके बाद यहां सभागार के बरामदे में डीसी एसडीएम व डीआरडीए निदेशक के बैठने की कुर्सियां लगीं और वहीं पर डीसी फरियादियों की समस्याओं से रूबरू हुईं। जनता दरबार में अधिकतर शिकायतें अंचल कार्यालय से संबंधित पाई गईं जहां फरियादियों ने नामांतरण ऑनलाइन त्रुटि सुधार व भू मापी के लंबित मामलों व बिना वजह रिजेक्ट किए जाने से परेशानी का मामला उठाया। इन समस्याओं का समाधान का निर्देश डीसी ने अंचलाधिकारी को त्वरित गति से करने का निर्देश भी दिया। वहीं डीसी ने किसान क्रेडिट कार्ड व बाल विकास कार्यालय से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की धीमी गति पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए इसका निष्पादन त्वरित गति से करने का कड़ा निर्देश दिया। मौके पर जिप अध्यक्ष सुनीता देवी एसडीएम प्रांजल ढांडा अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी व ग्रामीण विकास अभिकरण की निदेशक मेनका समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बिरंची महथा ने उक्त जनता दरबार को सरकारी आदेश का कोरम पूरा करने के लिए किए जाने का आरोप लगाया।

कहा कि यहां जनता दरबार में सुदूरवर्ती गांवों से हजारों महिला-पुरुष अपने छोटे-छोटे बच्चों को भी साथ लेकर पहुंचे हैं परंतु कड़ी धूप में छाया व बैठने तक की व्यवस्था नहीं की गई। वहीं अधिकारी के समक्ष ग्रामीणों द्वारा अपनी फरियाद रखने के लिए कोई समुचित व्यवस्था तक नहीं करना राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश जैसा प्रतीत होता है।

# ढ़ोल-नगाड़ा बजा पुलिस ने जालसाज के घर पर चिपकाया इश्तेहार, होगी कुर्की

**एक साल पहले पीड़ित ने चेक बाउंस का कराया था पीसीआर**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** पैसा दुगुना करने और किसी को व्यापार में पैसा लगाने का लालच देने वाले न्यू बाबूपाड़ा के असीत कुमार के घर पर न्यायालय के आदेश पर नगर थाना की पुलिस ने मंगलवार को बाकायदा ढोल नगाड़े के साथ इश्तेहार लगाया। अब 21 दिन के बाद आरोपी के घर की कुर्की होगी।

मामला करीब एक साल पुराना है। जानकारी के अनुसार दुर्गास्थान रोड निवासी संजीव कुमार जायसवाल ने वर्ष 24 में असीत कुमार को 4.99 लाख रुपया कर्जा के रूप में दिया था। जब काफी दिन तक आरोपी ने पैसा वापस नहीं किया तो संजीव ने दबाव बनाया। दबाव से परेशान होकर आरोपी ने संजीव को पैसों को चेक दिया। संजीव ने जब बैंक में चेक जमा किया तो बाउंस हो गया। इसके बाद संजीव ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और पीसीआर केस दर्ज किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने नगर थाना की पुलिस को इश्तेहार लगाने का आदेश दिया। मंगलवार को नगर थाना के एएसआई अशोक मिश्रा बाकायदा ढोल नगाड़ा लेकर आरोपी के दरवाजे पर पहुंच इश्तेहार लगाया। बताया कि अगर आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हुआ तो 21 दिन के बाद घर की कुर्की की जाएगी।

यहां बता दें कि आरोपी असीत ने संजीव की तरह कई लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना चुका है।

# तेनुघाट मे खुला नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बोकारो जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तेनुघाट में एक नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की गई है।

इस केंद्र का संचालन धुरीना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जहां जिले के छात्र-छात्राओं को तकनीकी और प्रायोगिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है। यह प्रशिक्षण केंद्र युवाओं के लिए कई आकर्षक कोर्सेज की सुविधा प्रदान करता है, जिनमें ग्राफिक्स डिजाइनिंग, टैली (बेसिक से एडवांस स्तर तक), एमएस ऑफिस, ऑफिस एग्जीक्यूटिव, ऑफिस ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग, इंग्लिश स्पोकन, शॉर्टहैंड और स्टेनो शामिल हैं। प्रशिक्षण की अवधि तीन से चार महीने की होगी और पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद विद्यार्थियों को भारत सरकार के मान्यता प्राप्त स्किल काउंसिल द्वारा प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। साथ ही, छात्रों को प्लेसमेंट में भी सहायता दी जाएगी जिससे वे प्रशिक्षण के तुरंत बाद रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। इस नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोकारो जिले के 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के वे छात्र भाग ले सकते हैं जिन्होंने कम से कम 10वीं की शिक्षा पूरी की हो। केंद्र पर छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु विशेष कक्षाओं की भी व्यवस्था की गई है।

इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी स्मृति ऐशवर्या, भूपेंद्र कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य सुदामा तिवारी, प्रोफेसर धनंजय रविदास, प्रो महावीर यादव, प्रो संजीव महाराज, प्रो प्रेमसागर प्रसाद, प्रो दिनेश्वर स्वर्णकार, प्रमोद कुमार कई छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## एसपी कॉलेज में मना मनोविज्ञान जनक डॉ सिगमंड फ्रायड का जयंती

# कैथार्सिस के द्वारा रोगमुक्त का सुझाया उपाय : डॉ शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**दुमका।** एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में मंगलवार को मनोविश्लेषण संस्थापक एवं मनोविज्ञान के प्रथम स्तंभ के जनक सिगमंड फ्रायड का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष सह मेंटल हेल्थ काउंसलिंग सेंटर के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ शर्मा ने सिगमंड फ्रायड का जयंती छात्रों संग केक काटकर मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने फ्रायड के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फ्रायड के विचारों को दुनिया आत्मसात कर विसंगतियों और मनोविकारी व्यवहारों से बहुत हद तक बचा जा सकता है। फ्रायड का जन्म 6 मई 1856 को ऑस्ट्रिया के फ्रीवर्ग, मोरविया में एक यहूदी परिवार में हुआ था। फ्रायड का प्रमुख देन व्यवहारों की गत्यात्मकता को समझने के साथ व्यक्तित्व विकास एवं मनोचिकित्सा तक फैला है। फ्रायड ने कहा कि एक नवजात सेक्स का हाड़मांस का पुतला होता है। जो हर व्यवहार अपनी लैंगिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए करता है। फ्रायड के अनुसार व्यक्ति का हर व्यवहार के पीछे कोई न कोई कारण अवश्य होता है। जिसे साइकिक डिटरमिनिज्म कहा जाता है। व्यक्ति का प्रत्येक व्यवहार लैंगिक इच्छाओं (लिबिडनल एनर्जी) से निर्देशित होता है। जिसकी पूर्ति नहीं होने से इच्छाएं दमित होकर मन के अचेतन में चली जाती है। जहां स्वप्न और दैनिक जीवन के भूलों (लिखने, बोलने, पहचानने, छपाई संबंधी) के रूप में चेतन में स्वरुप बदल कर आती है। जहां व्यक्ति भूल पर सॉरी कहता है। फ्रायड ने व्यक्तित्व विकास के पांच अवस्थाओं (ओरल, ऐनल, फेलिक, लेटेंसी और जेनाइटल) के मध्य वंचना या बाधा उत्पन्न होने से मनोविकार का एक प्रमुख कारण बतलाया है। बच्चों में इरोटिक जोन उसका होठ होता है। जो दांत, गुदा होते हुए जैनेन्द्रिय तक जाता है। इलेक्ट्रा कॉम्पलेक्स के कारण लड़कियां पिता की ओर और ओडिपस कॉम्प्लेक्स के चलते लड़के मां के प्रति आकर्षित होता है। फ्रायड ने जीवन मूलप्रवृत्तियों के तहत कहा कि जीवन मूलप्रवृत्तियों जहां व्यक्ति में रचनात्मक कार्य के प्रति अभिप्रेरित करता है, प्रेम संवेदना को बढ़ाता है। कार्यक्रम को संबोधित डॉ त्रिजा जेनिफर टोप्पो ने भी किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ किलिश मरांडी ने किया।

# बोकारो : नगर विकास समिति की बैठक में घुसपैठियों को चिन्हित करने की उठी मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बोकारो।** नगर विकास समिति की बैठक अभय कुमार मुन्ना की अध्यक्षता एवं शिव कुमार सिंह के संचालन में धर्मशाला मोड स्थित स्वर्गीय राजेन्द्र महतो स्मृति भवन कार्यालय में संपन्न बैठक में विगत माह में समिति के द्वारा संपन्न हुए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते समिति के संरक्षक सदस्य सह मारवाड़ी पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार जगनानी ने कहा कि संस्था की स्थापना आम लोगों के हितों को लेकर उसके प्रति शासन प्रशासन को सहयोग एवं सजग करने के लिए किया गया था। आज हम बड़े आत्मविश्वास के साथ कह सकते हैं कि नगर विकास समिति अपने उद्देश्यों के अनुकूल समाज एवं शासन प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रहा है। समिति के संरक्षक सदस्य विक्रम महतो ने कहा कि आज देश के अंदर पहलगाम आतंकी हमले के कारण आम लोगों में भारी गुस्सा व्याप्त है। हम भारतवासियों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए समाज के अंदर आपसी प्रेम भाईचारा को मजबूत कर आतंकी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है। समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना ने कहा कि समिति द्वारा अपने स्तर से बोकारो डीसी व एसपी से मिलकर बोकारो जिला में अवैध घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें देश एवं बोकारो से बाहर करने की मांग की जाएगी। बैठक में बालकृष्ण कुमार मुरारी विक्रम महतो डॉ एस कुमार रंजीत अध्यक्ष अभय मुन्ना सुबोध सिंह करमचंद गोप शिव श्रीवास्तव गौरी शंकर सिंह अतीश सिंह रामकिंकर माहथा नरोत्तम झा विनोद चौधरी गोपाल साह प्रदीप आशीष महतो जवाहर माहथा महेश अशोक आदि शामिल हुए।

# बोकारो : जमीन के मामले में इडी ने कई जगहों में की छापामारी





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** तेतुलिया मौजा के खाता नं 59 प्लाट नं 450/426 की 103 एकड़ भूमि के बन्दर बांट और सच्चाई की छानबीन के सिलसिले में ईडी की टीम ने बोकारो में विभिन्न जगहों पर छापामारी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चास के राणा प्रताप नगर निवासी महेश नागिया के आवास व बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग के विभिन्न सेक्शन में ईडी ने दबिश दी और कागजों को खंगाला।

वन भूमि एवं रैयती भूमि के पाटन के बीच अवैध को वैधता का रूप देकर पैसा बनाने के मुद्दे पर विभिन्न निकायों के कई अफसरों व जमीन व्यवसायियों की गर्दन फंसती नजर आ रही है। आधिकारिक तौर पर कोई सूचना नहीं दी जा रही है। पर ईडी द्वारा दुबारा बोकारो में छापामारी किया जाना- कई स्पष्ट संकेत दे रहा है।

# पानी के लिए बिलबिला रहा पाकिस्तान

## चिनाब नदी का जल प्रवाह रोके जाने के बाद इस्लामाबाद में पानी की भारी किल्लत

एजेंसी

▶▶ चिनाब का जलस्तर 35,000 से घटकर 3, 100 क्यूसेक हुआ,11 गुना से अधिक कमी

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोके जाने के बाद नदी का जलस्तर कई गुना कम हो गया है, जिससे इस्लामाबाद में पानी की काफी किल्लत हो गयी है। पाकिस्तान ने भारत पर पहलगाम आतंकी हमले के बाद जल युद्ध में शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत ने सोमवार को इस्लामाबाद को सूचित किए बिना जम्मू के बगलिहार और सलाल पनबिजली बांधों के माध्यम से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोक दिया, जिससे पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहा देश दहशत में आ गया। डॉन ने पाकिस्तानी अधिकारियों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान में पंजाब के सियालकोट स्थित मारला हेडवर्क्स में दर्ज चिनाब का जलस्तर रविवार को 35,000 क्यूसेक से घटकर सोमवार सुबह लगभग 3,100 क्यूसेक हो गया, जो 11 गुना से अधिक की कमी दर्शाता है। पंजाब सिंचाई विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की और कहा कि रविवार को निर्णय लेने के बाद उन्होंने (भारतीय अधिकारियों ने) चिनाब नदी के बहाव को पाकिस्तान की ओर लगभग रोक दिया है।

अधिकारी ने खेद जताते हुए कहा कि वर्तमान में वे चिनाब बेसिन में अपने बांधों/जलविद्युत परियोजनाओं को भरने के लिए हमारे पानी का उपयोग कर रहे हैं। वे ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि यह सिंधु जल संधि का गंभीर उल्लंघन है। पाकिस्तान चिनाब बेसिन में भारत के तीन जलविद्युत बांधों (बगलिहार, सलाल और पाकल बांध) द्वारा भविष्य में किसी भी संभावित प्रवाह को लेकर चिंतित है, क्योंकि वे अचानक बाढ़ का कारण बन सकते हैं और स्थानीय आबादी को खतरे में डाल सकते हैं। अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सलाल बांध से मारला बैराज (पाकिस्तान में) 76 किमी दूर स्थित है। प्रवाह में भारी कमी का मुख्य कारण इन बांधों का भरना है, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 1.2 मिलियन एकड़ फुट से अधिक है और अगर भारत अपने बांधों को भरता रहा और पानी छोड़ना बंद कर दिया, तो वह हमें चार से पांच दिनों तक पानी के बिना रहने पर मजबूर कर सकता है। जल अधिकारी ने बताया कि मारला की क्षमता 1.1 मिलियन क्यूसेक है, जबकि चिनाब बेसिन में भारत के बांधों की कुल भंडारण क्षमता 1.3 मिलियन एकड़ फुट से अधिक है। हालांकि, जम्मू-तवी और मुनव्वर-तवी वितरिकाओं से नदी में पाकिस्तान को पानी के प्रवाह पर उनका नियंत्रण नहीं है। इस बीच भारत ने दो पनबिजली परियोजनाओं में अपनी जलाशय धारण क्षमता को बढ़ाने के लिए काम शुरू कर दिया है। इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप आरंभ में तलछट युक्त पानी जलाशयों से नीचे की ओर छोड़ा जाता है, जिससे संभावित रूप से अचानक जलप्लावन हो सकता है, तथा इसके बाद जलाशयों के पुनः भरने पर पानी का प्रवाह कम हो जाता है। इस प्रक्रिया से पाकिस्तान को तत्काल कोई खतरा नहीं है, लेकिन अतिरिक्त भारतीय बांधों की इस तरह की गतिविधियों से भविष्य में उसकी जलविद्युत और सिंचाई में भारी बाधा उत्पन्न हो सकती है।



## भारत से शांति वार्ता करने के लिए तैयार हैं : बिलावल



**इस्लामबाद।** मंगलवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कहा कि यदि भारत शांति के मार्ग पर चलना चाहता है, तो उन्हें खुले हाथों से आना चाहिए, न कि मुट्ठियों को बंद करके। उन्हें तथ्यों के साथ आना चाहिए, न कि मनगढ़ंत बातों के साथ। आइए हम पड़ोसी की तरह बैठें और सच बोलें। पाकिस्तान को डर है कि भारत की सेना कभी भी उसपर हमला कर सकती है। युद्ध की आहट के बीच बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ शांति वार्ता करने के लिए तैयार है। उन्होंने कुछ दिन पहले की अपनी उस टिप्पणी को वापस ले लिया जिसमें उन्होंने सिंधु जल संधि के निलंबन पर खून की नदियां बहने की धमकी दी थी। बिलावल भुट्टो के खून वाले बयान पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि यह सिर्फ भड़काऊ बयानबाजी है। अगर खून बहेगा, तो यह संभवतः हमारी तुलना में उनकी तरफ ज्यादा बहेगा।

## स्पीड न्यूज

### कटिहार में सड़क हादसा, 8 बाराती मरे

**कटिहार।** कटिहार जिले के कुरसेला थाना क्षेत्र के चांदपुर हनुमान मंदिर के पास सोमवार देर रात एक स्कॉर्पियो मक्का लदी ट्रैक्टर से टकरा गई, जिसमें आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान टुनटुन कुमार, ज्योतिष कुमार, प्रिंस कुमार, अजय कुमार, सिक्कू कुमार और तीन अन्य युवकों के रूप में हुई है। ये सभी बाराती रुपौली थाना क्षेत्र के ढिबरा गांव से पूर्णिया जिले के कोसकीपुर विपिन सिंह के घर जा रही थी।

### 99 प्रतिशत गांवों में पहुंचा 5 जीः सिंधिया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि केवल 22 महीनों में 99 प्रतिशत गांवों को 5जी से जोड़ दिया गया और 82 प्रतिशत आबादी को नेटवर्क पर लाया गया है। सिंधिया ने भारत टेलीकॉम का उद्घाटन करते हुए कहा कि 470,000 टावर लगाए हैं और यह विकास नहीं बल्कि एक दूरसंचार क्रांति है। पूरे भारत में जो डिजिटल हाईवे बनाया गया है।

### पुंछ : खाई में गिरी बस सैनिक समेत चार मरे

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को एक निजी बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक सैनिक समेत चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि 44 अन्य घायल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बस घनी गांव से मेंढर जा रही थी तभी सुबह करीब 9 .20 बजे चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई।

### एलओसी के पास से घुसपैठिया गिरफ्तार

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास से मंगलवार को एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठिए की उम्र 20 साल के आसपास है। नियंत्रण रेखा पार कर इस तरफ घुसने के तुरंत बाद सेना के जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए घुसपैठिए को पूछताछ के लिए ले जाया गया है।

### अडाणी समूह मिर्जापुर में लगाएगा पॉवर प्लांट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अडाणी समूह को 1600 मेगावाट की नई तापीय परियोजना लगाने की अनुमति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रतिस्पर्धात्मक न्यूनतम बिडिंग के आधार पर अडाणी समूह को मिजार्पुर में 1600 मेगावाट का तापीय संयंत्र लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। नयी परियोजना 2030-31 तक अमल में आने के आसार है। सरकार ने 1600 मेगावाट क्षमता की इस तापीय परियोजना से कुल 1500 मेगावॉट ऊर्जा बिड प्रॉसेस के माध्यम से 25 वर्षों तक खरीदने का निर्णय लिया है।

### चिन्मय दास चार और मामलों में गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेशी हिंदू भिक्षु एवं इस्कॉन के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी, जो में जेल में हैं, को मंगलवार को चटगांव की एक अदालत की ओर से चार और मामलों में गिरफ्तार दिखाया गया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि वह जेल में ही रहेंगे। श्री ब्रह्मचारी को नवंबर में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह जेल में हैं। उनके समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शन किया था, जिसमें एक वकील की मौत हो गई थी।

### वज्रपात से बिहार में पांच लोगों की मौत

**पटना।** बेमौसम की बारिश के दौरान वज्रपात से बिहार में हर दिन मौत हो रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान ही वज्रपात से पटना जिले में तीन, गया में एक और अरवल में एक व्यक्ति की मौत हुई है। पांच लोगों के मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# यूएनएससी में पाक को ही लगी फटकार

## सदस्यों ने आतंकी संगठनों को प्रश्रय देने को लेकर भी पूछे सवाल

एजेंसी

▶▶ पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या के दोषियों के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई करना बेहद जरूरी

**नयी दिल्ली।** अस्थाई सदस्य होने के नाते पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बंद कमरे में बैठक बुला तो ली लेकिन इसका नतीजा कुछ ऐसा नहीं हुआ जैसा पाकिस्तान की सरकार चाहती थी। असलियत में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान के प्रतिनिधि से ही कुछ तीखे सवाल किये गये। चीन को छोड़ कर यूएनएससी के स्थाई अन्य चारों सदस्यों (अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस) ने यहीं कहा कि आतंकवाद का मुद्दा बहुत ही गंभीर है। इस संदर्भ में आतंकी संगठनों को प्रश्रय देने को लेकर भी पाकिस्तान से सवाल पूछे गये। बैठक के बाद यूएनएससी ने दोनों पक्षों को आपस में बातचीत कर मौजूदा तनाव दूर करने का सुझाव दिया। हालांकि, बैठक के बाद पाकिस्तान के आसीम इख्तियार अहमद ने भारत के खिलाफ खूब भड़ास निकाली है। कूटनीतिक सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान ने बैठक में भारत के साथ अभी जो तनावपूर्ण स्थिति है उसके लिए पूरी तरह से भारत को जिम्मेदार ठहराया। यह भी बताया गया कि भारत इस घटना की आड़ में युद्ध भड़काने की तैयारी में है। इस तर्क को कई स्थाई व अस्थाई सदस्यों ने स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। कुछ सदस्यों ने यह भी कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या के दोषियों को जिम्मेदार ठहराना और उन पर न्यायोचित कार्रवाई करना बेहद जरूरी है। कुछ सदस्यों ने पहलगाम में धार्मिक पहचान के आधार पर हत्या करने पर अपना रोष जताया। पाकिस्तान ने जिस तरह से लगातार मिसाइल परीक्षण कर रहा है, इस बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया। कश्मीर का नाम बार बार पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने लिया, जिस पर कुछ सदस्यों ने टिप्पणी की कि यह दोनों देशों के बीच का मामला है और इन्हें आपसी विमर्श से ही सुलझाना चाहिए।

### विश्व का ध्यान भटकाना चाह रहा है पाकिस्तान

सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान की कोशिश यह थी कि वह भारत के साथ बढ़ते सैन्य तनाव के मुद्दे पर वैश्विक समर्थन हासिल करे। ऐसा करके पहलगाम हमले को लेकर उस पर जो आरोप लग रहे हैं, उससे वह दुनिया का ध्यान भटका सकता है। पाकिस्तान इस तरह की कोशिश आगे भी जारी रखेगा, क्योंकि बतौर अस्थाई सदस्य उसके पास कुछ अधिकार हैं। खास तौर पर जुलाई, 2025 में पाकिस्तान यूएनएससी का एक महीने के लिए अध्यक्ष होगा। उस महीने भी वह कश्मीर मुद्दे पर विशेष बैठक बुलाने की कोशिश कर सकता है।

### सिंधु का पानी अब देश के काम आएगाः मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले पर दो टूक कहा कि देश का पानी अब भारत के हक में बहेगा, भारत के हक में रुकेगा और भारत के ही काम आएगा। पानी के मुद्दे पर पिछली सरकारों पर हमला करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यों के बीच नदियों के जल को दशकों तक विवाद का मुद्दा बनाये रखा गया।

वर्तमान सरकार नदियों को जोड़ने की महत्वकांक्षी योजनाओं से इसका समाधान तलाश रही है। इस संदर्भ में उन्होंने केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना का ज़िक्र करते हुए कहा कि इनसे लाखों किसानों को लाभ पहुंचेगा और सिंचाई की दिक्कत दूर होगी।

# पहला मानवरहित गगनयान मिशन इस साल के अंत तक भरेगा उड़ान

## मानवयुक्त मिशन 2027 की शुरूआत में होगा लांच : जितेंद्र सिंह

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भारत का महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम गगनयान इस साल के अंत तक पहली उड़ान भरेगा। पहली उड़ान मानवरहित होगी। इसके बाद मानवयुक्त मिशन 2027 की शुरूआत में लॉन्च किया जाएगा। पूरे मिशन पर सरकार 10 हजार करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। केंद्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अंतरिक्ष मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में मंगलवार को अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े आगामी कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 एक दृष्टि से ऐतिहासिक होगा। इसमें भारत अंतरिक्ष और गहरे समुद्र दोनों दिशाओं में खोज करेगा। डॉ. सिंह ने रॉकेट पहल के लिए अंतरिक्ष विभाग के नए मॉडल और पीएम गति शक्ति, स्वामित्व, स्मार्ट सिटीज और अमृत जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अंतरिक्ष और ड्रोन प्रौद्योगिकियों के बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डाला। इन तकनीकों को रेलवे, स्वास्थ्य सेवा और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी एकीकृत किया जा रहा है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने मिशन के बारे में कहा कि यह इसरो का नहीं बल्कि राष्ट्र का कार्यक्रम है। गगनयान मिशन में जाने वाले चार अंतरिक्षयात्रियों का चयन किया जा चुका है। वे ट्रेनिंग ले रहे हैं। चुने गए अंतरिक्ष यात्री हैं- ग्रुप कैप्टन पीबी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और ग्रुप कैप्टन एस शुक्ला। नारायणन ने कहा कि तीन दिवसीय मानवसहित गगनयान मिशन में वैज्ञानिकों द्वारा तैयार खास किस्म के चावल और मूंग की दाल के साथ फलों में आम दिए जाएंगे।

# इस साल के अंत तक चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

▶▶ जापान को पछाड़ देश की जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर होगी : आइएमएफ

**नयी दिल्ली।** भारत 2025 के अंत तक दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उस समय देश की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4.187 ट्रिलियन डालर हो जाएगी और यह जापान की जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिध्श्य से जुड़ी रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है और वह अगले दो सालों में छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने वाला एकमात्र देश होगा। दूसरी ओर, जापान को वैश्विक व्यापार में कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है, जिसके चलते उसकी आर्थिक वृद्धि 2025 और 2026 में 0.6 प्रतिशत पर स्थिर रहेगी। विकास की ऊंची दर से भारत की जीडीपी 2028 में बढ़कर 5.584 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी ।

### नकद खर्च में बिहार पहली बार शीर्ष तीन में

**नयी दिल्ली।** बढ़ती आय और बदलते उपभोक्ता व्यवहार के बीच भारत में नकद आधारित खर्च के नए ट्रेंड सामने आए हैं, जिससे उपभोक्ता अब कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एफएमसीजी जैसे क्षेत्र पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं वहीं बिहार ने पहली बार नकद खर्च करने के मामले में शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है। सीएमएस इंफो सिस्टम्स की मंगलवार को जारी कंजम्पशन रिपोर्ट 2025 के अनुसार, उपभोक्ता अब कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एफएमसीजी जैसे सेक्टर्स पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वहीं, बिहार ने पहली बार नकद खर्च में शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है।

# नये पोप के चयन की प्रक्रिया आज से

▶▶ 132 कार्डिनल इलेक्टर्स सहित 170 कार्डिनल्स पहुंचे वेटिकन

▶▶ भारत, पोलैंड व पुर्तगाल में चार-चार कार्डिनल हैं



एजेंसी

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के चयन के लिए यहां हलचल बढ़ गई है। नए पोप के चयन की प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। इस कान्क्लेव में हिस्सा लेने के लिए 132 कार्डिनल इलेक्टर्स सहित 170 कार्डिनल्स पहुंच चुके हैं। दुनियाभर के 140 करोड़ कैथोलिक के नए पोप का चुनाव भौगोलिक विविधता के लिहाज से इस बार ऐतिहासिक होगा। नए पोप के चुनाव के लिए बुधवार से कान्क्लेव शुरू होगी। हालांकि ऐसा कोई बाध्यता नहीं है कि कार्डिनल राष्ट्रीयता अथवा क्षेत्र के लिहाज से मतदान करें, लेकिन भौगोलिक लिहाज से उनके दृष्टिकोण को समझने से उनकी प्राथमिकताएं पता चलती हैं। फिलहाल 71 देशों में 80 वर्ष से कम उम्र के 135 कार्डिनल हैं। इनमें से दो ने स्वास्थ्य कारणों के से मतदान में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। बहुमत के लिए दो-तिहाई यानी 89 मत की जरूरत होगी। इटली में सर्वाधिक 17 कार्डिनल हैं। इसके बाद अमेरिका (10), ब्राजील (7), फ्रांस और स्पेन (5), अर्जेंटीना, कनाडा, भारत, पोलैंड और पुर्तगाल में चार-चार कार्डिनल हैं। वेटिकन के आंकड़ों के अनुसार, यूरोप के 53 कार्डिनल हैं और एक के बीमार होने से मतदान में 52 हिस्सा लेंगे। इसके बाद एशिया से 23, अफ्रीका के 18 में एक की खराब तबीयत के बाद 17, दक्षिण अमेरिका के 17, उत्तरी अमेरिका के 16, मध्य अमेरिका के चार और ओसियनिया के चार कार्डिनल हैं।

ऑपरेशन अभ्यास
(केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार)
आपातकालीन तैयारी का अभ्यास
सायरन अलर्ट को समझें
(हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का मतलब जानें। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता आपको इसका प्रशिक्षण देंगे)
हवाई हमले से बचाव के तरीके सीखें
(नागरिकों और छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र होंगे। हमले से बचाव के तरीके सीखें)
क्रैश ब्लैकआउट प्रक्रिया का पालन करें
(शहर की बिजली एक साथ बंद हो सकती है ताकि हवाई हमले से बचा जा सके। घबराएं नहीं, यह सुरक्षा के लिए है)
निकासी योजना में सहयोग दें
(आपातकाल में सुरक्षित निकासी के लिए मॉक ड्रिल में हिस्सा लें)
यह अभ्यास झारखण्ड के केवल 5 जिले रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, साहेबगंज और गोड्डा में होगा
ब्लैकआउट के दौरान वैकल्पिक बिजली व्यवस्था, जैसे जनरेटर, इन्वर्टर या टॉर्च आदि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए
ब्लैकआउट के दौरान सभी खिड़कियों को मोटे पर्दे से ढक देना चाहिए
लोगों को मॉक ड्रिल के दौरान अधिकारियों के साथ सहयोग करना चाहिए
जिला प्रशासन आपातकालीन निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ सड़कों को सार्वजनिक उपयोग के लिए बंद कर सकता है
आम जनता से अनुरोध है कि शाम 4 से 7 बजे घरों की बिजली ना जलाएं और गाड़ियों के हेडलाइट बंद रखें
7 मई 2025 को शाम 4 बजे से होने वाले नागरिक सुरक्षा
मॉक ड्रिल में भाग लें
जागरूक रहें, सुरक्षित रहें!
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 351811 (IPRD) 25-26